जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 15 अप्रेल, 2023



## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# खतरनाक है एंटीबायोटिक दवाओं का बेजा इस्तेमाल

आजकल एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल ज्यादा बढ़ रहा है। कोरोना के बाद यह दवा घर घर में मिल जाएगी। एंटीबायोटिक मूलतः एक ग्रीक शब्द है, जो एंटी और बायोस की संधि से बना है। इसमें एंटी का मतलब होता है विरोध और बायोस का अर्थ है जीवाणु यानी बैक्टीरिया। अतः एंटीबायोटिक का मतलब हुआ बैक्टीरिया का विरोध करने वाला। एंटीबायोटिक जीवाणुओं के विकास को रोक देती है और बैक्टीरिया के संक्रमण को रोककर उपचार संभव बनाती है। एंटीबायोटिक सूक्ष्म जीवों से होने वाले संक्रमण से शरीर की रक्षा करती है।

असल में एंटीबायोटिक दवाइयां हमारे देश में लगभग हर मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली आम दवाओं में से एक हैं। हालाँकि यह दवा डॉक्टरी पर्चे पर दी जानी चाहिए मगर देखा गया है दुकानदार इसे बिना समुचित पर्ची के लोगों को दे देते है। हमारे देश में लोग मामूली बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे केमिस्ट से दवाई ले लेते हैं। कुछ लोग कई दवाओं के बारे में जानते हैं कि ये किस बीमारी को ठीक करती है और उसी हिसाब से दवाई ले लेते हैं। लेकिन उन्हें इन दवाइयों के साइड इफेक्ट के बारे में पता नहीं होता। बिना डॉक्टर की सलाह के ये दवाइयां जरूरत से ज्यादा लेने के बाद ये शरीर में रेसिस्टेंस यानी प्रतिरोध पैदा कर लेती हैं। इसके बाद इनका कोई असर नहीं होता।

रोजाना की दौड़ती-भागती जिंदगी में लोग सरदर्द, पेटदर्द, सर्दी, खांसी या बुखार होने पर एंटीबायोटिक दवा ले लेते हैं। बहुत से लोग बिना किसी डॉक्टर की सलाह के भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। यह सेहत के लिए नुकसानदायक है। एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य को हानि पहुंचता है इसकी एक भयावह जानकारी हमारे सामने आयी है। इस रिसर्च में बताया गया है कि सबसे ज्यादा एजिथ्रोमाइसिन दवा का उपयोग किया गया। ये 500 एमजी की एक टैबलेट होती है। जो एंटीबायोटिक का काम करती है। देश में करीब 8 प्रतिशत लोगों ने इस दवा का सेवन किया था। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एंटीबायोटिक का सेवन हर दशक में 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

दुनिया में भारत एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रति बढ़ती चिंता पर हेल्थ विशेषज्ञों का कहना है, अधिकांश भारतीय सोचते हैं कि एंटीबायोटिक दवाएं सामान्य सर्दी और गैस्ट्रोएन्टेरिटिस जैसी बीमारियों का इलाज कर सकती हैं जबकि यह गलत धारणा है।

एंटीबायोटिक्स का सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली दवा बनकर सामने आयी है। इसकी मुख्य वजह यह माना जाता है कि मरीज को तुरंत राहत के लिए डॉक्टर ऐसा कर रहें हैं। ऐसी दवाएं दुकानों से आसानी से उपलब्ध हो जाती है और लोग इन्हें खरीद कर रख लेते हैं। विशेषकर कोरोना के दौरान इन दवाओं का बिना दोचे समझे बेहताशा प्रयोग बढ़ा। इन दवाओं से शरीर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस हो सकता है, यानी दवाओं का अधिक सेवन होने से ये बाद में असर करना भी बंद कर सकती है।

**एंटीबायोटिक का सेवन करने के बाद शरीर को काफी नुकसान होता है। लगातार इस्तेमाल से टीबी जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसी के मद्देनजर अब दुनिया भर में एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल और सेवन के खिलाफ मुहिम छेड़ी गई है। डॉक्टर बताते हैं कि अधिक मात्रा या बिना वजह एंटीबायोटिक दवाओं को लेने से ये दवाएं शरीर के फायदेमंद बैक्टीरिया को भी खत्म कर देती हैं। इससे स्किन पर कई प्रकार के फंगल इंफेक्शन हो जाता है।**

एंटीबायोटिक का सेवन करने के बाद शरीर को काफी नुकसान होता है। लगातार इस्तेमाल से टीबी जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसी के मद्देनजर अब दुनिया भर में एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल और सेवन के खिलाफ मुहिम छेड़ी गई है। डॉक्टर बताते हैं कि अधिक मात्रा या बिना वजह एंटीबायोटिक दवाओं को लेने से ये दवाएं शरीर के फायदेमंद बैक्टीरिया को भी खत्म कर देती हैं। इससे स्किन पर कई प्रकार के फंगल इंफेक्शन हो जाता है। कई मामलों में चेहरे पर एलर्जी और दाने निकलने की सम्स्या भी देखी जाती है।

डब्लूएचओ के मुताबिक बिना जरूरत के एंटीबायोटिक दवा लेने से एंटीबायोटिक प्रतिरोध में वृद्धि होती है जो वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध संक्रमण से मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने, इलाज के लिए अधिक राशि और बीमारी गंभीर होने पर मरीज की मौत भी हो सकती है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध किसी भी उम्र के किसी भी देश में किसी को भी प्रभावित कर सकता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन मनुष्यों और जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग इस प्रक्रिया को तेज कर रहा है। निमोनिया, तपेदिक, सूजाक, और साल्मोनेलोसिस जैसे संक्रमणों की बढ़ती संख्या का इलाज करना कठिन होता जा रहा है क्योंकि उनके इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाती हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ता है, उच्च चिकित्सा लागत और मृत्यु दर में वृद्धि होती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक एंटीबायोटिक्स बाजार का आकार 2020 में 40.7 बिलियन अमरीकी डॉलर आंका गया था और 2021 से 2028 तक 4.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है। संक्रामक रोगों का बढ़ता प्रसार और सहायक सरकारी कानून इसके प्रमुख चालक हैं बाजार। इसके अलावा, एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग के कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध संक्रमण में वृद्धि से बैक्टीरिया के संक्रमण के इलाज के लिए नुस्खे के पैटर्न को नए उपचारों में स्थानांतरित करने की उम्मीद है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र अनुसार, अमेरिका में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों की घटना 2.8 मिलियन से अधिक है। विकसित देशों में एंटरोबैक्टीरियासी, पी. एरुगिनोसा, और के. न्यूमोनिया जैसे रोगजनकों की उच्च प्रतिरोध दर औसतन 40 प्रतिशत है। भारत में कोरोना काल के दौरान और उससे पहले भारत में एजिथ्रोमाइसिन जैसी एंटीबायोटिक का जरूरत से अधिक इस्तेमाल किया गया। यह दावा द लैंसेट पत्रिका की दक्षिणपूर्व एशिया में में छपी रिपोर्ट में हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इनमें से अधिकतर दवाओं को तो सेंट्रल ड्रग रेगुलेटर से मंजूरी भी नहीं दी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों ने एजिथ्रोमाइसिन 500 एमजी टैबलेट और इफिक्सिम 200 एमजी टैबलेट खूब खाईं। कोविड-19 नेशनल टास्क फोर्स ने कोरोना से संक्रमित मरीजों के लिए नई गाइडलाइंस जारी कर दी है। उसमें उन दवाओं के प्रयोग की सलाह नहीं दी गई है। जिन दवाओं का पहले कोरोना महामारी में इस्तेमाल किया गया था।

सरकार ने एंटीबायोटिक दवाओं के बारे में कहा है कि बिना जांच के इन दवाओं का इस्तेमाल न करें।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 15 अप्रैल, 2023



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र प्रातः 7:35 तक, साध्य योग प्रातः 6:31 तक, वणिज करण प्रातः 10:00 तक, चन्द्रमा सांय 6:43 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा दिन 10:00 से रात्रि 20:45 तक रहेगी। पंचक सांय 6:43 से आरम्भ होंगे। आज वैशाखादि (बंगाल), माघ बिहु (आसाम) है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:41 से 9:16 तक, चर 12:27 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:12 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:47

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
परिवार के कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यक्तिगत पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**मीन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# भाषा और मनुष्य के मस्तिष्क का अंतरंग संबंध होता है



डॉ. रामावतार शर्मा

भाषा मात्र जीभ के घुमाव से प्रकट हुई ध्वनियों की श्रृंखला नहीं है। भाषा मस्तिष्क की एक सजीव क्रिया है जो मस्तिष्क के कई अंशों को संरचनात्मक तौर पर प्रभावित करती है यानि उनके निर्माण में सहायक होती है। भाषा और संवाद जीवन के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितना भोजन और पानी क्योंकि भाषा के द्वारा ही हम विश्व के संपर्क में रहते हैं, जीवन में नाते रिश्ते बनाते हैं, कला और रचनात्मकता का विकास होता है, सूचनाओं तथा ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं। भाषाओं को लेकर जो राजनीतिक और धार्मिक विवाद हम देखते हैं वह निरर्थक और स्वार्थ प्रेरित होता है क्योंकि यदि आपको अपने मस्तिष्क को विकसित करना है, लोगों से भावनात्मक रूप से जुडना है तो अपनी क्षमता और समयानुसार जितनी हो सके उतनी भाषाएं सीख लेनी चाहिएं।

हमारे मस्तिष्क का एक हिस्सा होता है जिसे ब्रोका का हिस्सा कहा जाता है। डॉक्टर ब्रोका ने इसे ढूंढ कर बताया कि मस्तिष्क के इस हिस्से में उन क्रियाओं का प्रसंकरण (प्रोसेसिंग) होता है जिनके द्वारा हम शब्दों और वाक्यों का उच्चारण करते हैं। इसी तरह से वॉर्निक क्षेत्र होता है जो भाषा के गूढ वाचन (डीकोडिंग) का कार्य करता है। इस तरह से हम देखते हैं कि भाषा का सीखना, समझना, रचनात्मक उपयोग करना एक जटिल और लगातार विकसित होने वाला गुण है जो आपके व्यक्तित्व के साथ आपके मस्तिष्क को भी विकसित करता है। भाषा ज्ञान एक बेशकीमती रत्न है जिसको धर्म, संस्कृति, जाति, देश या प्रदेश से जोड़ना ओछे विचार से अधिक कुछ नहीं है। लगातार हो रहे वैज्ञानिक अध्ययन भी बता रहे हैं आप जितनी तरह के विभिन्न भाषाओं के शब्द, वाक्य या स्वयं भाषा सीखते हो आपका मस्तिष्क उसी के अनुरूप विकसित होता है, उसमें तंतुओं की नवरचना होती है।

आधुनिक अध्ययन बताते हैं कि विभिन्न देशीय या स्थानीय भाषा बोलने वाले लोगों के मस्तिष्क के विभिन्न स्थानों पर परिवर्तन होते हैं। एक व्यापक अनुसंधान किया गया जहां पर जर्मन और अरबी मातृभाषा बोलने वाले लोगों के मस्तिष्क का एम आर आई द्वारा गहन अध्ययन किया गया। इसमें भाषाओं के बारे में कुछ उपयोगी बातें ध्यान में रखी गई थी। भाषा मुख्यतया बाएं मस्तिष्क द्वारा नियंत्रित होती है। भाषा एक तो अर्थ प्रधान (सेमांटिक) होती है और दूसरे वाक्य विन्यास प्रधान (सिंटैक्स) होती है। अर्थ प्रधान में शब्दों का मतलब क्या होगा इसकी प्रधानता होती है जबकि वाक्य विन्यास में व्याकरण का उपयोग होता है जहां पर वाक्य रचना प्रमुख होती है। भाषा का तीसरा पक्ष फोनोलॉजी (ध्वनि विज्ञान) होता है जिसमें भाषा को कैसे बोला जाता है और उस बोलने के तरीके से शब्दों के अर्थ निकलते हैं।

अर्थ प्रधान और वाक्य विन्यास मुख्य रूप से बाएं मस्तिष्क और ध्वनि तथा स्वरोचारण या तो दाएं या फिर दाएं तथा बाएं दोनों मस्तिष्क गोलार्ध (हेमी स्फीयर) द्वारा एक साथ प्रसंकरित यानि प्रोसेस होते हैं। धरती पर कोई 7000 तरह की भाषाएं बोली जाती हैं जिनमें उपरोक्त मस्तिष्क क्षेत्र प्राथमिक भूमिका निभाते हैं। परंतु बात सिर्फ यहीं समाप्त नहीं होती है।

कई विशिष्ट भाषाओं में लिखने के तरीके, बोलने के अंदाज, शब्दों की आवाज, वाक्यों की संरचना आदि के कारण मस्तिष्क में कई सूक्ष्म परिवर्तन होते हैं। भाषा सीखने और बोलने के प्रयासों की प्रक्रिया में तंत्रिका तंत्र (नर्व सिस्टम) नव निर्माण होने लगता है यानि मस्तिष्क के कुछ विशिष्ट भागों का आकार बढ़ जाता है जिसके फलस्वरूप कई तरह की बीमारियों के होने की संभावनाएं कम हो जाती है जिनमें अल्जाइमर, पार्किंसन, मनोभ्रंश (डिमेंशिया) आदि शामिल हैं।

उपरोक्त उम्र के हिसाब से प्रकट होने वाली बीमारियां मस्तिष्क की कोशिकाओं की शक्ति में कमी होने से होती है। भाषा के शब्दों की विविधता, लिखने की शैली और बोलने के अभ्यास से इन कोशिकाओं की शक्ति बनी रहती है। उदाहरण के तौर पर अंग्रेजी भाषा में नीले स्पेक्ट्रम के रंगों का एक ही नाम होता है परंतु रशियन भाषा में हल्के और गहरे नीले रंगों के अलग-अलग नाम होते हैं। पाया गया है कि बचपन ने हर बच्चे को देशीय यानि नेटिव भाषा का अच्छा ज्ञान करवाना चाहिए और आगे चलकर अन्य भाषाओं में भी दक्षता की कोशिश होनी चाहिए ताकि मस्तिष्क का बेहतर विकास हो सके। इसी तरह चीनी और अंग्रेजी में सफेद और भूरे रंग के विभिन्न गहरेपन को अलग-अलग तरीके से उच्चारित किया जाता है। इस तरह की विभिन्न भाषाएं यदि सीखी जाएं तो मस्तिष्क सदैव उत्साहित रहता है।

इसका एक बेहतरीन उदाहरण जर्मन और अरबी भाषा हो सकते हैं। अरबी को दाएं से बाएं लिखा जाता है जबकि जर्मन को बाएं से दाएं लिखा जाता है। अरब यहूदी उत्पति की भाषा है जबकि जर्मन इंडो जर्मन भाषा है। जर्मन एक जटिल व्याकरण आधारित भाषा है जबकि अरबी मुख्यतया उच्चारण आधारित होती है। अरबी शब्द छोटे स्वरों (वॉवेल) को छोड़ देते हैं जबकि जर्मन में उनका बेहतरीन उपयोग होता है। अरबी में शब्द किस संदर्भ में बोला गया है उस पर उसका मतलब और उच्चारण निर्भर करता है। इस तरह से एम आर आई में पाया गया कि दोनों भाषाएं मस्तिष्क को अलग तरीके से विकसित करती हैं और यदि कोई व्यक्ति इन दोनों भाषाओं का जानकार है तो उसका मानसिक स्वास्थ्य अन्य लोगों से बेहतर होता है।

हम लोग अकसर भाषा के पक्ष या विरोध में आंदोलन होते देखते हैं। सत्ता पर आसीन या उस आसन तक पहुंचने को प्रयासरत लोग कभी नहीं चाहेंगे कि जनता का बहुमत गहन विश्लेषण करने में सक्षम हो। सत्ता के नियंत्रक सदैव ही जागरूक और शिक्षित लोगों के प्रति हेय भाव रखे हुए होते हैं। उनकी नजर में बुद्धिजीवी व्यक्ति समाज का कंटक होता है और राष्ट्रप्रेम से खाली होता है। भाषाएं चूंकि बुद्धि विकास करती हैं तो लोगों को एक ही भाषा तक सीमित रखना सत्ता नियंत्रकों के लिए हितकारी होता है। चीन, सऊदी अरब, ईरान और रूस जैसे देश अपने लोगों को अपनी भाषा तक सीमित रहने को प्रेरित करते हैं। फ्रांस में फ्रेंच और स्पेन में स्पेनिश के अलावा दूसरी भाषा जैसे इंग्लिश बोलने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है।

वैज्ञानिक नजरिए से देखा जाय तो स्थानीय भाषा का वृहद ज्ञान होना चाहिए। ऐसा करना मानसिक क्षमता को बढ़ाता है परंतु यहां व्यक्ति को अपनी शब्दावली का विस्तृत ज्ञान होना चाहिए। यदि हम हिंदी की बात करें तो पाएंगे कि भारत के हिंदी भाषी बहुमत की शब्दावली बहुत सीमित है। जिस भाषा में 150,000 शब्द शामिल है वहां लोग 200-400 शब्दों के अलावा अन्य शब्दों का ना तो अर्थ जानते हैं और न ही शब्दावली बढ़ाने को उत्सुक हैं। ऐसे में भाषा से विकसित होने वाले मस्तिष्क के क्षेत्र हीन पड जाते हैं। मातृभाषा सीखने की ललक बुद्धि को विकसित करती है यह सर्वविदित तथ्य है परंतु हर विकासोन्मुख व्यक्ति को दो या अधिक भाषाओं को सीखने का प्रयास करना चाहिए। बाएं से दाएं लिखी जानेवाली हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दाएं से बाएं लिखी जाने वाली अरबी, उर्दू या हिब्रू एक अच्छा मिश्रण हो सकता है। इसके अलावा विविधता वाले देश भारत में तमिल, मलयालम, तेलगु या मराठी या बंगला भाषा को सीखना बुद्धि विकास के लिए बेहतर हो सकता है। परंतु सिर्फ भाषा सीखने से काम चलने वाला नहीं है, उस भाषा के साहित्य से भी कुछ संबंध होना चाहिए। राजनीतिक नारेबाजी में सामान्य नागरिक को कुछ नही मिलने वाला है। ज्ञान और जानकारी ही मनुष्य को दरिद्रता से बाहर निकालने में सक्षम हैं और इसमें धन और बुद्धि दोनों की दरिद्रता शामिल हैं।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

# विश्वकर्मा मातृशक्ति सम्मान समारोह में 30 महिलाएं सम्मानित



**विश्वकर्मा मातृशक्ति सम्मान समारोह में प्रतिभायें सम्मानित हुई।**

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। शुक्रवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेशसभा भवन में जांगिड़ समाज के महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के तत्वावधान में विश्वकर्मा मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में सामाजिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार की अध्यक्षा अर्चना शर्मा के द्वारा जांगिड़ समाज की लगभग 30 प्रतिभावान महिलाएं को स्मृति चिन्ह देकर व शाल औढ़ाकर सम्मान किया गया। जांगिड़ समाज की ये महिलाएं अपनी प्रतिभा का लोहा देश और विदेश में मना रही है। समाज की महिला शक्ति को आगे लाने के लिए निरंतर प्रयास भी कर रही है। जिन महिलाओं का सम्मान किया गया है वो महिलाएं वर्तमान में उद्योगपति, आरएएस, डॉक्टर, आरपीएस, इंजीनियर, वैज्ञानिक, समाजसेवी, लेखिका सहीत अन्य पदों को सुशोभित कर रही है वही समाज के उत्थान में उत्कृष्ट कार्य भी कर रही है। कार्यक्रम के दौरान समाज की अनेक मातृशक्ति उपस्थित थी।

# पैंथर ने बाड़े में बंधी बकरियों का शिकार किया

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति के ग्राम पंचायत पांछूडाला के गांव सुन्दराला में पैंथर के खौफ से ग्रामीणों की नींद उड़ी हुई है। यहां पिछले पंद्रह दिनों से एक पैंथर आबादी क्षेत्र में आकर पालतू पशुओं का शिकार कर रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

ग्राम पंचायत पांछूडाला के गांव सुन्दराला में शुक्रवार को पैंथर ने 13 फीट ऊंची दीवार को फांदकर बांड़े में बंधी बकरियों को शिकार बना डाला। वहीं वन विभाग कि लापरवाही के कारण ग्रामीणों में विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों में अनेक बार पैंथर के हमले के बावजूद भी विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अधिकारियों के उदासीन रवैए के कारण लोगों ने विभाग के बाशिंदों के प्रति नाराजगी जताई है।

ग्रामीण मुकेश राव ने बताया कि उनके पशुबाड़े कि दीवार फांदकर पैंथर ने पिछले पंद्रह दिनों में चार बार मवेशियों पर हमला कर उनका शिकार कर चुका है। बताया कि पंद्रह दिनों पहले वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया लेकिन कोई कार्रवाई होने के कारण पैंथर निरन्तर पालतू पशुओं का शिकार कर रहा है। मुकेश ने बताया कि उनके पशुबाड़े कि दीवार फांदकर पैंथर ने चार अप्रैल को छह बकरियों का शिकार किया, वहीं सात अप्रैल को दो बकरियों का शिकार किया, वहीं गुरुवार रात को फिर से पैंथर ने 8 बकरियों को मौत के घाट उतारा व दस बकरियां हमले में घायल हो गई।

ग्रामीण जयराम जाट, विकास कुमार, कुलदीप जाट, लालचंद जाट, शीम्भूदयाल जाट, कैलाश जाट, शीशराम जाट, नरेश थालोड़, रामकरण जाट व अन्य कई लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई करने की मांग रखी। क्षेत्रीय वन अधिकारी कोटपूतली सीताराम यादव का कहना है कि पीड़ित का मकान वन विभाग कि सीमा से सटे होने के कारण हादसे का शिकार बन रहा है। वहीं पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवा दिया गया है तथा घटना का मौका मुआयना कर लिया है। पीड़ित को जो भी नुकसान झेलना पड़ा है उसका जल्द से जल्द ही मुआवजा दिलाने के लिए हम प्रतिबद्ध है।

# विद्यालय में विज्ञान संकाय नहीं, मजबूरन कला या वाणिज्य में प्रवेश ले रहे हैं विद्यार्थी

**■ मंड्रेला के सरकारी स्कूलों में विज्ञान संकाय नहीं होने से छात्र-छत्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है**

**मंड्रेला,** (निसं)। कोरोना महामारी के बाद में देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति को लेकर मांग उठने लगी हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों में कला और वाणिज्य संकाय के अतिरिक्त कोई संकाय नहीं होने से आज भी प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा छोड़कर मजबूरी में कला या वाणिज्य संकाय लेना पड़ रहा हैं। इससे छात्रों का विज्ञान के क्षेत्र जाने का सपना अधूरा ही रह रहा है।

करीब बीस हजार की आबादी के मंड्रेला गांव में आस-पास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थी भी पढ़ने आते हैं। मंड्रेला गांव के लाठ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय नहीं होने की वजह से हर वर्ष पढ़ाई को लेकर छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों विद्यालयों के स्थापित हुए कई वर्ष बीत जाने के बाद भी केवल कला संकाय या वाणिज्य ही संचालित हो रहा है। इसको लेकर ठाामवासियों ने कई बार विज्ञान संकाय खोलने की मांग की हैं। मगर हर बार जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन ही दे रहे हैं।

मंड्रेला स्थित लाठ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय नहीं होने की वजह से गांव के बालक-बालिकाओं का विज्ञान की पढ़ाई करना मात्र एक सपना बनकर रह गया है। इस दोनों विद्यालय में कई वर्षों से केवल कला और वाणिज्य संकाय ही संचालित हो रहा है।

मंड्रेला की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष 10वीं में कुल 69 छात्राएं नामांकित हैं। वहीं पिलानी रोड स्थित लाठ राजकीय विद्यालय में 67 छात्र-छात्राएं वर्तमान में अध्ययनरत हैं। साथ ही अन्य विद्यालयों में भी बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में इन छात्राओं को कला या वाणिज्य संकाय की पढ़ाई करने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं होता हैं। ऐसे में मन मारकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कला या वाणिज्य संकाय में ही प्रवेश लेना पड़ता है। मंड्रेला के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक 550 के करीब छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। 10वीं कक्षा के बाद इन छात्र-छात्राओं को मजबूरी में कला या वाणिज्य संकाय लेकर पढ़ाई करना पड़ रहा हैं। बालिकाओं के अभिभावकों ने बताया कि विज्ञान संकाय नहीं होने से होनहार बालिकाओं को आगे बढ़ने का उचित अवसर नहीं मिल रहा हैं। मंड्रेला के राजकीय विद्यालयों में लंबे समय से विज्ञान संकाय खोलने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही हैं। उल्लेखनीय है मंड्रेला की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय 1962 से संचालित है। किंतु आज इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी बालिकाओं के इंजीनियर और डॉक्टर बनने के सपने अधूरे है। इधर, मंड्रेला के पिलानी रोड स्थित लाठ सीनियर सैकंडरी स्कूल जो कि वर्तमान में राजकीय लाठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसकी स्थापना सन 1942 में लाठ परिवार द्वारा की गई थी। जिसके बाद इसे एक अनुदानित संस्था का रूप मिला। ऐसी संस्थान जिसका सरकार और भामाशाह मिलकर संचालन कर रहे हो। आजादी के उस दौर से सन 1982 तक जब तक स्कूल को भामाशाह और सरकार मिलकर चला रहे। तब तक विद्यार्थियों के इंजीनियर और डॉक्टर बनने के सपने को उड़ान मिल रही थी। लेकिन 1982 के बाद इसे पूर्ण रूप से सरकार को सुपुर्द किया गया। जिसके बाद सरकार द्वारा विद्यालय में विज्ञान संकाय हटा दी गई। जिससे विद्यार्थियों के इंजीनियर और डॉक्टर बनने के सपने,सपने ही रह गए।



**मंड्रेला का सरकारी स्कूल, जहां पर विज्ञान संकाय नहीं है।**

ओमप्रकाश सोनी, अध्यक्ष, भाजपा ग्रामीण मंडल, मंड्रेला का कहना है कि मंड्रेला गांव के राजकीय विद्यालयों में विज्ञान संकाय नहीं होने की वजह से गांव की बेटियां शिक्षा को यहीं विराम दे रही हैं। इसलिए प्रदेश की सरकार से मेरा अनुरोध है कि स्थानीय गांव में विज्ञान संकाय खोला जाए। ताकि कोई भी बेटी विज्ञान की शिक्षा से वांछित नहीं रहे। हमारे क्षेत्र की बेटियां इतनीं होनहार है कि नाशा तक अपनी सेवाएं दे रही है।

कुलदीप सिंह शेखावत, सरपंच, मंड्रेला का कहना है कि मंड्रेला गांव में सैंकड़ों विद्यार्थी अध्यनरत है। उनका सपना होता हैं कि हम बड़े होकर डॉक्टर बनेंगे। लेकिन स्थानीय गांव में राजकीय विद्यालयों में विज्ञान संकाय नहीं होने की वजह हर साल सैंकड़ों विद्यार्थियों के सपने अधूरे रह जाते हैं। सरकार को इस और कदम उठाना चाहिए।

सीए अंजली गौरव मित्तल का कहना है कि मेरी बचपन में इच्छा थी कि मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनूंगी। लेकिन मेरे गांव में विज्ञान संकाय नहीं होने की वजह से मुझे वाणिज्य संकाय की ही पढ़ाई करनी पड़ी। सरकार से मेरा करबद्ध अनुरोध हैं कि मंड्रेला में भी विज्ञान संकाय खोला जाए। ताकि किसी भी बालिका का सपना धूमिल ना हो।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 252 प्रभात जयपुर, शनिवार 15 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Lieutenant General Hanut Singh**

"We rolled with Huntie" is and will remain for many of us, a life-long, professional and special feeling."

**Making a Difference, One Dog at a Time**

**What is good for the goose is good for the gander** | How interpretation of similar evidences is not uniform



*अलास्का से दक्षिण पश्चिम की तरफ फैले द्वीप समूह, अलूशन आइलैण्ड्स पर लावा बहने से बने टेढ़े मेड़े व ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र में लाखों की संख्या में क्रैस्टेड व लीस्ट ऑक्लैट्स रहते हैं। यहाँ ऑक्लैट्स का न्यूट्रिएन्ट्स से भरपूर मल भूमि को फर्टिलाइज़ करता है, जिससे घास के घने पैच पनपते हैं। लेकिन एक नए शोध में सामने आया है कि, ऑक्लैट्स की, स्वयं की पनपने की क्षमता इस बात पर निर्भर करती है कि, समय -समय पर लावा इस क्षेत्र को साफ कर दे। यदि लैण्डस्केप बहुत अधिक हरा-भरा हो जाता है तो ये पक्षी अपना आवास खो बैठते हैं। अलास्का मैरीटाइम नैशनल वाइल्डलाइफ रिफ्यूज की जीव वैज्ञानिक हैदर रैनर, ने कहा कि, गत कुछ वर्षों से अलूशन द्वीपों पर ऑकलैट्स का शोर कम हो गया है। शोध के अनुसार इनकी विशाल कॉलोनियाँ छोटी हो गई हैं और 18 वीं सदी के बाद से आधा दर्जन से ज्यादा कॉलोनियाँ लुप्त हो गई हैं। हालांकि अलूशन द्वीपों के उत्तर में बैरिंग सी रेंज में यह स्थिति दिखाई नहीं दी है। इस रहस्य को जानने के लिए रैनर ने ऑक्लैट्स की ब्रीडिंग कॉलोनियों का परीक्षण किया, जहां मादा ऑक्लैट्स लावा प्रवाह से बनीं प्राकृतिक दरारों में घुसकर अण्डे देती हैं। इस क्षेत्र में इतनी दरारें है कि, लाखों ऑक्लैट्स प्रजनन कर सकती हैं। इनके पंखों और बीट के आधार पर रैनर ने कॉलोनी की सीमा मापी। उन्होंने पाया कि, नए लावा प्रवाह वाले क्षेत्रों में, जहाँ हरियाली नहीं है, वहाँ ऑक्लैट्स की बड़ी कॉलोनियाँ हैं। लावा, जो सब कुछ नष्ट कर देता है, ऑकलैट्स कॉलोनियों की बेहतर हैल्थ का आधार है। रैनर ने कहा, अगर अलूशन ज्वालामुखी एक्टिव नहीं होते तो यहां ऑक्लैट्स की कॉलोनियां भी ज्यादा नहीं होतीं। हालांकि, ऑक्लैट्स जमीन पर घर बनाते हैं पर उनकी बीट दरारों के आस-पास जमा हो जाती है। समय बीतने के साथ इससे जमीन बहुत अधिक उर्वर और हरी भरी हो जाती है, फिर यह क्षेत्र ऑक्लैट्स के रहने लायक नहीं रहता। रैनर ने कहा, सिकुड़ता प्राकृतिक आवास ऑक्लैट्स के लिए आपदा का संकेत नहीं है, बल्कि यह एक प्राकृतिक चक्र हैं। उदाहरण के लिए, यहां के किस्का आइलैण्ड पर 40 के दशक में ऑक्लैट्स की सबसे बड़ी कॉलोनी थी, धीरे-धीरे यहां घास उगने लगी और ऑक्लैट्स की संख्या कम हो गई फिर 60 के दशक में नया ज्वालामुखी फटा और यह द्वीप फिर से ऑक्लैट्स की बड़ी बस्ती बन गया।*

# ‘पायलट 17 अप्रेल को अपनी दो रैलियों में क्या कहेंगे?’

## यह जिज्ञासा सर्व व्यापक है, पर जवाब सीधा है, भ्रष्टाचार की बात करेंगे, जैसा उन्होंने वसुंधरा राजे के ‘‘भ्रष्टाचार’’ के बारे में अनशन के दिन दिया था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। सब की नज़रें एक बार फिर सचिन पायलट पर लगी हैं तथा इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि 17 अप्रैल को झुँझुनूँ तथा जयपुर ग्रामीण क्षेत्र दो जन-सम्पर्क कार्यक्रम के दौरान, वे क्या कहेंगे।

ऐसी अपेक्षा की जा रही है कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी उस मुहिम को आगे बढ़ायेंगे, जो उन्होंने वसुंधरा राजे सिंधिया के खिलाफ शुरु की थी।

सूत्रों का कहना है कि अब उनका रूकना संभावित नहीं लग रहा क्योंकि ये ऐसे मुद्दे हैं जो पार्टी तथा मुख्यमंत्री को पिछले चार वर्षों में उठाने चाहिये थे तथा उनसे निबटना चाहिये था।

इस बीच, ए.आई.सी.सी. महासचिव रंधावा को, उनके द्वारा अशोक गहलोत का अति उत्साहपूर्ण समर्थन किये जाने के बाद, कांग्रेस नेतृत्व ने साफतौर पर अस्वीकार्य व्यक्ति घोषित कर दिया है।

पार्टी के सूत्रों का कहना है कि रंधावा और जयराम रमेश दोनों के लिये ही एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है

- **फिलहाल महासचिव रंधावा, ए.आई.सी.सी. के लिये अवांछनीय व्यक्ति हो गये हैं, जब से उन्होंने मु.मंत्री गहलोत के लिये ‘‘बैटिंग’’ करना शुरू कर दिया है।**
- **रंधावा व जयराम को अपनी सफाई देना मुश्किल हो रहा है कि, उन्होंने कैसे और क्यों पायलट को नीचा दिखाने का प्रयास किया, जब वे एक भाजपा नेता के भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे।**
- **इन दोनों को यह समझाना मुश्किल हो रहा है कि, पायलट का वसुंधरा राजे पर आरोप लगाना ‘‘एन्टी पार्टी’’ कृत्य कैसे हो गया।**
- **बहरहाल कमलनाथ को राजस्थान के तथाकथित राजनीतिक संघर्ष को सुलझाने की जिम्मेवारी सौंपना भी उल्लेखनीय है, क्योंकि, कमलनाथ सोनिया गांधी व राहुल गांधी के अतिविश्वासी व्यक्ति हैं तथा वे संघर्ष को उसी तरह सुलझायेंगे, जैसा सोनिया व राहुल का मन है।**
- **और, दोनों का मन गहलोत से खिन्न है तथा गहलोत की, गांधी परिवार से मिलने की चेष्टा को एक ही जवाब मिल रहा हैः ‘‘नो एन्ट्री’’।**
- **पर, गहलोत-पायलट को प्रदेशाध्यक्ष के रूप में भी स्वीकार नहीं करना चाहते, वे तो पायलट को बोरिया बिस्तर सहित दिल्ली भेजना चाहते हैं।**

क्योंकि उन्होंने सचिन पायलट को उस समय दबाने एवं नीचा दिखाने की कोशिश की, जब वे एक भाजपा नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे थे।

एक पार्टी नेता ने कहा कि रंधावा और जयराम रमेश को इस बात का जवाब देना पड़ेगा कि सचिन पायलट का यह कदम पार्टी-विरोधी कैसे मान लिया गया। सूत्रों का कहना है कि यह तथ्य, कि राजस्थान के प्रकरण में अब कमलनाथ की एंट्री हो गई है, इस बारे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने 12, तुगलक रोड से अपना सामान शिफ्ट करना शुरू किया

## राहुल ने दो ट्रक पर्सनल सामान, 10, जनपथ, सोनिया गांधी के निवास पर भेजा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। राहुल गांधी ने अपने आवास 12 तुगलक्र लेन को खाली करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। उनके निजी सामानों से भरे दो ट्रक पहले ही उनकी माँ सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर भेज दिए गए हैं।

राहुल के पास अपना आवास खाली करने के लिए 22 अप्रेल तक का समय है और उम्मीद है कि वह अपने आवास की चाबियाँ उक्त तिथि से पूर्व ही सुपुर्द कर देंगे। राहुल गांधी वर्ष 2004 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे तथा वर्ष 2005 से वह 12 तुगलक लेन में रहते आए हैं। वर्ष 2004 में कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन यू.पी.ए. बहुमत प्राप्त कर केन्द्र में सत्तारूढ़ हुआ था।

उस वक्त गांधी परिवार के सदस्यों को स्पेशल प्रोटक्शन ग्रुप (एस.पी.जी.) की सुरक्षा मिली हुई थी और सुरक्षा के मद्देनज़र राहुल को एक बंगला दिया गया था। बंगला प्रियंका को भी दिया गया था, हालांकि वह सांसद नहीं थीं, किन्तु उन्हें एस.पी.जी. की सुरक्षा प्राप्त थी।

- **जैसा कि विदित ही है, उन्हें अपना सरकारी बंगला खाली करने के लिए 22 अप्रेल तक का समय दिया गया है।**
- **राहुल गांधी 2005 से इसी 12, तुगलक रोड, बंगले में रह रहे थे।**

काफी समय निकलने के बाद नरेन्द्र मोदी ने निर्णय लिया कि गांधी परिवार के सदस्यों को एस.पी.जी. सुरक्षा की जरुरत नहीं है और स्पेशल प्रोटैक्शन ग्रुप का पूरा अमला सिर्फ एक आदमी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा करता है। यकीनन, 10 जनपथ लुटियन्स देहली की सबसे बड़ी प्रॉपर्टीज़ में से एक है। राजीव गांधी जब वर्ष 1989 में लोकसभा चुनाव हार गए थे, जब वह 7 रेसकोर्स रोड आवास छोड़कर 10 जनपथ में आ गए थे। राजीव गांधी इससे पहले 1 अकबर रोड आवास से 7 रेसकोर्स रोड आए थे, 1 अकबर रोड आवास इन्दिरा गाँधी का था, जहाँ राजीव अपनी पत्नी सोनिया और दोनों बच्चों राहुल व प्रियंका के साथ रहा करते थे।

रेस कोर्स रोड स्थित 5,7,9 नम्बर के आवासों को आपस में मिलाकर प्रधानमंत्री आवास एवं दफ्तर में तब्दील कर दिया गया था। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सुरक्षा कारणो को लेकर भी ऐसा किया गया। सूरत की एक जिला अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद मोदी सरकार ने त्वरित कार्रवाई की और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने राहुल गांधी को संसद की सदस्यता के अयोग्य करार कर दिया, जबकि राहुल गांधी डिस्क्वालिफाई होने से पूर्व ही सूरत के सैशन कोर्ट में एक अपील दायर कर चुके थे।

राहुल गांधी को बतौर डिस्क्वालिफाईड सांसद, अपना आधिकारिक आवास खाली करने के लिए एक माह का समय भी दिया गया। अब 12 तुगलक लेन का सामान शिफ्ट करने के साथ ही यहाँ स्थित राहुल के दफ्तरों को भी शिफ्ट किया जाएगा। राहुल यहाँ कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिला करते थे और वह ऐसा बरसों से कर रहे थे

आंतरिक सूत्र कहते हैं कि पिछले 18 वर्षो में यहाँ राहुल का काफी सामान जमा हो गया था और यह सब अब 10 जनपथ शिफ्ट किया जा रहा है। उम्मीद है कि राहुल भी वहाँ कुछ समय के लिए रहने चले जाएंगे। राहल गांधी ने यह बार-बार कहा है कि उनका खुद का कोई घर नहीं है, इसलिए देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें अपना घर ऑफर कर रहे हैं।

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# भाजपा ने ‘‘डी.एम.के. फाइल्स’’ जारी की

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। डी.एम.के. (द्रमुक) नेताओं द्वारा चुनाव के नामांकन में दायर हलफनामों में की गई सम्पत्ति की घोषणा से तथ्यों को निकाल कर भाजपा तमिलनाडु में यह जताने का प्रयास कर रही है कि समूची सत्तारुढ़ पार्टी और इसके वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। इसके लिए भाजपा ने बॉलीवुड हिंदी फिल्म ‘‘कश्मीर फाइल्स’’ की तर्ज पर ‘‘डी.एम.के. फाइल्स’’ जारी की है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के.

- **‘‘डी.एम.के. फाइल्स’’ में भाजपा ने द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं की चुनाव घोषणा पत्र में बताई गई सम्पत्ति के आधार पर उनके भ्रष्टाचार के कारनामों की जानकारी दी है। भाजपा का कहना है कि, द्रमुक नेताओं के पास 1.34 लाख करोड़ रू. की सम्पत्ति है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस बढ़त की स्थिति में है कर्नाटक में

## भाजपा की, नये चेहरों को टिकट देने की गुजरात वाली रणनीति कामयाब होती नजर नहीं आ रही कर्नाटक में

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। कर्नाटक में अब चुनावी दांवपेच अपने अंतिम दौर में है। कहा जाए तो यहां जमीनी स्थिति और दिलचस्प घटनाक्रम निकट भविष्य के राजनीतिक प्रारूप का संकेत देते हैं क्योंकि निकट भविष्य में कुछ प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और फिर अगले साल लोकसभा चुनाव।

जमीनी स्थिति को देखते हुए सत्तारूढ़ भाजपा की डबल इंजन सरकार के राह आसान प्रतीत नहीं होती। हाल ही हुए अधिकांश चुनावी सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कांग्रेस आगे है और समान्य बहुमत की ओर बढ़ रही है, जबकि भाजपा उससे काफी पीछे दूसरे नम्बर पर है और जनता दल (सैक्यूलर) कांग्रेस के बजाए भाजपा के ही वोट काट रहा है।

इस स्थिति में, कर्नाटक में गुटबाजी से ग्रस्त भाजपा में क्या सरसराहट हो सकती है। यहां की भाजपा को एक ऐसी पार्टी माना जा सकता है जो पार्टियों के विलय और अधिग्रहण से बनी है क्योंकि इसके कुछ नेता या तो कांग्रेस से आए हैं अथवा जे.डी. (एस.) से। इसके अलावा टिकट ना दिए जाने के बाद कई नेताओं के इस्तीफों और एक मजबूत विद्रोही फैक्टर का उदय यह दर्शाता है कि बासवराज बोम्मई सरकार का चुनाव जीतकर पुनः सत्ता में आना बहुत मुश्किल होता जा रहा है।

- **गुजरात में जिन विधायकों के टिकट कटे थे, उन्होंने पार्टी का निर्णय बिना विरोध किये स्वीकार कर लिया था।**
- **पर, कर्नाटक में इस रणनीति के कारण बगावत जैसी स्थिति हो गयी है, जिस पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो रहा है, भाजपा के लिये।**

सी-वोटर व कई अन्य मीडिया संस्थानों द्वारा किए गए कई स्वतंत्र सर्वेक्षण भी कांग्रेस के लिए थोड़ी बढ़त बताते हैं, लेकिन साउथ फर्स्ट नामक एक डिजिटल मीडिया संस्थान द्वारा किए गए एक सर्वे में यह जोर देकर कहा गया है कि कर्नाटक एक खंडित जनादेश की दिशा में आगे बढ़ रहा है क्योंकि तीनों ही प्रमुख प्रतिद्वंदी 224 सदस्यों वाली विधानसभा में बहुमत के आंकड़े 113 को क्रॉस नहीं कर पा रहे हैं।

यहाँ तक कि यह मीडिया संस्थान भी कांग्रेस को जादुई आंकड़े के निकट मानता है और भाजपा को सौ सीटों से कम के साथ दूसरे स्थान पर मानता है।

यदि भाजपा अपनी सरकार का गठन करना चाहेगी तो से जनता दल (एस.) के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। भाजपा को यह एहसास हो गया है कि उसकी स्थिति कठिन है क्योंकि सत्ता विरोधी लहर है और पार्टी में गुटबाजी के साथ ही बोम्मई सरकार की छवि नकारात्मक है। भाजपा ने इस पहलू पर पाक पाने के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में एक और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। यदि कांग्रेस ने कल अपनी पार्टी के एक सीनियर नेता के वंशज को भाजपा के लिए खोया तो आज उसके खेमे में भाजपा का एक सीनियर नेता आ गया। भाजपा में टिकट दिए जाने से इंकार मिलने के बाद से लक्ष्मण सवाडी

- **वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावड़ी का टिकट कट गया है और टिकट कटते ही वे कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने सावड़ी को उनकी सीट अठानी से प्रत्याशी घोषित कर दिया है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘मोदी को भ्रष्टाचार से बहुत घृणा नहीं है’

## कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने ‘‘द वायर’’ के पत्रकार करण थापर को दिये गये एक इन्टरव्यू में मोदी पर ही फोकस रखा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के दो केन्द्र शासित प्रदेशों का रूप लेने से पहले, उसके अंतिम राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल ‘‘इल इन्फॉर्म्ड’’ (गलत जानकारी युक्त) एवं ‘‘इग्नोरैट’’ (अज्ञानी) है, बल्कि उन्हें भ्रष्टाचार से कोई परेशानी भी नहीं है।

‘‘द वायर’’ को दिये एक विस्फोटक इन्टरव्यू, जो मोदी सरकार को परेशान एवं लज्जित तथा विक्षुब्ध कर सकता है, में मलिक ने कहा, ‘‘मैं सुरक्षित रूप से कह सकता हूँ कि प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से बहुत नफरत नहीं है।’’

प्रतिष्ठित एवं जाने-माने पत्रकार करण थापर के साथ हुई बातचीत, जो वर्तमान राजनीति के कई आयामों को बड़ी साफगोई के साथ उजागर करती है, में मलिक ने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री को कश्मीर के बारे में या तो ‘‘गलत जानकारी’’ है या फिर ‘‘कोई जानकारी नहीं है’’ ज्ञातव्य है कि सत्यपाल मलिक उस दौरान जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे, जब फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ था तथा उसी साल अगस्त में अनुच्छेद 370 हटाया गया था।

- **मलिक ने कहा, पुलवामा आंतकवादी हमला, सी.आर.पी.एफ. व गृह मंत्रालय की ‘‘लापरवाही’’ से हुआ था।**
- **सी.आर.पी.एफ. ने अपने जवानों को ‘‘ट्रांसपोर्ट’’ करने के लिये हवाई जहाज मांगा था, पर गृह मंत्रालय ने उनकी मांग ठुकरा दी थी तथा जिस सड़क से सी.आर.पी.एफ. के जवान जा रहे थे, उसको सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह से ‘‘सैनेटाइज़’’ नहीं किया गया था।**
- **मलिक के अनुसार, जब यह तथ्य प्र.मंत्री के समक्ष उजागर किया, तो उन्हें कहा गया कि, वे चुप रहें। यह ही जवाब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भी उन्हें दिया था। मतलब साफ था, मोदी इस पुलवामा त्रासदी का राजनीतिक उपयोग करना चाहते थे, हमले की जिम्मेवारी पाकिस्तान पर थोप कर।**
- **उन्होंने पुलवामा प्रकरण के बारे में यह भी कहा कि, यह सच है कि, 300 किलो आर.डी.एक्स पाकिस्तान से आया था, पर आर.डी.एक्स से लदी कार पन्द्रह दिन तक जम्मू-कश्मीर की सड़कों पर घूमती रही, और किसी को जानकारी नहीं लगी।**

इस बहुत विस्तृत इन्टरव्यू में, मलिक ने कहा कि पुलवामा में सैन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स सी.आर.पी.एफ. की टुकड़ी पर हुआ हमला भारतीय व्यवस्था तथा गृह मंत्रालय की ‘‘अक्षमता’’ तथा ‘‘लापरवाही’’ का परिणाम था। उस समय गृह मंत्री राजनाथ सिंह थे। मलिक ने इस बात का विस्तृत विवरण दिया कि सी.आर.पी.एफ. ने किस तरह से अपने जवानों को ले जाने के लिये एयरक्राफ्ट की मांग की थी लेकिन केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने एयरक्राफ्ट उपलब्ध कराने के लिये मना कर दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से उस मार्ग का ‘‘सेनिटाइज़ेशन’’ प्रभावी तरीके से नहीं किया गया था।

उन्होंने कहा कि और भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह रही कि उन्होंने इन खामियों की जानकारी उस समय सीधे मोदी को दे दी थी, जब उन्होंने पुलवामा हमले के शीघ्र बाद ही, उन्हें (मलिक) को कॉरबैट पार्क के बाहर बुलाया था। प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि इस मामले में बिल्कुल चुप्पी साध लें तथा ये बातें किसी को नहीं बतायें। मलिक ने कहा कि एन.एस.ए. अजित डोवल ने भी उनसे कहा कि वे इस मामले में खामोश रहें तथा इस बारे में किसी से बात नहीं करें। मलिक ने कहा कि उन्हें तुरंत महसूस हो गया कि उनका इरादा पाकिस्तान पर दोषारोपण करना तथा सरकार एंव भाजपा को चुनावी लाभ प्राप्त करना था।

हिन्दी और अंग्रेजी-दोनों भाषाओं में बोलते हुये, मलिक ने यह भी कहा कि पुलवामा की घटना में गुप्तचर विभाग की गंभीर असफलता थी क्योंकि 300 किलोग्राम आर.डी.एक्स विस्फोटक से भरी कार पाकिस्तान से आई थी लेकिन 10-15 दिन से जम्मू कश्मीर की सड़कों पर एवं गांवों में घूम रही थी तथा इसका पता किसी को नहीं चला तथा किसी को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी। मलिक ने विस्तार सहित बताया कि उन्होंने महबूबा मुफ्ती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या केजरीवाल भी गिरफ्तार होंगे?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अप्रेल। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि आप नेताओं को जेल जाने के लिए तैयार रहना चाहिए और आज ही खुद उन्हें सी.बी.आई. ने आबकारी नीति मामले में 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का सम्मन भेज दिया है। केजरीवाल को

- **सी.बी.आई. ने दिल्ली आबकारी नीति में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सम्मन भेजा है। आप सांसद संजय सिंह ने इसे केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश करार दिया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विधायक रफीक खान की जमीन तक पहुंचने के लिए तलाई के बीच रोड क्यों बनाई?

## हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, राजस्व सचिव, जेडीए सचिव और जेडीसी सहित अन्य से जवाब तलब किया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, राजस्व सचिव, जेडीए सचिव और जेडीसी सहित अन्य से पूछा है कि एमएलए की जमीन तक पहुंचने के लिए तलाई के बीच से रोड क्यों बनाई गई है। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश राम कुमार जाट व अन्य की जनहित याचिका पर दिए।

**■ याचिका में बताया कि गैर मुमकिन तलाई की जमीन को दो भागों में बांटते हुए बीच से रास्ता निकाल कर रोड प्रस्तावित कर दी**

याचिका में अधिवक्ता विमल चौधरी और अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि आमेर तहसील के दौलतपुरा गांव में मैसर्स निर्मल पोपकॉन प्रा.लि. की जमीन है। इस कंपनी के निदेशक विधायक रफीक खान हैं। वहीं पास ही गैर मुमकिन तलाई स्थित है। याचिका में कहा गया कि सरकारी अधिकारियों ने विधायक रफीक खान को फायदा पहुंचाने के लिए इस तलाई की जमीन को दो भागों में बांटते हुए बीच से रास्ता निकाल कर रोड प्रस्तावित कर दी। इस दौरान तलाई की पाल भी नष्ट कर दी गई। जिसके चलते तलाई का भराव क्षेत्र भी कम हो गया है। जबकि तलाई के चलते ही आसपास की जमीन का भूजल स्तर बढा हुआ है। याचिका में यह भी कहा गया है कि विधायक ने अपनी जमीन का गेट भी तलाई की तरफ खोल रखा है और अपनी जमीन तक पहुंचने के लिए तलाई में रोड का निर्माण करा लिया है। याचिका में यहां की सरकारी जमीन पर भी अतिक्रमण का आरोप लगाया गया है। याचिका में कहा गया कि स्थानीय निवासियों ने कई बार कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए शिकायत की, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# श्रद्धालुओं ने गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक अरदास की



**जयपुर** (कासं)। खालसा साजना दिवस (वैसाखी) सभी गुरुद्वारों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से देर रात तक साध संगत ने गुरू ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर कर सरबस के भले की अरदास की। रागी जत्थों ने कीर्तन दरबार में शबद गायन किया। प्रचारकों ने खालसा साजना दिवस के इतिहास पर रोशनी डाली। गुरुद्वारा वैशाली नगर बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

गुरुद्वारे के प्रधान सरदार गगन सिंह ने बताया कि सुबह आसा दी वार का पाठ भाई बलजीत सिंह पटियाला वालों ने किया। तीन दिन से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब समाप्ति की गई। उसके बाद कीर्तन दीवान सजाया गया। सबसे पहले ज्ञानी दविन्द्र सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। भाई सुखजिंदर सिंह हजुरी रागी गुरुद्वारा वैशाली नगर, ढाडी जत्था भाई हरदीप सिंह, भाई बलजीत सिंह पटियाला वाले और भाई तीरथ सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। उन्होंने वैसाखी का इतिहास बताया कि आज ही के दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने अमृत छकाकर खालसा बनाए। इस मौके पर अटूट लंगर वरताया गया। इसी तरह गुरुद्वारा हीदा की मोरी में में कीर्तन दीवान सजाया गया। भाई किशोरजीत सिंह हजुरी रागी गुरुद्वारा हीदा की मोरी ने कीर्तन किया। गुरुद्वारा नेहरू नगर पानीपेच में भी कीर्तन दीवान सजाया गया।

राजापार्क, सेठी कॉलोनी, जवाहरनगर, सेठी कॉलोनी, मालवीयनगर सहित सभी गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार सजाए गए। हवामहल बाजार, चांदी की टकसाल स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में शुक्रवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। हैड ग्रंथी भाई गुरमीत सिंह और भाई गुरप्रीत सिंह ने शाम का कीर्तन किया। शनिवार 15 अप्रैल को रात्रि 8 से रात 10 बजे तक और रविवार 16 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 12: 30 बजे तक दिल्ली के भाई तरनप्रीत सिंह का कीर्तन होगा।

# राजस्थान में करीब चार सौ नए करोना संक्रमित मिले शुक्रवार को

## राज्यपाल कलराज मिश्र भी करोना संक्रमित

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण बेकावू होता जा रहा है। राज्य में शुक्रवार को चार सौ के करीब नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीमारी से तीन लोगों की मौत भी हुई है। इधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित अन्य नेताओं के बाद अब राज्यपाल कलराज मिश्र भी करोना की चपेट में आ गए हैं।

राजभवन के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए उनके संक्रमित होने की जानकारी दी गई है। ट्वीट में कहा गया है कि राज्यपाल कलराज मिश्र की कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जो भी लोग गत कुछ दिनों में उनके संपर्क में आयें हैं, वह अपनी जांच करवाएं। सभी लोग सतर्क रहें और करोना की गाइड लाइन का पालन करें। गौरतलब है कि राज्यपाल मिश्र एक दिन पहले गुरुवार को ही बिरला सभागार में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के दीक्षांत समारोह में भाग लेने गए थे। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्यमंत्री सहित कई लोग मौजूद थे।

**■ प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में तीन संक्रमित की मौत हुई है।**

उधर प्रदेश में शुक्रवार को 7908 कोविड जांच की गई। इस दौरान 20 जिलों में 397 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले राज्य में गुरूवार को 293 रोगी पाए गए थे। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 85 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 44, झालावाड़ में 42, बीकानेर में 32, उदयपुर में 31, सीकर में 30, अजमेर में 29, नागौर में 22, अलवर व प्रतापगढ़ में 13-13, चित्तौड़गढ़ में 11, गंगानगर में 9, सिरोही में 8, कोटा में 7, जैसलमेर व डूंगरपुर में 5-5, सवाई माधोपुर में 4, भीलवाड़ा व बूंदी में 3-3 और बारां में एक नया संक्रमित मिला है। राजस्थान में पिछले 10 दिन में औसत संक्रमण दर 5.20 फीसदी पर आ गई है।

प्रदेश में आज 104 संक्रमित रिकवर हुए हैं। हालांकि नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 1764 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 529 मरीजों का इलाज जयपुर में चल रहा है। राज्य में शुकवार को करोना से जयपुर, चूरू और हनुमानगढ़ में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में पिछले 14 दिनों में 16 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अब तक इस बीमारी से 9677 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

# वाहन पार्किंग के सात रुपए ज्यादा वसूलने पर 55 हजार रुपए हर्जाना

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग-तृतीय ने परिवादी से मोटरसाइकिल पार्किंग के 7 रुपए ज्यादा वसूलने को सेवादोष व अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार देते हुए नगर निगम व पार्किंग ठेकेदार पर 55 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने ज्यादा वसूले 7 रुपए भी लौटाने का निर्देश दिया है।

**■ जिला उपभोक्ता अदालत ने ज्यादा रुपये वसूलने को सेवादोष व अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस करार देते हुए नगर निगम व ठेकेदार पर हर्जाना लगाया**

उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहर माथुर, सदस्य भावना भाटी व सीमा शर्मा ने यह आदेश शास्त्री नगर निवासी विरेन्द्र सिंह के परिवाद पर दिया।

परिवाद में कहा कि 19 मार्च 2016 को वह निजी काम से रायसर प्लाजा गया था। वहां पर उसने नगर निगम की स्वीकृत पार्किंग जगह पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी। प्रथम तीन घंटे की पार्किंग के तीन रुपए थे, परिवादी जब बीस मिनट बाद ही वापस आया तो उससे कर्मचारी ने पार्किंग के दस रुपए मांगे। उसने कहा कि वह तो बीस मिनट में ही वापस आ गया है और तीन घंटे की पार्किंग के 3 रुपए हैं। इस पर कर्मचारी भड़क गया और अभद्र व्यवहार कर कहा कि उसे दस रुपए देने ही पड़ेंगे। मजबूरन उसे पार्किंग के दस रुपए देने पड़े।

नगर निगम व पार्किंग ठेकेदार की इस कार्रवाई को परिवादी ने उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए कहा कि उससे तय पार्किंग शुल्क से 7 रुपए ज्यादा वसूले हैं। इसलिए उसे वसूले 7 रुपए और नगर निगम व पार्किंग ठेकेदार से हर्जाना दिलवाया जाए। इस पर उपभोक्ता आयोग ने ज्यादा वसूले 7 रुपए परिवादी को हर्जाना राशि 55 हजार सहित देने का निर्देश दिया।

# हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना मामले में दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामले में कहा कि याचिकाकर्ता अपने बेटे-बहु से पूर्व में ही संबंध समाप्त कर उन्हें संपत्ति से बेदखल करने की आम सूचना जारी कर चुके हैं। ऐसे में उनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना के मामले में दर्ज एफआईआर में दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ता को कहा है कि वह जांच में पूरा सहयोग करे। इसके अलावा अदालत ने पुत्रवधू को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश चंद्रेश जैन व अन्य की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

**■ अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता बेटे-बहू से पहले ही संबंध समाप्त कर उन्हें संपत्ति से बेदखल कर चुके हैं**

याचिका में अधिवक्ता प्रवीण बलवदा और अधिवक्ता भावना चौधरी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की पुत्रवधू मीनल जैन ने अजमेर के मदनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसका विवाह अक्षत जैन के साथ वर्ष 2015 में हुआ था। इसके बाद उसे उसके ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने का उलाहना देकर प्रताड़ित करते थे और दहेज में पचास लाख रुपए की मांग करते थे। वहीं उसके गर्भवती होने पर उसे अपने पीहर भेज दिया गया और डिलीवरी का सारा खर्चा भी पीहर पक्ष के लोगों ने उठाया। याचिका में कहा गया कि उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया है। याचिकाकर्ता ने सितंबर 2020 को ही अपने बेटे और पुत्र वधु मीनल से संबंध समाप्त कर उन्हें संपत्ति से बेदखल कर दिया था, जबकि मीनल ने 26 फरवरी, 2023 में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके अलावा याचिकाकर्ता अपने बेटे और बहु से वर्ष 2019 से ही अलग रह रहे हैं। वहीं एफआईआर में याचिकाकर्ता की बेटी पर भी झूठे आरोप लगाए गए हैं। ऐसे में एफआईआर को रद्द किया जाए।

# पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**जयपुर**, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सम्पूर्ण प्रदेश में आयोजित किया जायेगा। 15 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम में सम्पूर्ण राजस्थान में विभिन्न दिवसों पर भगवान परशुराम जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें।




सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से परशुराम जयंती के पोस्टर का विमोचन किया।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया है कि प्रदेश स्तरीय भगवान परशुराम जयंती समारोह का विधिवत शुभारंभ 16 अप्रैल को प्रात: 9 बजे मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगा। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख संत, महंतों की उपस्थिति में एक स्टीकर का विमोचन भी किया जायेगा। 18 अप्रैल को ताड़केश्वर महादेव मंदिर चौड़ा रास्ता में 5100 दीपों से महाआरती का आयोजन होगा। 20 अप्रैल को "भगवान परशुराम का व्यक्तित्व एवं कृतित्व" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विद्वान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगें। 21 अप्रैल को परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर नन्हे-मुन्ने बच्चे दीप प्रज्जवलन करेंगें। 22 अप्रैल को मुख्य समारोह में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी साथ ही पूरे प्रदेश में परशुराम जयंती की शोभायात्रा का आयोजन होगा। मिश्रा ने बताया कि 22 अप्रैल को भगवान परशुराम का श्रृंगार पूजा अर्चना एवं महाआरती भी की जायेगी साथ ही 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक उदयपुर, टोंक, बांसवाड़ा, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, दौसा, गंगानगर, चूरू, सीकर, बीकानेर, जालौर, जैसलमेर, कोटा, बूंदी, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, जोधपुर, माउंट आबू सहित 25 जिलों के एवं 170 तहसील मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रम जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित होंगे।

मिश्रा ने बताया कि 23 अप्रैल को शस्त्र एवं शास्त्र का पूजन किया जायेगा। साथ ही 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती समारोह के समापन पर जयपुर में "ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। सम्मान समारोह में समाजसेवी, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, व्यवसायी, चिकित्सक, शिक्षा शास्त्री सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लब्ध प्रतिष्ठित ब्राह्मण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा।

# सांसद दीया कुमारी ने गुरुद्वारे में माथा टेका

**जयपुर**, (का.सं.)। खालसा साजना दिवस (वैसाखी) के पावन अवसर पर राजसमंद सांसद दीया कुमारी जयपुर स्थित हीदा की मोरी गुरुद्वारे में दर्शन के लिए पहुंचीं। उन्होंने गुरुग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेका और चवंर साहिब की सेवा की। गुरुद्वारा प्रबंधकों ने सरोपा पहनाकर सांसद दीया कुमारी का स्वागत किया।

# दुष्कर्मी को बीस साल की सजा

**जयपुर**। पॉक्सो अदालत महानगर प्रथम ने 15 साल की नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त संदीप सैन को बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त पर दुष्कर्म का आरोप साबित है। इसके अलावा यदि दोनों के बीच सहमति से भी संबंध बने हो तो भी उसे दुष्कर्म की श्रेणी में ही माना जाएगा। क्योंकि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने बताया कि पीडिता के चचेरे भाई ने 12 सितंबर, 2021 को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बहन का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए संदीप को 14 सितंबर को गिरफ्तार किया और कोर्ट में उसके खिलाफ चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कहा गया कि आरोपी ने 15 साल की पीडिता का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म जैसा घृणित अपराध किया है। ऐसे में उसे सख्त सजा दी जाए।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत : दर्शना जरदोश

**जयपुर**, (का.सं.)। दुनिया में महिला नेतृत्व वाले विकास के लिए रणनीति बनाने पर जयपुर में हो रही डब्ल्यू-20 (महिला-20) की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बैठक का आज शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। डब्ल्यू- 20 जी-20 का एक अधिकारिक सहभागिता समूह है। दूसरे दिन की बैठक की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में पूज्य साध्वी देवप्रिया, पतंजलि विश्वविद्यालय द्वारा योग के माध्यम से महिलाओं के लिए नेतृत्व विकास सत्र से हुई। इसके बाद जमीनी स्तर के नेतृत्व और उद्यमिता पर पूर्णसत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार की टैक्सटाइल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश की गरिमामय उपस्थिति रही।

**■ लैंगिक असमानता कम करने में डब्ल्यू-20 की भूमिका महत्वपूर्ण : संध्या पुरेचा**




दुनिया में महिला नेतृत्व वाले विकास के लिए रणनीति बनाने पर जयपुर में हो रही डब्ल्यू-20 (महिला-20) की दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बैठक को केंद्रीय टैक्सटाइल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने संबोधित किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय टैक्सटाइल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने कहा कि भारत तेजी से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना का प्रदर्शन करते हुए सभी के लिए समान लक्ष्यों और कल्याण के लिए पूरी दुनिया को एकजुट कर सकती है।

डब्ल्यू-20 इंडिया की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने सत्र की दिशा तय करते हुए जोर दिया कि डब्ल्यू-20 की यह बैठक लैंगिक असमानता कम करने और लैंगिक पक्षपात को ठीक करने ताकि सभी के लिए आर्थिक परिणामों में सुधार हों, के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। पैनेलिस्टों में शामिल डब्ल्यू-20 इटली की प्रतिनिधि एल्विरा मोरास्को ने इटली में महिलाओं द्वारा स्थापित किए गए उपक्रमों की गाथाओं को साझा किया कि किस तरह से महिला उद्यमियों के जोश का उनके स्थानीय समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पड़ा। पूर्व आईपीएस और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व अधिकारी भारती घोष ने कहा कि जमीनी नेतृत्व सहयोग और परोपकारिता के विकासवादी पहलुओं के लिए जमीनी स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने डिजिटल शिक्षण मंच सार्थक की भी चर्चा की कि किस तरह से कोविड-19 के दौरान महिलाओं ने लोगों की सहायता के लिए तकनीकी समाधानों का उपयोग किया। क्वांटम लीप्स की संस्थापक, डब्ल्यू-20 यूएस प्रतिनिधिमंडल की सह-प्रमुख वर्जीनिया लिटिलजॉन ने वीमेन इंटरप्रेन्योर्स फाइनेंस कोड (महिला उद्यमी वित्त संहिता)और महिला उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को गति प्रदान करने के लिए नीतिगत ढांचा बनाने का सुझाव दिया। डब्ल्यू-20 इंडिया की मुख्य समन्वयक धरित्री पटनायक ने पूर्ण सत्र में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**आम सूचना**

मैं सरवती देवी पत्नि श्री स्व. मन्नू लाल मीना आयु 49 साल जाति मीना नि. नौविस्वा टोडाभीम तह. टोडाभीम जि. करौली (राज.)। यह कि एक महिन्द्रा स्क्रॉपियो एस 10 जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ34 UB0657 जो कि मेरे पति मन्नू लाल मीना पुत्र स्व. किलाण प्रसाद मीना के नाम थी। अचानक बीमारी के कारण मेरे पति की मृत्यु दिनांक 17.11.2017 को हो गयी थी। अब मैं उक्त महिन्द्रा स्क्रॉपियो को मैं मेरे स्वंय के नाम करवाना चाहती हूं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिन में परिवहन विभाग कार्यालय करौली में सम्पर्क करें।

**आम सूचना** हर आम व खास को जरिये इस आम सूचना के सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री राजेश मूंड पुत्र श्री महावीर मूंड, निवासी एफ-2/6, एल.आई.सी. फ्लैट, विद्याधर नगर, सेक्टर संख्या-2, जयपुर के पास अपने स्वामित्व का कब्जे सुदा प्लाट नंबर-122, सन सिटी, नींदड, सीकर रोड, जयपुर है जिसका कुल क्षेत्रफल 273 वर्गमीटर है उक्त भूखण्ड का मेरा अभिभाष्य एक मात्र मालिक व स्वामी है तथा उक्त भूखण्ड को मेरे अभिभाष्य ने कभी भी किसी को बेचने बाबत कोई इकरारनामा या अन्य दस्तावेज निष्पादित नहीं किया हुआ है फिर भी मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड बाबत कोई व्यक्ति या फर्म किसी भी प्रकार के दस्तावेज से यदि मालिकाना या अपना अन्य हित कलेम करता है तो वह पूर्णतया अवैध व शून्य है तथा चूंकि अब मेरे अभिभाष्य को रुपयों की आवश्यकता है इसलिए मेरा अभिभाष्य उक्त भूखण्ड का बेचान करेगा, इसलिए उक्त आम सूचना के द्वारा मेरा अभिभाष्य हर आम व खास को सूचित करता है कि यदि किसी भी व्यक्ति या फर्म को मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के बेचान पर आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति मुझे लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात किसी भी व्यक्ति या फार्म की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति या फर्म का विक्रय इकरारनामा या अन्य दस्तावेज पूर्णतया निरस्त व रद्ध माना जावेगा। अतः सूचित रहे।
अरुण सिंह शेखावत, अधिवक्ता, मो.नं. 9166106999

**खोया पाया**

भूखण्ड संख्या 145-ए, योजना अजीत नगर, सांगानेर (बाढ बाघपुरा ग.स.स.) की समिति द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, रसीद व साईट प्लान कहीं गुम हो गये है, सूचित करें। चंदा बेगम मो. 9682905527

मेरे मकान संख्या 61/233 मानसरोवर, जयपुर का कब्जा पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें-रमेश कुमार मो. 9829005190

मेरे प्लाट नं. सी-109 गोवर्धन विहार, जयपुर तहसील चाकसू के जेडीए पट्टा रजिस्टर्ड स्टाम्प पेपर, साइट प्लान कहीं गिर गए है। मिलने पर सूचित करें। डॉ. जयन्त शर्मा-9414071293

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/68 दिनांक : 12-04-2023
**जाहिर आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या- 117/549, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 36.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री घनश्याम दास पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 882 दिनांक 30.11.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 25.02.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 3700 दिनांक 20.03.2004 के द्वारा श्रीमती गोपाली देवी पत्नी मानकरण चौधरी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 27.03.2004 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती गोपाली देवी की मृत्यु दिनांक 06.08.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री मानकरण चौधरी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री मानकरण चौधरी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबंधक- वृत द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जमवारामगढ़ जिला. जयपुर**
**नोटिस बाबत सूचना**
एस. के. फाइनेंस
बनाम राजस्थान सरकार
विज्ञप्ति
उपरोक्त प्रकरण में परिवादी कम्पनी एस के फाइनेंस कम्पनी ने जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र बाबत निलामी वाहन महिन्द्रा पिकअप रजिस्ट्रेशन नम्बर आरजे 14 जीजी 1721 पेश किया है। उक्त प्रकरण में मांगीलाल बंजारा पुत्र श्री रणजीत सिंह बजारा निवासी जे. एस. एस. मोफुसिल तहसील जमवारामगढ़ जिला जयपुर भी एक पक्षकार है।
अत: उक्त मांगीलाल बजारा को सूचित किया जाता है कि यदि उसे उक्तप्रकरण में उक्त वाहन महिन्द्रा पिकअप आरजे 14 जीजी 1721 को उक्त प्रार्थी कम्पनी द्वारा निलाम किये जाने से कोई आपत्ती हो तो न्यायालय में आगामी तारीख पेशी दिनांक 17.04.2023 को उपस्थित होकर आपत्ती पेश करे अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट
जमवारामगढ़ जिला जयपुर

**नाम परिवर्तन**

विवाह के पश्चात मैंने अपना नाम विनीता दीपककुमार सोढानी से बदलकर विनीता साबू रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम विनीता साबू पत्नी श्री हितेश साबू निवासी 8/217 विद्याधर नगर, जयपुर के नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम लीला बारेठ से बदलकर विवाह पश्चात नीलम कविया पत्नी राम निवास कविया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे निवासी 104, नानू नगर, एन.के. विद्यालय के पास, मुरलीपुरा, जयपुर

मैंने मेरा नाम मोहम्मद जाफर से बदलकर मोहम्मद जाफर खेरवार रख लिया। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जावें। पता-635/26140 व्यास कॉलोनी, टिंबेश्वर महादेव रोड, नाहरी का नाका, जयपुर-302016

मैनें मेरा नाम रोबीन कुमार शर्मा पुत्र भीमसेन शर्मा से बदलकर रोबीन शर्मा पुत्र भीम सेन शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। बिहारीजी मंदिर के सामने, मैन मार्केट, उचैन, रूपबास, भरतपुर, राजस्थान

I, Joyita Sinha Das Mahapatra, W/o Suddhendu Das Mahapatra, R/o 205, Faculty Housing Block -2, Manipal University Jaipur, Raj-303007, have changed my name to JOYITA SINHA for all future purposes.

I, Sree Lekha S spouse of JC-820448H, Rank - Sub, Name - Manesh Kumar K resident of Vill-Thamarakulam, PO -LS Nooranadu, Tehsil - Mavelikara, district - Alappuzha (Kerala), Pin - 690571 have changed my name from Sree Lekha S to Sreelekha S vide affidavit dated 10/04/2023 before District Court Jaipur, Rajasthan.

I, JC-820770P, Rank - Sub, Name - Narayan Singh resident of Vill-Jaitgarh Bamania, PO -Sarvina, Tehsil-Beawar, district - Ajmer, Rajasthan have changed my daughter's name from Pushpa Kumari to Pushpa vide affidavit dated 11/04/2023 before District Court Jaipur, Rajasthan.

I, JC-820693L, Rank - Sub, Name - Ranajit Singh resident of Vill & PO-Goswa, PS-Mallawan, Tehsil-Bilgram, district - Hardoi, Uttar Pradesh have changed my daughter's name from Salini Singh to Shalini Singh vide affidavit dated 10/04/2023 before District Court Jaipur, Rajasthan.

# सौम्या गुर्जर ने स्ट्रीट वैंडर्स को ऋण बांटने के बहाने की शक्ति प्रदर्शन की कोशिश?

## सांगानेर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 5 स्ट्रीट वैंडर्स व उनके परिजन शामिल हुए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** स्ट्रीट वैंडर्स को ऋण बांटने के बहाने शुक्रवार को जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सांगानेर स्टेडियम में शक्ति प्रदर्शन किया है। दरअसल संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सांगानेर स्टेडियम में 'अंत्योदय-20' कार्यक्रम का आयोजन कर महापौर ने अपनी शक्ति का अहसास कराया हैं। हालांकि सियासी गलियारों में यही चर्चा है कि आखिर महापौर ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का ही चयन क्यों किया?

मजेदार बात यह है कि कार्यक्रम में न तो

- **सियासी गलियारों में यही चर्चा है कि आखिर महापौर डॉ. सौम्या ने स्ट्रीट वैंडर्स के ऋण व आईडी वितरण कार्यक्रम के लिए सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का चयन ही क्यों किया?**
- **चर्चा है कि ग्रेटर निगम ने इस कार्यक्रम के लिए लाखों रुपये खर्च किए हैं, करीब 20 हजार लोगों के लिए सहभोज भी रखा गया था**

क्षेत्रीय विधायक अशोक लाहोटी मौजूद थे और न ही कोई बीजेपी का नेता।

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के तहत महापौर डॉ. सौम्या ने रेहड़ी-ठेले वालों को लोन व आईडी कार्ड दिलाने का कार्यक्रम रखा था। साथ ही 20 हजार लोगों का सहभोज रखा था। नगर निगम ने इस कार्यक्रम पर लाखों रुपए खर्च किए हैं, मगर इस कार्यक्रम को महापौर का शक्ति प्रदर्शन बताया जा रहा है। यूं तो जयपुर में लगभग एक लाख स्ट्रीट वैंडर्स हैं और कार्यक्रम में तय संख्या में तो लोग नहीं पहुंचे, लेकिन आशानुरूप महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भीड़ जुटा लाई। कार्यक्रम के लिए सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्ड से स्ट्रीट वैंडर्स को लाने का जिम्मा सौंपा गया था। महापौर व अन्य अतिथियों ने वैंडर्स को ऋण व आईडी कार्ड वितरित किए।

कार्यक्रम में पीएम-स्वनिधि योजना के तहत 5 हजार स्ट्रीट वैंडर्स को 10 हजार रुपये तथा 200 स्ट्रीट वेन्डर्स को 20 हजार का ऋण बांटा गया। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत भी 50 छोटे व्यवसायियों को ऋण दिया गया। मौके पर स्ट्रीट वेन्डर्स को पहचान पत्र दिए गए।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि भारत में हुए 'जी-20' सम्मेलन की तर्ज पर वीमेन-20 और अर्बन-20 हो रहा है। इसी क्रम में अंत्योदय-20 का आयोजन किया गया है। राजधानी के 50 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को लोन और परिचय पत्र देने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है। पहले चरण में 5 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को 10 हजार का लोन उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से घोषित मिलेट्स 2023 के तहत श्रीअन्न की प्रदर्शनी भी लगाई गई। महापौर ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवारों के साथ सहभोज किया। इससे उनमें समानता का भाव आएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रवीण कुमार, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, चैयरमेन डे-एनयूएलएम अर्चना शर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय महाप्रबंधक विपिन सिंह, क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक प्रांजल बाजपेयी, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुमेधा समेत समितियों के चैयरमेन, पार्षद, जोन व मुख्यालय के उपायुक्त और स्ट्रीट वैंडर्स मौजूद थे।





**महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने शुक्रवार को सांगानेर स्टेडियम में स्ट्रीट वैंडर्स को ऋण वितरण के बहाने भारी भीड़ जुटाकर शक्ति-प्रदर्शन किया।**

## बर्थ-डे पार्टी में नशीला केक खिलाकर छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में बर्थ-डे पार्टी में छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। नशीला केक खिलाकर दोस्त ने बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। होश आने पर विरोध करने पर शादी का वादा किया। शादी का झांसा देकर तीन साल तक देहशोषण करता रहा। एयरपोर्ट थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कैलाश प्रसाद कर रहे है।

पुलिस ने बताया कि भरतपुर निवासी 30 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साल 2019 से वह जयपुर मे रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही है। पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात अलवर निवासी हेमंत कुमार मीणा से हुई। जगतपुरा में किराए से रहने वाले हेमंत से बातचीत के दौरान दोस्ती हो गई। 20 दिसम्बर 2019 को खुद के बर्थ-डे पार्टी में उसे जगतपुरा स्थित रूम पर बुलाया।

केक में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। नशीला केक खाने से बेहोश होने पर आरोपी ने उसके साथ रेप किया। होश आने पर विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर करीब 3 साल तक देहशोषण करता रहा। फरवरी 2023 में शादी करने का दबाव बनाने पर परिवार के साथ अच्छा नहीं होने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## सार-समाचार

### 'सप्लाई चेन मैनेजमेंट में स्पीड जरूरी'

**जयपुर (कासं)।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने "भविष्य की सप्लाई चेन मैनेजमेंट-लचीलापन, स्थिरता और दृश्यता" विषय पर वार्षिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इसमें कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स-एसएस सप्लाई चेन सॉल्यूशन के डायरेक्टर जसपाल गांधी ने कहा कि लोजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट में स्पीड ही सब कुछ है। उन्होंने लोजिस्टिक्स में स्पीड लाने के लिए संगठनों को उत्पादन और योजना से सावधान रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोविड काल ने उद्योग को कई स्त्रोतों में तब्दील कर दिया है। एससीएम, आरएके सेरामिक्स (इंडिया) के महाप्रबंधक राजिंदर सिंह मान ने सप्लाई चेन प्रबंधन में दक्षता, मापनीयता और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक अच्छी सप्लाई चेन पद्धित विकास और ग्राहक प्रतिधारण में सहायता करती है क्योंकि उच्च दक्षता के परिणामस्वरूप ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि होती है। बाद में, उन्होंने सिरेमिक क्षेत्र और हरित उत्पादन में एससीएम पर भी चर्चा की। बेक्टन डिकिन्सन इंडिया प्रा. लि. के प्लानिंग लीडर, सप्लाई चेन सौम्या मित्रा ने कहा कि जब यह टिकाऊ होगा तो किफायती होगा। प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना और प्रौद्योगिकी के अधिक अनुकूल होना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि बाजार में बने रहने के लिए सप्लाई चेन प्रबंधन को मांग और आपूर्ति में व्यवधान को कम करने में काम करना चाहिए। कॉन्क्लेव की शुरुआत डॉ. श्रीकांत गुप्ता, एरिया चेयर, ऑपरेशंस एंड डिसीजन साइंसेज के स्वागत भाषण से हुई। पैनल डिस्कशन का संचालन डॉ. लोकेश विजयवर्गी ने किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए, जबकि डॉ. प्रशांत गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सात कुंडीय गायत्री महायज्ञ कल होगा



**जयपुर।** बैनाड़ रोड सीतावाली फाटक स्थित श्री देव दर्शन मंदिर में कल रविवार को सात कुंडीय गायत्री महायज्ञ का अनूठा आयोजन होगा। इसमें मुख्य यजमान उन युवा दंपत्तियों को बनाया जाएगा जिनकी हाल ही में शादी हुई है। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि उनकी आने वाली संतान गुणवान, तेजस्वी और संस्कारी हो। इसके लिए युवा यजमानों से भागीदारी संकल्प पत्र भरवाए जा रहे हैं। इन युवा जोड़ों के साथ वे जोड़े भी यज्ञ करेंगे जो दूसरी अथवा तीसरी संतान के बारे में सोच रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई। ऐसी महिलाएं देसी गाय के दूध से बनी खीर से विशेष आहुतियां भी अर्पित करेंगी। इस मौके पर उनका पुंसवन संस्कार भी कराया जाएगा। गर्भवती महिलाओं को आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, ताकि गर्भावस्था के दौरान वह अपनी दिनचर्या को सुव्यवस्थित बना सकें। इनके अलावा सभी लोगों को यज्ञ में आहुतियां अर्पित करने का अवसर मिलेगा। यज्ञ में समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हो सकते हैं। श्री देव नारायण मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के उप जोन कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली यज्ञ संपन्न कराएगी। वहीं गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा और गायत्री महिला मंडल करधनी की ओर से निवारू के श्री अंबे हॉस्पीटल में रविवार सुबह नौ से दस बजे तक पुंसवन संस्कार करवाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राकेश सैनी ने बताया कि शनिवार सुबह सात से आठ बजे तक श्री देवदर्शन मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। गणेशजी महाराज, हनुमान जी महाराज और राधा गोविंद को धोक देकर श्रद्धालु आसपास के क्षेत्र में भजन गाते और जयकारे लगाते लोगों को यज्ञ के लिए आमंत्रित करेंगे।

### नेहा सैनी को पी.एच.डी.की उपाधि



**जयपुर, (का.सं.)।** नेहा सैनी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसोपी (पी.एच.डी.) की उपाधि बिड़ला ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित आरयूएचएस के 8वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदान की। नेहा सैनी ने ह्यूमन एनाटोमी के "ए मॉरफोलोजिकल कडावेरिक स्टडी ऑन प्रिंसीपल ब्रांचेज ऑफ कोरोनरी आर्टरीज इन ह्यूमन हार्ट्स विषय पर अपना शोध एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रो. धीरज सक्सेना ने निर्देशन में किया।

### सूने मकान से जेवर-नकदी चोरी

**जयपुर (कासं)।** करधनी इलाके में चोरों ने गुरूवार रात जमकर आतंक मचाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश में जुटी है। दरअसल गुरूवार रात शातिर चोरों ने गंगा विहार में रहने वाले कुशाल सिंह राठौड़ घर पर धावा बोल दिया। राठौड़ अपने रिश्तेदारों के यहां मिलने गए थे, रात में अधिक समय होने से वहीं रुक गए। उधर सूने मकान पर धावा बोलते हुए चारों ने लाखों के जेवर, कीमती सामान, मोबाइल फ़ोन और लगभग पौने 2 लाख रुपये चुरा लिए। पीड़ित कुशाल सिंह ने बताया कि जब वे सुबह 6.30 बजे घर पहुंचे तो मकान के ताले टूटे हुए थे, सारा सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी का ताला टूटा हुआ था, इस पर उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम पर घटना की सूचना दी। इस पर करधनी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एफएसएल टीम को बुलाकर हाथों के निशान लिए। करधनी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया मामला धारा 457,380 में दर्ज कर लिया है मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त

### पडौसी ने नाबालिग से छेड़छाड़ की

**जयपुर (कासं)।** नाहरगढ़ रोड पर पडौसी युवक के नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। घर में अकेला पाकर आरोपी पडौसी ने उसके साथ गंदी हरकत की। विरोध कर शोर मचाने पर गाली-गलौज कर आरोपी वहां से भाग निकला। नाहरगढ़ रोड थाने में पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नाहरगढ़ रोड निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह अपने परिवार के साथ यहां रहती है। 10 अप्रैल को रोज की तरह वह जॉब पर चली गई। उनकी 17 साल की बेटी घर पर अकेली थी। रात करीब 8 बजे घर में नाबालिग बेटी को अकेला देखकर आरोपी पड़ोसी घुस गया। जबरन गंदी हरकत कर छेड़छाड़ का विरोध कर पीड़िता ने शोर मचाया। जोर-जोर से चिल्लाने पर आरोपी पडौसी गाली-गलौज कर घर से भाग निकला। आरोपी की करतूत से घबराई नाबालिग ने घर लॉक किया। उसके बाद कॉल कर अपनी मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे परिजनों ने आरोपी पडौसी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

### पक्षियों के लिये 51 परिंडे लगाये

**जयपुर।** पक्षियों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कीर्ति रावत के निर्देशन में स्थानीय तिलक नगर स्थित तिलक पार्क में 51 परिंडे बांधे। परिंडा महोत्सव के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय के यूथ विंग के ग्रुप लीडर अमोलक बैरवा, रितिका मीणा, भरत वर्मा, आरती असवाल व अमन शर्मा आदि स्वयं सेवको के साथ यूथ विंग के अध्यक्ष निहित रस्तौगी, महासचिव रवि खत्री एवँ सचिव सौम्यता लोचन उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मुदित गुप्ता ने इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी।

### क्रमिक अनशन 30वें दिन भी जारी

**जयपुर।** मंत्रालयिक कर्मचारियों का क्रमिक अनशन शुक्रवार को 30वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को जलदाय विभाग के विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में राजेश कुमार गोयल, दयाल चंद सैनी व राहुल किराड़ अनशन पर बैठे। कर्मचारियों ने बताया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25 हजार 500 देने समेत 6 प्रमुख मांगों के साथ गत 16 मार्च से शहीद स्मारक पर अनशनरत हैं, लेकिन सरकार हमारी तरफ ध्यान नहीं दे रही है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं व लोगों का सम्मान

**जयपुर (कासं)।** सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में सभी पेंशनर्स को न्यूनतम पेंशन एक हजार रूपए देने निर्णय लिया है। इससे पेंशनर्स को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है।

जूली आज शुक्रवार को बी एम बिरला सभागार में अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित अंबेडकर पुरस्कार राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा अंबेडकर सामाजिक सेवा, अंबेडकर महिला कल्याण, अंबेडकर न्याय और नौ विद्यार्थियों को अंबेडकर शिक्षा पुरस्कार दिए गए।

गहलोत ने अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान को एक लाख रुपए, अंबेडकर महिला कल्याण पुरस्कार सुनीता छाबड़ा निवासी जयपुर तथा अंबेडकर न्याय पुरस्कार एडवोकेट हरी लाल बैरवा निवासी सवाई माधोपुर को 51 हजार रुपए नकद एवम प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसी प्रकार अंबेडकर शिक्षा पुरस्कारों के तहत प्रतिभा राज निवासी बाडमेर, निकिता निवासी सीकर, लिसिता निवासी मेड़ता सिटी, ज्योत्सना निवासी झुंझुनू, करण लीलावत निवासी जोधपुर, प्रतिभा बारवाड़ निवासी जयपुर, भोजराज निवासी बीकानेर, राधिका निवासी जयपुर तथा मोनू मीना निवासी दौसा को पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रभातफेरी में गूंजे 'जय भीम' के नारे



**झोटवाड़ा इलाके में डा. अंबेडकर जयंती पर शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई।**

**जयपुर (कासं)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के दौरान झोटवाड़ा के वार्ड 30 से 34 में एससी-एसटी वर्ग के लोगों ने बैंड बाजे के साथ प्रभातफैरी निकाली। पार्षद लादूराम दुलारिया ने बताया कि यह रैली सर्वोदय विद्यालय पानी की टंकी होते हुए नृसिंह नगर से गणेश कॉलोनी चौराहे से चांदनी चौक, लता सर्किल, सीताबाड़ी धानका बस्ती, हरिजन बस्ती व पुलिस थाना स्टेशन सर्किल से होते हुए निवारू रोड से रैगर मोहल्ला शिव मंदिर धर्मशाला पहुंची। समाजजनों ने जय भीम-जय भीम के जोशीले नारे लगाए। रैली में धानका, नायक, हरिजन, खटीक, बलाई व रैगर समाज के हजारों लोग शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह प्रभातफैरी का स्वागत किया गया।

## बाबा साहब के योगदान पर चर्चा

**जयपुर (कासं)।** राजधानी के सोड़ाला स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम मॉडल चिकित्सालय में 14 अप्रैल की पूर्व संध्या को भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत समारोह की अध्यक्षता उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आर.पी. मीना द्वारा संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ की गई। समारोह में डॉ. अखिलेश जैन, हरिशंकर कुलदीप, अखिलेश्वर अटल, टिका राम आदि वक्ताओं द्वारा शिक्षा का महत्व बताते हुए बाबा साहेब के दिखाये मार्ग पर चलने की आवश्यकता का महत्व बताया। साथ ही आधुनिक भारत निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये अतिथियों का पौधे सहित गमले देकर सम्मान किया तथा साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बाबा साहेब की जीवनी पर क्विज़ प्रतियोगिता रखी गई तथा विजेताओं को पुरस्कार दिये गए।

## नई तकनीकों और इलाज पर चर्चा के लिए जुटेंगे हृदय रोग विशेषज्ञ

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** कार्डियोलॉजी के वरिष्ठ डॉक्टर नवीनतम मेडिकल इमेजिंग और डायग्नोस्टिक तकनीकों और रोग प्रबंधन तथा उनके प्रभाव पर चर्चा के लिए जयपुर में जुटेंगे।

रेडियोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर महाजन इमेजिंग एंड लैब्स की ओर से कार्डियक इमेजिंग- द नीड ऑफ द ऑवर विषयक सेमिनार 15 अप्रैल को जयपुर के मैरियट होटल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश के अनेक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। पद्म भूषण, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, चेयरमैन, फोर्टिस हार्ट एंड वैस्कुलर इंस्टीट्यूट, फोर्टिस मेमोरियल हॉस्पिटल, गुड़गांव के डॉ. टी.एस क्लेर 'कार्डियक एमआरआई- व्हाई डू कार्डियोलॉजिस्ट्स नीड इट' पर बतौर मुख्य वक्ता अपना उद्बोधन देंगे। कार्डिक इमेजिंग, एचओडी रेडियोलॉजी, महाजन इमेजिंग एंड लैब्स, जयपुर की निदेशक डॉ. सुमन सिंघल राजस्थान में पहली बार उपलब्ध हृदय रोग जांच की नवीनतम नैदानिक तकनीकों के बारे में जानकारी देंगी। इसके तहत हृदय रोग के लिए उच्च जोखिम वाले रोगियों का पता लगाने के लिए नई तकनीक प्लाक इमेजिंग और रोगी के लिए सरल व सुलभ उपचार योजना के लिए एमआरआई आधारित मायोकार्डिअल व्यवहार्यता शामिल हैं।

## उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ ने मनाई अंबेडकर जयंती

**जयपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल कार्यालय में मनाई गयी।

इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुा, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित और एससी-एसटी एम्पलायज

- **बाबा साहब के तीन मूल मंत्र, ''शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो'' को अपनाने की जरूरत है : दीक्षित**

एसोसियेशन के जोनल महामंत्री और जयपुर मंडल अध्यक्ष रामसिंह एवं अन्य वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जीवन में अपनाने के बारे में प्रेरित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि जीवन लंबा होने के बजाए महान होना चाहिए। इसका बहुत ही शालीन महत्व है कि इंसान को अपना जीवन समाज को समर्पित करते हुए सबसे समानता व भाईचारे की भावनाओं के साथ जीवनयापन करना चाहिए। हमारे पिछड़े वर्ग को हमेशा साथ रखते हुए उनकी प्रगति, उनकी खुशहाली के लिए सोचना चाहिए।

इस जयंती समारोह में एससीएसटी एम्पलाइज यूनियन के जोनल महामंत्री एवं जयपुर मंडल अध्यक्ष रामसिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दलित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया और बाबा साहेब का तीन मूल मंत्र सबको अपनाना चाहिए कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। इस दौरान मंडल पदाधिकारी प्रवीण सिंह चौहान, राजेश मीणा, दीपक कुमार, रामबाबू गौतम के साथ साथ याकत अली, अनिल चौधरी, अर्जुनलाल कुमावत, देवेन्द्र सिंह चौहान, निकेन्द्र सिंह, कविता मीणा, रीना मीणा, नीरज मीणा, दायला शरण, हनुमान शर्मा, आदित्य दीक्षित, भूरसिंह मीणा, कमल जादम, बाबूलाल चौधरी, सुधीर उपाध्याय, दिनेश मामोडिया, नवनीत गुर्जर, हरलाल घायल, राजेन्द्र मीणा, तरूण मीणा, भारत वैष्णव, बबलू केसी, अरविंद गोस्वामी, प्रहलात कुमावत, महेश शर्मा मौजूद थे।




**संविधान निर्माता भारत रत्न देश के प्रथम कानून मंत्री डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल कार्यालय में मनाई गयी।**

### 'शिक्षा को शेरनी के दूध के समान मानते थे बाबा साहब'

**जयपुर।** राष्ट्रीय शिक्षक संघ संचेतना उज्जैन एवं हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान जयपुर के संयुक्त आयोजन में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में "विश्व मानवतावादी डॉ. आंबेडकर" विषय पर हिंदी भवन जयपुर में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिल शुक्ला अधिवक्ता ने कहा कि न्यायविद संविधान शिल्पी बाबा साहब अंबेडकर की मानवतावादी सोच का दर्शन संविधान में प्रदत अनुच्छेद 14 से 32 तक मिले अधिकारों का अध्ययन करने पर स्पष्टतः मालूम पड़ जाता है। शुक्ला ने कहा कि बाबा साहब शिक्षा को शेरनी के दूध के समान मानते थे उनका मानना था की शिक्षित होने पर ही अधिकारों की रक्षा के लिए शेर की तरह दहाडा जा सकता है। बाबा साहब समाज को सदैव शिक्षित रहने, अन्याय के खिलाफ संघर्षरत रहने व सामूहिक



## International Microvolunteering Day

Microvolunteeringis a concept that has become more popular over the past 15 years. The term was first used in 2006 in the UK and found its way to Spain a few months later with the website domain name, "microvoluntarios". The notion then made a splash in the cyber world. Since that time, microvolunteering has continued to grow and develop, taking on the momentum of a global force that encourages average people to spend just a few spare moments of their lives to help make a positive impact on the world around them.

#INSPIRATION

# Making a Difference, One Dog at a Time

Chara Love's efforts towards feeding street dogs of her locality show how small acts of kindness can make a big difference.






Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*


Meet Chara Love, better known as 'The Dog Lady of Bani Park'. Born in England, raised in Australia, and after spending years in Bali, she is now living in Jaipur since 2019. She is the true embodiment of 'wanderlust', which has led her to live a life full of adventures and diverse experiences.

Chara's rebellious nature meant that she started making a living for herself from quite an early age. She found herself taking on secretarial jobs in various sectors, always seeking variety and change in her work life. Later, she completed a Social Work degree in Australia and worked towards providing counseling and psychotherapy to couples and individuals in government organizations and private practice. When it comes to her hobbies, Chara had interests as diverse as spinning, theatre and fitness.



However, it was her love for animals that truly became the defining aspect of her life. When she moved to Jaipur, she was unable to keep pets in her rented apartment. This led her to redirect her affection towards the street animals of the city. During the lockdown, she would feed as many as 70 dogs and puppies twice a day, and continues to feed around 40 of them even now. "During the lockdown, we regularly received food for animals from Raksha, a local NGO and that proved to be a great driver for the initiative", tells Chara.

Chara's affinity for animals can be traced back to her childhood, where she was surrounded by them. She spent a lot of time with her dogs, who were her constant companions. As she grew older, her interest turned towards rescuing dogs that were abandoned by their owners. Despite growing up on a farm where she consumed meat and milk, she later turned towards vegetarianism and veganism.


In 2019, Chara attended the Jaipur Literature Festival, where she met her current partner. Though he had never been a dog lover before, she was able to turn him into one. Together, they have been feeding dogs and puppes in the areas of Bani Park and Nehru Nagar. They also work towards rescuing those in abysmal conditions.

Feeding the dogs has not been without its challenges, however. "Some residents are averse to the idea of dogs being fed outside their homes or buildings, while others are afraid of the animals or simply dislike them", tells Chara. She and her partner also face difficulty in procuring enough supplies, as the amount of donations in terms of money as well as food they receive has decreased since the lockdown. Additionally, she has to leave the country every three months to renew her visa, which means she has to find someone to feed the dogs when she's away and sometimes that too involves paying someone to do the job.

When asked about how to solve these problems, Chara says: "The key lies in changing people's perception of dogs as community animals." By raising awareness about co-existence and the importance of treating street dogs with compassion, she hopes to create a better environment for these creatures that she holds so dear. "Since people have been noticing the work we do for the animals, many individuals have now started coming forward to donate generously", tells Chara while highlighting the positive change that her work is bringing about.

Chara Love's love for animals has touched the hearts of many. She is a true inspiration for anyone looking to make a positive change in their community, and her dedication to the cause is something that we should all strive to emulate.



Lieutenant General Hanut Singh, MVC.

He was awarded the Maha Vir Chakra for leading the advance of his Regiment in Basantar in the 1971 Indo-Pak War. After the 1971 war The Poona Horse was awarded the title of 'Fakhr-e-Hind' by the Pakistani soldiers for their valour and bravery. The badge of the Regiment is a 'hand' which protects and guides its men, 'The Hand of God Is Above All Things'

## Lieutenant General Hanut Singh

# He fought the greatest battle Indian army ever fought

#VALOUR




Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)


Lieutenant Colonel Hanut Singh, MVC was born on 06 July 1933 in Jasol, Barmer District, Rajasthan to Lieutenant Colonel Arjun Singh who had served in Jodhpur Lancers and commanded the Kacchawa Horse Regiment. Jasol, is a village in Pachpadra Tehsil, Barmer District. It was established by Rathore rulers who are descendants of the 13th century Rawal Mallinath, a Rajput warrior-saint who was the eldest amongst all houses of Rathores in Rajasthan. The royal houses of Jodhpur, Bikaner, Ratlam, Sitamau, Sailana, Idar and Alirajpur trace their lineage to Rathore Rajputs. Jasol Rajputs have been historically fiercely independent, chivalrous, brave and proud. Jaswant Singh the former Minister was his first cousin.

He did his schooling at Colonel Brown's School, Dehra Dun and as per his family tradition; he joined the Army as part of the first batch of the Joint Services Wing of the Indian Military Academy at Clement Town, Dehra Dun before the National Defence Academy moved to Khadakvasla, near Pune. He went to the Indian Military Academy in Dehradun where he was a Polo 'Blue' and was commissioned in December 1952 into 17 HORSE also known as POONA HORSE which he later commanded. According to Major General Raj Mehta,

"His professional reputation; lean, wiry, physique; Caesar's nose, charisma and no-nonsense style of speech, deportment and body language mesmerized us. We saw him in the mould of the great Cavalry heroes of World War 2; Manstein, Guderian; Rommel; Patton. It helped that he was a Master Gunner; a tactician extraordinaire and was, in all senses; a Prussian General Staff Officer. We all thought he was special and he was. I had the privilege as a Squadron Commander, of participating in 1986 in a fascinating series of perceptively scaled operational discussions, followed by a map and sand-model discussions, Test Exercises without Troops (TE'sWT) cumulatively called Brazen Chariots created by Hanut to bring all ranks of his Strike Corps on one operational-and-logistics grid for Exercise Brass- Tacks. Hanut had been specially selected by Army Chief, General Sundarji to be the Blue Land Commander for the exercise; then touted to be Asia's largest operational-cum-strategic level mechanised exercise since World War II.

### Conceptual Lessons

Brass Tacks was itself scaled to end up in Brass Tacks-4; an exercise that almost went down to the wire, sending a shiver up Pakistan's spine till certain changes were done in its conduct modalities and the exercise ended as was perhaps visualized - to bring out some high-level conduct and conceptual lessons. One major validation that took place was of Hanut's and Sundarji's conceptual thoughts in handling large mechanised and other forces in free-flowing, multi-pronged, multi-objective deep thrust operations while retaining tactical cohesion at Unit and lower levels. In several ways, it was a logical operational level upgrade in "handling armour" since Hanut's halcyon Shakargarh days. "We rolled with Huntie" is and will remain for many of us, a life-long, professional and special feeling."

Lieutenant General Hanut Singh was also known for his efforts to modernize and improve the Indian Army. He was a strong advocate for the use of technology in the military and made significant contributions to the development and implementation of new weapons systems and military equipment. He commanded Poona Horse, 14 (Independent) Armoured Brigade, 17 Mountain Division, 1 Armoured Division and 2 Corps during his career. He served in the Military Operations Directorate as a Brigadier was Director General

> Lieutenant General Hanut Singh was also known for his efforts to modernize and improve the Indian Army. He was a strong advocate for the use of technology in the military and made significant contributions to the development and implementation of new weapons systems and military equipment.



Lieutenant Colonel Hanut Singh receiving the Award of Maha Vir Chakra from President V. V. Giri.

Mechanised Forces and retired as Commandant Armoured Corps Centre and School. Much of what the Mechanised Forces are today is directly traceable to Hanut and the professional edge he gave them during the decades he was in service. General Hanut Singh was one of the key contributors to the warfighting doctrines that shaped the Corps and are in vogue today.

He was awarded the Maha Vir Chakra for leading the advance of his Regiment in Basantar in the 1971 Indo-Pak War. After the 1971 war The Poona Horse was awarded the title of 'Fakhr-e-Hind' by the Pakistani soldiers for their valour and bravery. The badge of the Regiment is a 'hand' which protects and guides its men, 'The Hand of God Is Above All Things'

The Battle of Basantar also known as the Battle of Shakargarh or Battle of Barapind (December 04-16, 1971) was one of the vital battles fought as part of the Indo-Pak War of 1971 in the western sector of India. The Indian troops won a



Lieutenant General Hanut Singh, MVC as GOC 2 Corps.

hard-fought battle that secured this area in the Punjab/Jammu Sector. The name Battle of Basantar actually encompasses the entire gamut of battles and skirmishes fought in the Shakargarh Sector.

### A Single Day's Battle

The offensive in this Sector was launched a few days after war broke out between the two nations. The Indian I Corps commanded by Lieutenant General KK Singh, MVC who had himself led his Brigade here during the 1965 War moved into the sector to capture the key areas. The 54 Infantry Division commanded by Major General (later lieutenant General) WAG Pinto and 16 (Independent) Armoured Brigade commanded by Brigadier (later General) Arun Vaidya were part of the Corps. As they advanced they were met by a series of minefields and by stiff Pakistani resistance. A troop of T-55 Tanks with trawls of the 7th Light Cavalry was attached for trawling with the 16 (Independent)



Lieutenant General Hanut Singh, MVC with his Division Troops Commanding Officers in Sikkim.

Armoured brigade at the outbreak of hostilities on 3 December 1971, during the Indo-Pak War. The entire trawling ahead of the 54 Infantry Division, led by the 16 (Independent) Armoured brigade was done by this Troop. This allowed the tanks to move ahead before the all-vehicle safe lane was cleared by the Engineers. Thus, while the Indian Division was bogged down as the Engineers had not cleared all the mines.

As the Commandant, Hanut Singh took the risk of sending the C Squadron under Major (later lieutenant general) Ajai Singh to cross 600 metres of an unbreached minefield without a single casualty. Poona Horse fought like lions destroying numerous enemy tanks in a single day's battle. Pakistan's oldest & proudest Cavalry Regiment 13 LANCERS was decimated & crippled.


This was also the battle where Second Lieutenant Arun Khetarpal of the 17 Horse, led his Troop of tanks to thwart an enemy Counter Attack in a manner that has gone down in the annals of history. A fierce tank battle ensued and a Pakistani tank was taken down. After suffering initial setbacks, the 8th Armoured Brigade of Pakistan was called in to help the Pakistani resistance in the area. However, the Regiment including Second Lieutenant Arun Khetarpal with his two remaining tanks continued with the assault and fought off and destroyed ten tanks before he was killed in action.

### 'Saint Soldier'


The Battle of Basantar was without a doubt Lieutenant General Hanut Singh's finest moment. He took part in one of the bloodiest tank engagements on the subcontinent while leading his renowned Regiment, Poona Horse. His crucial choice to risk leading the unit across an unexplored minefield turned out to be the decisive element in the victory. The Centurions of Poona Horse shocked and defeated Pakistan's 13 LANCERS with Patton Tanks as they attacked the Indian stronghold at Jarpal.

For the battles fought, The Poona Horse was awarded one Param Vir Chakra, two Maha Vir Chakra, three Vir Chakras, three Sena Medals and ten Mention in Despatches. The Regiment was awarded Battle Honour "BASANTAR" and Theatre Honour "PUNJAB 1971". As per Lieutenant General WAG Pinto, PVSM (Retd) "The Battle of Basantar was one of the greatest tank battles ever fought by the Indian Army.

He remained unmarried his whole life and was also known as the 'Saint Soldier' as he devoted his spare time to spiritual readings and meditation. After retiring from active service on 31st July 1991, Lieutenant General Hanut Singh



Lieutenant General Hanut Singh, MVC.



OBITUARY

Lt Gen Hanut Singhji, PVSM, MVC (Retd)
(06 Jul 1933 to 11 Apr 2015)

*The Poona Horse Pariwar lost its GURU, Mentor and Architect of Victory of Battle of Basantar, Indo-Pak war 1971 on 11th April 2015. Lt Gen Hanut Singhji, PVSM, MVC (Retd) an iconic general of the Indian Army who held the mantle of 'a soldier's general', widely recognized as a Saint soldier "went to be with his lord" at his residence in Dehradun, with this the Great Soul has moved beyond the divide to merge with the "Hand" that has guided the PH destiny through the ages.*

THE PRAYER MEETING
will be held on 27th April 2015 at his residence at 180C, Rajpur Road, behind Shiv Balyogi Ashram, Dehradun.

In Grief
THE POONA HORSE PARIWAR
RANVIR JALSADA

Lieutenant General Hanut Singh's obituary by the Poona Horse.

moved to Dehradun to spend the rest of his life reading books and meditating in Shiv Balyogi Ashram, Rajpur, Dehra Dun. He passed away during his meditation session on 11 April 2015.

Lieutenant General Hanut Singh had three sisters younger to him. His eldest sister's son, Colonel Shambhoo Singh Deora, SM, also followed in his footsteps and joined the Army and was part of 10 PARA, Special Forces, and his son Major Ajmal Singh is now serving with 15 RAJ RIF, making him the fourth generation to serve in the armed forces.

His value systems, his integrity, and professionalism stood out he devoted his life to soldiering and spirituality. He stood out for his spartan outlook, mental grooming, discipline, intellect, and character. General Hanut did not just set matchless standards of professionalism, probity, and character; he lived them daily.

When he died, the Poona Horse put out an Obituary and Notice for the Prayer Meeting in a heartfelt tribute saying they had lost their 'Guru and Mentor'. This is a testimony of the indelible impression that he left for posterity. The words are poignant, and very well chosen because soldiers of his calibre are rare.


rajeshsharma1049@gmail.com




Lieutenant General Hanut Singh, MVC posing on top of a tank with his fellow soldiers after the Indo-Pak war of 1971.

#INTERPRETATIONS

# What is good for the goose is good for the gander

*"We cannot expect people to have respect for law and order until we teach respect to those we have entrusted to enforce those laws."*
*-Hunter S. Thompson*



Dermato.





Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*


While it definitely helps to have a degree of uniformity in the criteria used to determine negligence and liability that is not so in practice.

### Consider the following cases:

***I. Case No. 1477/2012 (Old case No. 561/2010) at the District Consumer Redressal Forum, Jaipur IV, Jaipur***

The complainant, who was also an advocate, developed a tumour in the region of one shoulder. This was removed by a surgeon and submitted to a pathology laboratory in Jaipur for histopathological (microscopic) examination by a pathologist in order to



Ca esophagus.

determine what kind of tumour this was. The tissue submitted was processed in the laboratory into blocks and slides before it could be examined. We may regard such prepared tissue as evidence since this term will come up again shortly.

The pathologist, after duly examining the tumour grossly and then microscopically, opined that it was a dermatofibosarcoma protuberens. This is a kind of low-grade or borderline cancer of the skin. The advocate-patient wanted a second opinion and so obtained some of the prepared tissue samples (blocks and slides) from the pathology laboratory and had these sent to a senior pathologist in Mumbai.

The Mumbai pathologist interpreted the tumour to be a dermatofibroma which is a benign or innocent tumor (unlike a dermatofibrosarcoma protruberans which is a borderline cancer). It may be noted that he used the same evidence (the blocks and slides) for his interpretation.

The advocate-patient filed a case in the District Consumer Forum, charging the Jaipur pathologist with negligence. The learned bench, on the basis of the interpretation of the Mumbai pathologist, concluded that the interpretation of the Jaipur pathologist was wrong and that the Jaipur pathologist was negligent. The Forum awarded one lakh rupees for the mental agony suffered by the advocate patient because of the Jaipur pathologist's report while he awaited the interpretation of the senior Mumbai pathologist of the evidence on record.

So, we see that the basis of judgment (negligence) here is a contrary interpretation by a so-called superior authority of the evidence on record

***II. Case No. 76/2013 State Consumer Disputes Redressal Forum***

This concerned a patient who suffering from advanced oesophageal cancer that did not respond to treatment. She had earlier been treated for breast and colonic cancer. She was being fed through a naso-gastric tube and was brought to a private hospital because the feeding tube became dislodged and needed reinsertion. The feeding tube was duly reinserted but she was kept in the hospital for treatment of an associated chest infection.

After the patient was discharged, her tube feeding continued at home. Subsequently, she developed pneumonia and died.

A case against the doctor who treated the patient was filed in the District Consumer Forum charging him with negligence. After studying the evidence (treatment record), the learned bench concluded that the treating doctor was negligent because he did not diagnose the chest infection, did not interpret the investigation reports properly, did not treat the chest infection properly and discharged the patient prematurely as a result of which she developed a fatal pneumonia. The bench awarded 15 lakh rupees for negligence and 51 thousand rupees as costs.

On appeal by the treating doctor and the hospital (First Appeal No. 893 of 2016), the National Consumer Redressal Commission, New Delhi, analysed the same evidence (medical record) and concluded that the State Forum had erred on all counts in their interpretation of the evidence on record. The National Forum overturned the State forum judgement and pronounced the treating doctor as not negligent.

The point of these two cases is to show how interpretation of similar evidence by the judiciary is not uniform. After all, shouldn't what is good for the goose be





good for the gander?

Judges do not seem to think so.

In the first case, the learned District Forum believed that the interpretation of the evidence (pathological specimens) by the seemingly superior Mumbai pathologist was correct while the interpretation of the same evidence by the Jaipur pathologist was not. On this basis, the forum found the first pathologist to be negligent.


In the second case, based on the interpretation of same evidence (medical records), the learned National Forum, struck down the District Forum's judgement.

I wonder….using the same criteria as was employed in the first case, why should not the State Forum, in the second case, be found negligent and thus liable to compensate the treating doctor for the mental torture that it had caused him by its wrong interpretation of the evidence?




Ca rsophgus.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नदबई में प्रतिमा स्थापना विवाद: प्रशासन अलर्ट

## नगर पालिका प्रशासन की ओर से बाईपास सौन्दर्यीकरण को लेकर बैलारा सर्किल पर भीमराव अंबेडकर, कुम्हेर चौराहे पर महाराजा सूरजमल एवं नगर बाईपास चौराहे पर परशुराम की प्रतिमा लगाना प्रस्तावित किया

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो एसटीआरएफ की कम्पनी सहित भारी पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात
- बैलारा बाईपास के पास मूर्ति स्थापना को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की जानकारी मिली

**नदबई/भरतपुर,** (निसं.)। नदबई कस्बे के बैलारा बाईपास चौराहे पर प्रतिमा स्थापना विवाद के मामलें में दूसरे दिन पूरी तरह शांति व्यवस्था रही। लेकिन, उसके बावजूद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा। बैलारा बाईपास चौराहे पर स्थित स्टेच्यू को जहां देर रात पूरी तरह सील कर दिया गया तो वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो एसटीआरएफ की कम्पनी सहित भारी पुलिस जाब्ता मौके पर बना हुआ है। नदबई सीओ नीतिराज सिंह व एसडीएम जोगिन्दर सिंह भी मौके पर मौजूद रहते हुए बराबर मामलें पर नजर बनाए हुए है।

गौरतलब है कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से बाईपास सौन्दर्यीकरण को लेकर बैलारा सर्किल पर भीमराव अंबेडकर, कुम्हेर चौराहे पर महाराजा सूरजमल एवं नगर नगर बाईपास चौराहे पर परशुराम की प्रतिमा लगाना प्रस्तावित किया। पंचायतीराज जनप्रतिनिधी व ग्रामीणों का विरोध करने व ग्रामीणों व पुलिसकर्मियों के बीच पथराव होने के बाद तनावपूर्ण स्थिति होने के चलते संभागीय आयुक्त ने प्रतिमा स्थापना स्थगित कर शांति व्यवस्था रखने का प्रयास किया। लेकिन, गत दिवस पर्यटन मंत्री पुत्र का समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच प्रतिमास्थल पर महाराजा सूरजमल की तस्वीर रखने से एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई। बाद में शांति व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्टेच्यू को सील कर मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया।

भरतपुर के नदबई थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के बैलारा वाईपास के पास मूर्ति स्थापना को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के बैलारा वाईपास के पास संबिधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के स्थान पर महाराजा सूरजमल की मूर्ति लगाए जाने की मांग करते गुरुवार को जाट समाज के हुजूम ने विवादित जगह पर महाराजा सूरजमल की तसवीर रख भूमि पूजन कर दिया। इस बीच बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ व पुलिस के बीच हिंसक टकराव भी हुआ था। मामले को लेकर थाना नदबई के सहायक उपनिरीक्षक रमेशचन्द ने 9-10 व्यक्तियों के विरूद्ध बैलारा वाईपास के पास रास्ता अवरूद्ध कर आगजनी, पुलिस पार्टी पर पथराव व फायरिंग कर जानलेवा हमला करने व राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने का एक मामला दर्ज कराया था।

मामले में कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी रामअवतार द्वारा नामजद फरार आरोपी रविन्द्र पुत्र गोरधन उम्र 24 साल जाति जाट निवासी कबई थाना नदबई, हेमराज पुत्र मोहनलाल उम्र 35 साल जाति रैगर निवासी कुन्देर थाना अटरू जिला बांरा, पीतम पुत्र लक्ष्मन उम्र 60 साल जाति जाट निवासी बैलारा थाना नदवई, नेत्रपाल पुत्र विरजी उम्र 19 साल जाति जाट निवासी सोनेरा थाना कुम्हेर, लोका पुत्र पदमसिंह उम्र 65 साल जाति जाट निवासी बुढ वारी थाना नदबई, जीतेन्द्र पुत्र सोपाली उम्र 25 साल जाति यादव निवासी बुडावन थाना तासगंज जिला आगरा व विजेन्द्र पुत्र मेहराम उम्र 45 साल जाति यादव निवासी मझावाली थाना पिगांव फरीदाबाद को गिरफतार किया हैं।

## हत्या के मामले में गतिरोध जारी

**बाड़मेर,** (निसं)। जिले के गिराब थाना क्षेत्र के असाडी गांव में बुधवार सुबह दलित युवक की निर्मम हत्या के मामले में घटना के तीसरे दिन शुक्रवार को भी गतिरोध नहीं टूटा और मृतक के परिजनों व समाज के लोगों का मोर्चरी के आगे धरना जारी रहा तथा मृतक का शव नही उठाया गया। शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम भी स्थगित किये गए। हजारों की संख्या में लोगों ने चौहटन सर्किल से जिला अस्पताल तक मौन जुलूस निकाला और पीड़ित के लिए न्याय की मांग की। इससे पहले चोहटन सर्किल स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उधर धरनास्थल पर आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग पहुँचे जिसके चलते शहर पूरा छावनी में बदल दिया गया। चप्पे चप्पे पर पुलिस, आरएएसी, एसटीएफ, सादा पुलिस कर्मीयो की तैनातगी की गई। प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाये रखी। दोपहर को मोर्चरी से हजारों लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुँचे और आक्रोश जताया। पीड़ित पक्ष की और से मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा और न्याय की मांग की। इस पूरे मामले में मृतक के पुत्र ने 16 नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध गिराब थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के गिराब थानांतर्गत असाडी गांव में गत बुधवार सुबह चालीस वर्षीय कोजाराम मेघवाल जब अपने खेत में बकरियों को चराने गया था। तब उस पर अज्ञात लोगों ने लाठियों व सरियों से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित परिजनों व समाज के लोगों ने जिला अस्पताल परिसर में स्थित मोर्चरी के बाहर टेंट बांधकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के 13 लाख रूपयों से भरे एटीएम को उखाड़ ले गए चोर

## पुलिस ने चोरी की वारदात का मात्र पांच घंटों में ही किया खुलासा



लाखेरी थाना पुलिस की गिरफ्त में अंतरराज्यीय एटीएम चोर गिरोह का आरोपी।

- अन्तर्राज्य चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

**बूंदी,** (निसं)। लाखेरी कस्बे के ऑफ बड़ौदा के एटीएम को चोर शुक्रवार सुबह 3 बजे उखाड़कर ले गए। एटीएम चोरी की यह वारदात तय हुई जब जिले की कानून व्यवस्था को लेकर एडीजी संजीव कुमार जिले के दौरे पर हैं। एटीएम में 13 लाख रुपए रखे थे। एटीएम लूट की वारदात का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने मात्र पांच घंटों में वारदात का खुलासा कर दिया है। थानाधिकारी महेश करवाल सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि कस्बा लाखेरी में बैंक ऑफ बड़ौदा के 13 लाख 500 रूपये से भरे एटीएम मशीन चोरी की वारदात की गंभीरता को देखते हुए वारदात का त्वरित खुलासा करने हेतु महेश कुमार उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना लाखेरी, सुरेश कुमार उ.नि. थानाधिकारी थाना गैण्डोली, रामेश्वर प्रसाद सी.आई. थानाधिकारी थाना इन्द्रगढ के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर जिले में सघन नाकाबन्दी की गई तथा लाखेरी कस्बा में आने जाने वाले मार्गों व टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज चैक कर व सूचनाओं का संकलन कर मुल्जिम विकास पुत्र मांगा बंजारा (27) निवासी मिर्जाटीला पोस्ट जोली थाना सिकेड़ा जिला मुजफ्फरनगर यू.पी. के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक इको कार बिना नंबरी व एटीएम मशीन बरामद कर मुल्जिम को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने एटीएम के सीसीटीवी कैमरों पर सिल्वर रंग का स्प्रै कर रखा था। बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम मशीन की चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए किशोरीलाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी व नतीशा जाखड़ वृताधिकारी वृत लाखेरी को निर्देश देकर मौके पर रवाना किया। सम्पूर्ण बून्दी जिले व आसपास के जिले सवाईमाधोपुर, कोटा, टोंक में ए श्रेणी की नाकाबन्दी करवाई गई।

घटनास्थल पर एम.ओ.बी. व एफ.एस.एल. टीमों को भेजा गया। उक्त टीमों ने शहर में आने जाने वाले मार्गों, टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज को चैक किया तथा जिले से बाहर आने जाने वाले मार्गों पर सघन नाकाबन्दी कर एटीएम चोरी के एक आरोपी विकास पुत्र मांगा बंजारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार ईको रंग सफेद बिना नम्बरी व एटीएम मशीन को जप्त किया गया।

घटना में सम्मिलित अन्य मुल्जिमान व रूपयों के संबंध में अनुसंधान जारी है। घटना के संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के फरियादी सत्यनारायण कुमार पुत्र नन्द किशोर हाल शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा बाटम लेवल लाखेरी ने प्रकरण दर्ज करवाया है। मन पुलिस अधीक्षक जिला बून्दी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द शेष आरोपीयों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये हैं।

# हिण्डौन कृषि उपज मंडी में छह दुकानों के तोड़े ताले

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। शहर में कृषि उपज मंडी में 6 माह में दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। गुरुवार रात मंडी में चोर 6 दुकानों के ताले तोड़ कर 20 हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें 2 बदमाश दुकान में चोरी करते नजर आ रहे हैं। सुबह जब व्यापारी दुकान खोलने के लिए मंडी पहुंचे तो दुकानों के शटर टूटे मिले। साथ ही गल्ले खुले मिले, बही खाता व अन्य दस्तावेज दुकानों में बिखरे हुए मिले। चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों ने काफी नाराजगी जताई। वही चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह भी जाब्ते के साथ शुक्रवार सुबह मंडी पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें 2 बदमाश चोरी करते नजर आ रहे हैं।

समिति अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि कृषि उपज मंडी में चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। सुरक्षा गार्ड होने के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद है। कृषि उपज मंडी में 6 माह पहले भी चोरी की वारदात हुई थी। दोनों ही वारदात फसलों के मंडी में बड़ी आवक के दौरान ही होती है।

## हथियार सहित एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के धानमण्डी एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टल मय तीन कारतूस जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान धानमंडी थानाधिकारी एवं डिएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गुरूवार रात में देहलीगेट स्थित नगर निगम पार्किंग पर खड़े बदमाश पानी की टंकी के पास मल्लातलाई निवासी इरफान खान पुत्र हसन खान पठान को दबोच कर तलाशी ली तो उसके कब्जे ऐे एक पिस्टल मय तीन कारतूस पाए गए। इस पर पुलिस ने जांच शुरू की।

# श्रीमहावीरजी में कोडिया गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। श्रीमहावीरजी थाना पुलिस ने हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कुख्यात कोडिया गैंग से जुड़ा सदस्य भी है। थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कोडिया निवासी राजेश मीना है।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कई थानों में संगीन आपराधिक मामले भी दर्ज है। जिसमें मारपीट, धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास, हत्या व पुलिस के साथ मारपीट जैसे संगीन अपराध शामिल है।

आरोपी की तलाश काफी दिनों से थी। वारदात के बाद आरोपी राजेश मीना क्षेत्र से फरार हो जाता था। फिलहाल आरोपी के क्षेत्र में होने की सूचना मिली। जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। आरोपी राजेश मीना को श्रीमहावीरजी के कोडिया की बगीची से गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि आरोपी के खिलाफ करीब 12 मामले दर्ज है। वहीं अन्य आपराधिक प्रकरण में इस्तगासा पर मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार गैंगवार और आपराधिक घटनाओं से जुड़ा कोडिया गैंग के अपराधों से आसपास के क्षेत्र में काफी दहशत भी मची हुई थी।

## खेल-खेल में छात्र झुलसा

**उदयपुर,** (निसं)। खेल-खेल में केमिकल छिड़कने से छात्र झुलस गया। इस पर पीड़ित के पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित फलोदी जोधपुर हॉल अरिहन्तनगर भुवाणा निवासी महेन्द्रसिंह पुत्र उम्मेदसिंह ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

# कारों की टक्कर में दो घायल

**धौलपुर,** (निसं)। नेशनल हाईवे संख्या 11 बी पर सरमथुरा उपखंड में जोरगढ़ी गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक वैगनआर कार एवं इको कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ईको कार सवार दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई और मौके पर पहुंची। आँगई पुलिस एवं ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सरमथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरमथुरा पहुंचाया। जहां पर दोनों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायलों में ईको कार सवार कमला देवी पत्नी रामबाबू खटीक निवासी कोटरी एवं गोपाल पुत्र जगदीश खटीक निवासी कोटकासिम जिला अलवर शामिल है। वही आंगई पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है।

# भरतपुर में पुलिस ने नासिर व जुनैद की हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार किए

## दोनों आरोपियों मोनू राणा व गोगी पर पुलिस की ओर से दस-दस हजार रूपये का इनाम घोषित था

- हत्या प्रकरण में एक आरोपी रिंकू सैनी को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। पुलिस ने लौहारू हत्या प्रकरण में हत्या के दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। लौहारू में जली हुई बोलेरो गाडी में नासिर व जुनैद के जले हुए षव मिले थे।

इस हत्या प्रकरण में पुलिस एक आरोपी रिंकू सैनी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जिसकी गिरफ्तारी के बाद कडी मषक्कत के बाद करीब 2 महीने बाद पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभी भी पुलिस हत्याकाण्ड में षामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। मारे गए दोनों युवक नासिर व जुनैद पहाड़ी थाना इलाके के गांव घाटमीका के रहने वाले थे। वारदात के कुछ दिनों बाद पुलिस ने रिंकू सैनी नाम आरोपी को गिरफ्तार किया था। अब 10 हजार के इनामी मोनू राणा और गोगी को भी दबोच लिया गया है। आईजी गौरव श्रीवास्तव ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। आईजी ने बताया कि दोनों आरोपी उत्तराखंड के देहरादून के पास पहाड़ियों में छिपे थे। गुरुवार रात को इन्हें डिटेन किया गया था और शुक्रवार सुबह कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 10 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। दोनों मुख्य आरोपी मोनू राणा और गोगी भिवानी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की पांच टीम हरियाणा के अलग-अलग जगह पर दबिश दे रही थी। हरियाणा के अलावा दिल्ली-एनसीआर, यूपी, एमपी, बिहार, झारखंड और ओडिशा में इनके मूवमेंट की जानकारी मिली थी। यहां भी दबिश दी, लेकिन यहां इनके बारे में जानकारी नहीं मिली।

पुलिस ने नासिर और जुनैद के हत्याकांड मामले में 8 लोगों की पहचान की थी। इन पर 5-5 हजार का इनाम घोषित किया था, लेकिन जब आरोपी हाथ नहीं आए तो सभी आरोपियों पर इनाम की राशि बढ़ाकर 10-10 हजार रुपए कर दी गई। भरतपुर पुलिस की टीमें लगातार हरियाणा में जगह-जगह दबिश दे रही थीं। आईजी ने बताया कि फरारी के दौरान इन आरोपियों की कुछ लोगों ने मदद की थी, इनके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## पाठ्यक्रम से नाम हटाने पर ऐतराज

**चूरू,** (कासं)। आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब का राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी ने राजनीति विज्ञान की कक्षा 11 वीं की किताब से नाम का उल्लेख हटा दिया है। स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान की याद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर साल 11 नवम्बर को मनाया जाता है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद मेमोरियल वेलफ़ेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ कादिर हुसैन ने कहा है कि भारत रत्न प्राप्त मौलाना आजाद संविधान सभा की बैठक में भाग लेते थे और यह पहले से ही एनसीईआरटी की राजनीति विज्ञान की कक्षा 11वीं में पढाया भी जाता था लेकिन दुर्भाग्य से और तुछ सोच के कारण पाठ्यक्रम से हटाने की प्रक्रिया की गई है। डॉ कादिर हुसैन ने कहा कि मौलाना आजाद के नाम पर भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा सन् 2009 से संचालित मौलाना आजाद फैलोशिप को भी पिछले साल बंद कर देने पर एतराज जताया था। उन्होंने बताया कि इस फैलोशिप से भारत के ही अल्पसंख्यक बच्चों को पांच साल पढने और रिसर्च करने का मौका मिलता था।

# उपसरपंच पर 20 हजार की रिश्वत लेने का आरोप

- थाने पर मामला दर्ज नहीं किए जाने पर उसने एसपी को मामला दर्ज करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के फूलियाकलां थाना क्षेत्र के एक युवक ने अपने पुश्तैनी पट्टे का नामांतरण खोलने की एवज मे उपसरपंच पर 20 हजार रुपए लेने का आरोप लगाते हुए थाने पर रिपोर्ट पेश की। लेकिन मामला दर्ज नहीं किए जाने पर उसने जिला पुलिस अधीक्षक को मामला दर्ज करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

एसपी को सौंपी गई शिकायत में फूलियाकलां के हेमराज पुत्र जगदीश कीर ने बताया कि पिछले दिनों पिता जगदीश कीर का निधन हो गया था। परिवार के वारिसान के नाम पुश्तैनी पट्टे का नामांतरण खोलने के लिए ग्राम पंचायत की कोरम बैठक में तत्कालीन सरपंच लक्ष्मी धोबी, उपसरपंच हरिसिंह लामरोड, ग्राम विकास अधिकारी जगदीश तिवड़ी एवं वार्ड पंच की उपस्थिति में पुश्तैनी पट्टा दिया गया। हेमराज कीर ने आरोप लगाया कि नामांतरण खोलने की एवज में उपसरपंच हरिसिंह लामरोड़ ने बीस हजार रुपये भी ले लिए। आज तक पट्टे का ना नामांतरण खोला गया और ना ही पट्टा लौटाया गया और नही बीस हजार रुपये लौटाए गए। उपसरपंच से पट्टा ओर काम नही होने पर रुपये की मांग करने पर धमकियां दी जा रही है। मामले की रिपोर्ट लेकर फूलियाकलां थाने पर गया लेकिन मामला दर्ज नही किया जा रहा है। युवक कीर ने जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिध्धू को शिकायत सौंपकर मामला दर्ज करा न्याय की गुहार लगाई है। वहीं उपसरपंच हरिसिंह लामरोड़ ने बताया कि राजनैतिक द्वेषता के आधार पर आरोप लगाया जा रहा है। नामांतरण खोलने का काम ग्राम विकास अधिकारी का होता है। रुपये देने का आरोप निराधार है।

## युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के समीप नाई थानाक्षेत्र उन्दरी के जंगल में किराणा एवं डेयरी कारोबरी का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। इसी तरह सूरजपोल थानाक्षेत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाई थानाक्षेत्र उन्दरी के जंगल में सागवान के पेड़ पर गुरूवार को बाणा खुर्द सराड़ा निवासी महेन्द्र (42) पुत्र मोगजी पटेल फंदे पर लटका हुआ मिला। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। महेन्द्र ऋषभदेव कस्बे में किराणा एवं डेयरी का कारोबार करता था। 11 अप्रेल को वह घर से निकला था परिजनों ने 12 अप्रेल को अंतिम बार बातचीत हुई थी उसके बाद मोबाईल बंद हो गया था। इस पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

इसी तरह मल्लातलाई कच्ची बस्ती हॉल सूरजपोल थाना क्षेत्र रेगर कॉलोनी निवासी आकाश पुत्र राजू वाल्मिकी ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

# दलित युवक पर प्राणघातक हमला

**अजमेर,** (कासं)। शास्त्री नगर में एसबीआई बैंक के पास जेसीबी लेकर दीवार तोड़ने का कार्य करने पहुंचे के साथ वहीं के रहने वाले सात आठ युवकों ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुये युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने हमले के बाद पीड़ित युवक की जेब से 20 हजार रूपये की नगदी व गले से सोने की तोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति व प्राणघातक हमला करने के आरोप में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।



हमले में जख्मी हुआ दलित युवक।

पीड़ित शिवकुमार रेगर पुत्र गंगाराम रेगर निवासी शिव कॉलोनी पहाडगंज अजमेर निवासी ने आरोप लगाते हुये बताया कि वह 13 अप्रेल को सुबह काम के लिये जेसीबी लेकर शास्त्रीनगर एसबीआई बैंक के पास पहुंचा, जहां उसे योगेश माली मिला, उसने मेरा नाम पता व जाति पूछी तो मैंने उसे बता दिया, बाद में मैने जेसीबी से दीवार तोडने का कार्य शुरू किया, इस दौरान वहां कुछ लोग खड़े थे, जिसमें से एक के चोट लग गई, जिसके चलते मैने माफी मांगी और हाथाजोडी कर मामला शांत करवा दिया, लेकिन देर बाद योगेश माली 6-7 लोगों के साथ और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुये मेरे साथ ताबड़तोड़ मारपीट कर मुझे जख्मी कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने जाते जाते मेरी जेब से बीस हजार रूपये की नगदी व एक चेन तोड़ कर ले गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चार बीघा में गेहूं की फसल जली

**नोखा,** (निसं)। नोखा उपखंड क्षेत्र के उड़सर गांव में 11 हजार वॉट का बिजली तार टूटकर खेत में गिर गया जिससे आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर करीब चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के मैनसर गांव में शुक्रवार को एक 11 हजार वॉट की बिजली तार टूट कर रामलाल मेघवाल के खेत में गिर गया। उनके खेत में गेहूं की फसल लगी थी जिसमें आग लग गई। आग से पकी फसल जलने से काफी नुकसान हुआ है। आग से खेत में पड़े सिंचाई की पानी के करीब 20-22 पाइप भी जल गए। आग सूचना मिलने पर बाबूलाल, मोतीलाल, ओमप्रकाश, किसन, अनिल, भादर सिंह, रामनिवास आदि पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे पटवारी शशिदत्त ने बताया कि किसान का गेहूं जला है, मौका रिपोर्ट तैयार की जा रही है। नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जायेगी।

- 11 हजार वॉट का बिजली का तार टूटकर खेत में गिर गया था

# बकाया डीपीसी को लेकर वरिष्ठ अध्यापकों का 17 को जयपुर कूच

## प्रदेशभर के वरिष्ठ अध्यापक 17 को जयपुर के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन करेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। बकाया डीपीसी को लेकर राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा के बैनर तले प्रदेश भर के वरिष्ठ अध्यापक 17 अप्रैल को जयपुर के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन करेंगे।

रेस्टा के प्रदेश प्रवक्ता बसंत कुमार ज्याणी ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की डीपीसी पिछले तीन सत्र से बकाया चल रही है। तीन सत्रों की बकाया डीपीसी करने, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा करने, 2013 के बाद क्रमोन्नत विद्यालयों में अनिवार्य विषयों के व्याख्याता पद सृजित करने, उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत 5 हजार विद्यालयों में व्याख्याता पदों का सृजन करने व वरिष्ठ अध्यापकों के अंतर मंडल स्थानांतरण पर वरिष्ठता विलोपन नहीं करने की मांगों को लेकर प्रदेश भर के वरिष्ठ अध्यापक 17 अप्रैल को जयपुर कूच करेंगे।

रेस्टा के प्रदेशाध्यक्ष भैरूराम चौधरी ने बताया कि पिछले काफी समय से वरिष्ठ अध्यापकों की ज्वलंत मांगों की तरफ सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन द्वारा कई बार शिक्षा मंत्री व शिक्षा निदेशक को अपना मांग पत्र प्रेषित करते हुए वाजिब मांगों को पूरा करने की मांग की जा रही थी। लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं देने के कारण प्रदेशभर के वरिष्ठ अध्यापकों में काफी आक्रोश नजर आ रहा है। आक्रोशित 70 हजार वरिष्ठ अध्यापक 17 अप्रैल को जयपुर में धरना प्रदर्शन करने के लिए रणनीति बना रहे हैं। प्रदेश सभाध्यक्ष टोडाराम गोलिया ने अधिकाधिक वरिष्ठ अध्यापकों को 17 अप्रैल को अवकाश पर रहकर जयपुर कूच करने का आव्हान किया।

बीकानेर जिलाध्यक्ष ललित कुमार चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग में विभिन्न संवर्गो के तहत प्रतिवर्ष 50 फीसदी पदों को पदोन्नति से भरा जाने का प्रावधान है । ऐसे में माध्यमिक शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति को छोड़कर अन्य सभी संवर्गों की पदोन्नति हो चुकी है। लेकिन वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की पदोन्नति पिछले तीन सत्र से बकाया चल रही है। पिछले वर्ष मार्च 2022 में 4000 विद्यालयों को माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में और 1000 विद्यालयों को उच्च प्राथमिक से उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत किया गया था। उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत इन सभी 5 हजार विद्यालयों में 1 सत्र बीत जाने के बावजूद भी व्याख्याताओं के पदों की अभी तक वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है । ऐसे में प्रति विद्यालय 3 व्याख्याता पदों के हिसाब से 5 हजार विद्यालयों में 15 हजार व्याख्याता पदों का सृजन किया जाना है।

2015 में लागू स्टाफिंग पैटर्न की 8 साल बाद एक बार भी समीक्षा नहीं की गई है। जबकि प्रति दो वर्ष बाद स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा करते हुए नामांकन अनुसार पदों का पुन: निर्धारण करने का प्रावधान बनाया हुआ है। तथा 2013 के बाद क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य विषयों हिंदी व अंग्रेजी के व्याख्याता पदों का सृजन नहीं किया गया है। जबकि विद्यालय क्रमोन्नति के तीसरे वर्ष अनिवार्य विषयों के व्याख्याता पद सृजित करने का नियम बना हुआ है। प्रदेश मुख्य संरक्षक सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापकों की राज्य स्तरीय मेरिट से भर्ती होने के बावजूद भी अंतर मंडल स्थानांतरण होने पर वरिष्ठता विलोपन किए जाने का प्रावधान है। लेकिन राज्य स्तरीय मेरिट से भर्ती वाले अन्य कैडर में इस प्रकार की वरिष्ठता विलोपन का कोई नियम नहीं है। ऐसे में सरकार द्वारा यदि इनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया तो वरिष्ठ अध्यापक आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए आंदोलन को तीव्र करेंगे।

# एक करोड़ रुपये का अवैध डोडा-पोस्त बरामद, ट्रक चालक फरार हुआ

## ट्रक में 207 प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ 4140 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किया

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने शुक्रवार को मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना भीनमाल द्वारा ट्रक में भरे हुए 4140 किलोग्राम (41 क्विंटल, 40 किलोग्राम) करीब 1 करोड़ रूपये किमत का डोडा-पोस्त जब्त किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक डॉ. किरन कंग सिंद्धु के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के

■ **भीनमाल पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर डोडा-पोस्त पकड़ा**

विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान नशे की प्रवृति पर अंकुश के तहत गिरफ्तारी और बरामदगी अभियान के तहत डॉ. अनुकृति उज्जैनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जालोर एवं सीमा चौपड़ा पुलिस उप अधीक्षक वृत भीनमाल के सुपर विजन में लक्ष्मणसिंह चम्पावत निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना भीनमाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचनानुसार गुरुवार की शाम को करडा रोड़, एसआर पेट्रोल पम्प के पास, सरहद भीनमाल में कार्यवाही करते हुए टाटा ट्रक को जब्त कर ट्रक में से 207 प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ 4,140 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया जाकर वाहन ट्रक को जब्त किया गया।

ट्रक चालक पुलिस को दूर से देखते ही ट्रक को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसकी पुलिस टीम द्वारा आस-पास काफी तलाश की गई। मुल्जिम के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजिबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया गया है। पुलिस टीम द्वारा जब्त किये गये अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त की बाजार किमत करीबन 1 करोड़ रूपये आंकी जा रही है।

# 50 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** जिले के आबकारी निरोधक दल की टीमों ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए प्रहराधिकारी आबकारी पुलिस राजगढ़ क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही करीबन 50 लाख रूपये की अवैध शराब से भरे ट्रक को जब्त कर एक आरोपी को गिरफतार करने में बडी सफलता हासिल की है। प्रकरण अनुसार आबकारी अधिकारी, आबकारी निरोधक दल जोन बीकानेर व जिला आबकारी अधिकारी चूरू के निर्देशन में जिला चूरू के राजगढ थाना क्षेत्र में आबकारी पुलिस द्वारा बडी कार्यवाही को अंजाम देकर एक 10 चक्का ट्रक में भरी पराली की आड में तश्करी कर ले जाई जा रही अवैध शराब पंजाब ब्रिकी योग्य शराब के 720 कार्टून बरामद करने की कार्यवाही की गई है।

प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल राजगढ प्रहलादसिंह गुर्जर ने बताया कि जब्तशुदा अवैध शराब की अनुमानित लागत करीबन



अवैध शराब जब्त कर आरोपी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया।

■ **पंजाब से गुजरात ले जाये जा रहे अवैध शराब से भरे ट्रक को जब्त किया**

■ **ट्रक में भरी पराली की आड में ले जाये जा रहे शराब के 720 कार्टून बरामद**

50 लाख रूपये है। प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल राजगढ प्रहलाद सिंह गुर्जर ने बताया कि अवैध शराब परिवहन करते अभियुक्त दिनेश कुमार भादू पुत्र छोगाराम विश्नोई को मौके से गिरफतार किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल राजगढ जिला चूरू में अभियोग दर्ज कर अभियुक्त से की गई पूछताछ में उक्त पंजाब निर्मित अवैध पंजाब राज्य के तरनतारण से गुजरात राज्य में परिवहन कर ले जाया जाना बताया है। वहीं उक्त कार्यवाही में आबकारी निरोधक वृत चूरू, आबकारी निरोधक दल राजगढ, प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल रतनगढ, प्रहराधिकारी आबकारी सुजानगढ़ मय जिला चूरू का समस्त आबकारी जाब्ता शामिल रहा। वहीं प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# चिकित्सकों की मनमानी से प्रसूता के शिशु की मौत का मामला

## अजमेर कलेक्टर द्वारा मसूदा में की गई जनसुनवाई के दौरान सामने आया मामला

**मसूदा, (निसं)।** कार्य के प्रति लापरवाही व उपेक्षित रवैये एवं विभिन्न अनियमितताओं को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहने वाले मसूदा के सामुदायिक चिकित्सालय चिकित्सकों की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। मामला ग्राम किराप निवासी अरविन्द सिंह रावत की पत्नी प्रेमी रावत को प्रसव करवाने के लिए चिकित्सालय में लाए जाने के दौरान चिकित्सकों की अनुपलब्धता एवं देरी से रेफर करने से प्रसूता के शिशु की मौत होने से जुड़ा हुआ है।

मामले से जुड़े तथ्यों के अनुसार 12 अप्रेल को शाम 6 बजे गर्भवती महिला प्रेमी रावत को प्रसव हेतु मसूदा चिकित्सालय पर लाया गया। परन्तु चिकित्सालय में चिकित्सक द्वारा समय पर तो चिकित्सा सेवा नहीं मिली और जब महिला के परिजनों के किसी परिचित के द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने

■ **कलेक्टर बीसीएमओ को 3 दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये**

के बावजूद भी गर्भवती महिला का चिकित्सकों द्वारा प्रसव तो नहीं कराया। परंतु उसे ब्यावर के लिए रैफर अवश्य कर दिया। पहले तो चिकित्सालय में चिकित्सक उपलब्ध ही नहीं हुए और जब काफी समय बाद उपलब्ध हुए तो महिला प्रेम देवी रावत को ब्यावर के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों की चिकित्सालय में अनुपलब्धता एवं उपलब्ध होने के बाद भी रेफर करने ही में ही की गई लेटलतीफी के चलते महिला के शिशु की मौत हो गई। इस घटना में मसूदा चिकित्सालय के चिकित्सकों पर लापरवाही के मामले में केवल किसी के द्वारा लगाए गए आरोप मात्र नहीं है। अपितु उक्त मामला गुरुवार को अजमेर जिला कलेक्टर द्वारा मसूदा में की गई जनसुनवाई के दौरान महिला के परिजनों द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष रखे जाने के दौरान सामने आया।

जिला कलेक्टर अंशदीप ने तत्काल यहाँ मौजूद बीसीएमओ को कार्रवाई कर 3 दिन में रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देशों की अनुपालना में बीसीएम ओ ने मसूदा चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी को नोटिस जारी कर जांच रिपोर्ट 3 दिन में प्रस्तुत करने के आदेश दिए। चिकित्सा विभाग के बीसीएमओ द्वारा मसुदा चिकित्सालय के प्रभारी को जारी नोटिस ही चिकित्सकों की लापरवाही का महत्वपूर्ण प्रमाण कहा जा सकता हैं। मामला जिला कलेक्टर के संज्ञान में आने व मामले की जांच रिपोर्ट स्वयं जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तलब करने के मद्देनजर मामले को काफी गंभीरता से देखा जा रहा है।

## मारपीट का मामला दर्ज

**सूरजगढ़, (निसं)।** रास्ता खुलवाने की बात से नाराज होकर मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। कांस्टेबल दीपक जांगिड़ ने बताया कि लोटिया गांव के रहने वाले सांवतराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अप्रेल को खेत का रास्ता खुलवाने के लिए तहसीलदार सहित पुलिस जाब्ते को बुला रखा था। उस बात से नाराज होकर राजेंद्र व रामनारायण पुत्र रामसिंह, सतीश व संदीप पुत्र राजेंद्र, मुन्नीदेवी पत्नी राजेंद्र, धर्मपाल, महेंद्र, सुभाष, अमरसिंह पुत्र गोकुल, संतोष पत्नी सतीश, सुशीला पत्नी संदीप ओमप्रकाश पुत्र भादर उसके बेटे विक्रम भाई के लड़के सुनील व उसकी पत्नी मुन्नी देवी के साथ मारपीट करने लगे व जाति सूचक गालियां दी।

# बाडे में लगी आग, एक भैंस व बछड़ा झुलसा

**निवाई, (निसं)।** सेदरिया खुर्द के गांव राधा गोविंदपुरा में शुक्रवार को करीब 4:30 बजे अज्ञात कारणों से एक बाड़े में आग लग गई। अचानक लगी आग से दो भाईयों के करीब 20 लोहे की चद्दर जल गई, एक भैंस, एक बछड़ा झुलस गया एवं करीब एक ट्रॉली चारा जलकर राख हो गया।

पीड़ित सावलराम गुर्जर व मुकेश गुर्जर पुत्र श्योजीराम गुर्जर निवासी राधागोविंदपुरा ने बताया कि वह उनके बाडे में टीन शेड बनाकर रह रहे हैं। शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे

■ **एक ट्रॉली चारा व लोहे के चद्दर नष्ट**

अज्ञात कारणों से बाडे रखे ईंधन में आग लग गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीण दौड़कर मौके पर आए और तीन ट्यूबवेल से पाइप जोड़कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित भाईयो ने बताया कि आग से उनकी एक भैंस एक बछडे, एक ट्रोली चारा सहित करीब 20 लोहे की चद्दर जलकर नष्ट हो गई।

# भाजपा की जन आक्रोश यात्रा से बौखलाई कांग्रेस की गहलोत सरकार: डॉ. पूनियां

**अलवर/जयपुर।** विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अलवर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती विधायक संजय शर्मा की कुशलक्षेम जानी और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और चिकित्सकों से परामर्श कर बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया।

■ **उपनेता प्रतिपक्ष ने अलवर के अस्पताल में भर्ती विधायक संजय शर्मा की कुशलक्षेम जानी**

■ **सतीश पूनियां ने जयपुर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया**



विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अलवर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती विधायक संजय शर्मा की कुशलक्षेम पूछी।

पूनियां ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा के जनाक्रोश अभियान के माध्यम से उठाए जा रहे मुद्दों, जिनमें किसानों और युवाओं से की गई वादाखिलाफी, पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार इत्यादि मुद्दों पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश की जनता में आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि, अलवर में भाजपा के जन आक्रोश आंदोलन के दौरान जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं पर गहलोत सरकार ने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर लाठीचार्ज करवाया जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं, हमारी पार्टी के विधायक संजय शर्मा पर भी लाठीचार्ज किया गया, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। कांग्रेस सरकार की तानाशाही से भाजपा का कार्यकर्ता किसी भी सूरत में ना डरेगा, ना रुकेगा, ना झुकेगा, मजबूती से मुकाबला करेगा। कांग्रेस सरकार की 2023 में हमेशा के लिये सत्ता से विदाई तय है और तीन चौथाई बहुमत के साथ भाजपा की प्रदेश में सरकार बनेगी। विधायक संजय शर्मा से मुलाकात कर सतीश पूनियां अलवर में ही सांसद बाबा बालकनाथ के श्री बाबा मस्तनाथ जन सेवनम् भवन शुभारंभ समारोह में शामिल हुये।

पूनियां ने सुबह जयपुर में अम्बेडकर सर्किल पर पूज्य बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और दोपहर में अलवर में भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# राजस्थान के पूर्वी सिंहद्वार भरतपुर से विजयी अभियान का आगाज आज करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**जयपुर।** राजस्थान के कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को भरतपुर आ रहे हैं। शाह यहां भाजपा के बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कई पदाधिकारी संबोधित करेंगे। इन सभी नेताओं ने शुक्रवार को भरतपुर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

■ **कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कई पदाधिकारी संबोधित करेंगे**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भरतपुर संभाग मे 4700 बूथ और 1600 शक्ति केन्द्र हैं। इसके साथ शक्ति केन्द्रों पर भी कार्यकर्ता तैनात है। इन बूथों पर कार्यकर्ताओं ने सुदृढ एंव स्थायी रूप से शानदार काम किया है, जिससे प्रत्येक बूथ को मजबूती प्रदान दी जा चुकी है। प्रदेश में चुनावों की दस्तक हो चुकी है और देश के गृहमंत्री अमित शाह राजस्थान के पूर्वी सिंहद्वार से विजयी अभियान की शुरुआत करेंगे। भरतपुर की धरती पर देश के गृहमंत्री शनिवार को दोपहर एक बजे हैलीकॉप्टर से पधारेंगे और हैलीपैड से महासम्मेलन स्थल कॉलेज ग्राउंड तक पारम्परिक रूप से शानदार स्वागत किया जाएगा। रास्ते के हर चौराहे को केसरिया रंग से सजाया गया है। सड़क के दोनों ओर भाजपा के झंडो, बैनर व होर्डिंग्स से सजाया गया है। इस दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शाह का स्वागत करेंगे। शर्मा ने बताया कि भरतपुर संभाग में नवमतदाता अभियान, युवा मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग, एक साथ सभी मंडलों मे कमलोत्सव कार्यक्रम हो चुके हैं। जिलों में जन आक्रोश महाघेराव की शुरुआत भी भरतपुर से ही हुई थी। एससी-एसटी एंव ओबीसी समाजों के बीच विशेष सामाजिक संपर्क भी पूर्ण हो चुका है।

वहीं इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अलवर विधायक संजय शर्मा से अस्पताल जाकर कुशलशेमी पूछी। उसके बाद भरतपुर में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, महामंत्री भजनलाल, संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच और जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने कार्यक्रम स्थल पर बन रहे डोम का मौका मुआयना किया।

## खेत में रखे सरसों के 15 कट्टे चोरी

**सूरजगढ़, (निसं)।** खेत में किसान पसीना बहा कर अनाज निकाल रहा है तो वहीं दूसरी ओर खेत से सरसों चोरी करने का गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहा है। थाना इलाका क्षेत्र के धींगड़िया गांव में खेत में रखे सरसों के कट्टे अज्ञात चोर चुरा ले गए। मामले को लेकर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। हैड कांस्टेबल दीपक जांगिड़ ने बताया कि धींगड़िया गांव के रहने वाले रतिराम पुत्र बृजलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अप्रेल की रात्रि को खेत की खली निकलवा कर सरसों के 15 कट्टे खेत में रख दिए थे।

# भाई को बचाने डिग्गी में कूदी बहनें, तीनों की मौत

## डिग्गी में पानी पीने गए थे, एक का पैर फिसला फिर सभी डूबे

**बीकानेर, (निसं)।** खेत की डिग्गी में डूबने से दो बहनों और भाई की मौत हो गई। तीनों चचेरे भाई-बहन थे। ये बकरियां चराते हुए पानी पीने के लिए डिग्गी में गए थे। फिर एक के बाद एक डूब गए। घटना बीकानेर के पूगल की है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 12 बजे तीन बच्चे डिग्गी में डूब गए। उनके साथ मौजूद चौथे बच्चे ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उनकी मदद से तीनों भाई-बहनों को बाहर निकाला गया। उन्हें पूगल

■ **तीनों चचेरे भाई-बहन थे, बकरियां चराते हुए पानी पीने के लिए डिग्गी में गए थे**

अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। गांव के ही भुपदास ने बताया कि भुट्टो का कुवा के 20 की पुली निवासी दिवानाराम भोपा का बेटा मुकेश (11) और बेटी आरती (9) खेत में बनी डिग्गी के पास गए थे। उनके साथ मांगाराम की बेटी वसुंधरा (12) भी थी। मुकेश पानी निकालने के लिए डिग्गी में गया था तभी उसका अचानक पैर फिसल गया। वह डूबने लगा तो दोनों बहनों ने उसे बचाने के लिए डिग्गी में छलांग लगा दी।

इसके बाद एक एक कर तीनों भाई-बहन पानी में डूब गए। उनके साथ 15 साल का एक अन्य लड़का भी था। उसने भागकर परिवारवालों को बताया। इस हादसे में दम तोड़ने वाले तीनों बच्चों के परिवार मजदूरी करने वाले हैं। इधर-उधर मजदूरी करके अपना घर चलाते हैं। इस हादसे के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया। गांव में भी सन्नाटा छा गया है।

# ठेके के लगाई आग, पौने चार लाख की शराब व नगदी जली

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती कस्बे छापर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित शराब ठेके को बदमाशों द्वारा आग के हवाले करने का मामला छापर थाने में दर्ज हुआ है। रामचंद्र पुत्र रघुनाथसिंह निवासी लक्ष्मणगढ जिला सीकर ने रिपोर्ट दी है कि ग्राम रणधीसर क्षेत्र में जमुनासिंह के नाम से शराब की दुकान अलॉट है, जो रोही बिडास में स्थित है। जिस पर विक्रमसिंह राजपूत निवासी राजियासर मीठा सेल्समैन है।

सेल्समैन ने बताया कि गुरूवार को बाबूलाल पूनिया निवासी आबसर, देवीलाल ज्याणी निवासी ढाणी रोही रेलवे स्टेशन एवं पांच-छह अन्य जने कैम्पर गाडी में सवार हो कर आए। उन्होंने विक्रमसिंह को शराब की दुकान से बाहर आने के लिए कहा। विक्रमसिंह ज्योंही दुकान से बाहर आने लगा, उसी समय आरोपियों में से किसी ने उसके सिर पर सरिये से चोट की, जिससे वह घबरा कर वह वापस दुकान में चला गया। जिसके बाद आरोपियों ने पैट्रोल की बोतल से पैट्रोल दुकान में फेंक कर आग लगा दी। सेल्समैन ने खिड़की से कूद कर अपनी जान बचाई। खिड़की से कूदने से विक्रमसिंह घायल हो गया तथा आग से दुकान में रखी करीब तीन लाख रूपये की देशी व अंग्रेजी शराब तथा 86 हजार रूपये नगद जल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान की लोकेशन को लेकर है विवाद:- आगजनी की शिकार हुई रोही बिडास स्थित शराब की दुकान की लोकेशन को लेकर विगत एक वर्ष से विवाद है। जानकारी के अनुसार रणधीसर ग्राम पंचायत के लिए आवंटित शराब की दुकान पंचायत मुख्यालय से करीब 16 किमी की दूरी पर स्थित है। ठेके की लोकेशन तत्कालीन सीआई कीर्ति सोनी द्वारा पास की गई थी, जिसे लेकर शराब ठेकेदारों में आक्रोश था तथा रणधीसर पंचायत मुख्यालय से इतनी दूर ठेका पास करने को लेकर लोगों द्वारा आपति भी जताई गई थी।

क्षेत्र के लोगों द्वारा अनेक बार कलेक्टर, एसपी एवं जिला आबकारी अधिकारी को अनेक बार लिखित में शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में संबंधित ठेके को रणधीसर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही संचालित करने की मांग की गई थी। शिकायत में ठेकेदार पर रियायती दर पर शराब बेचने का बोर्ड लगा कर आबकारी नियमों को तोडने का भी आरोप लगाया गया था।

## आग से लाखों का माल जला

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 5 में एक मकान में गैस सिलेंडर के फटने से मकान में दरार के साथ ही मोची की दूकान में रखा फ्रीज, चमडा मशीन सहित लाखों का माल स्वाहा हो गया। कैलाश चंद रैगर पुत्र रघुनाथ रैगर ने बताया कि मकान में जूती बनाने का काम करते हैं। अचानक गैस सिलेंडर से आग लग गई जिससे हजारों रुपए की जूतिया, फ्रीज, मशीन जल गई। साथ ही महिला द्रोपती देवी का चेहरा झुलस गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया।

सुचना मिलते ही तुरन्त पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल पीडित परिवार के घर पहुँचे और ढाढस बधाया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मौके पर पहुचकर घटना स्थल का जायजा लिया। घटना स्थल से ही पूर्व विधायक ने उपजिला कलेक्टर से फोन पर वार्ता की और सहायता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पीडित को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के साथ सभापति शिवरतन अग्रवाल, पार्षद धोल्याराम हरिजन, मनोज कुनकटा, मंडल महामंत्री रामभरोसी वैष्णव भी मौके पर पहुचे और घटना का जायजा लिया।

# तस्करी के लिए जा रहे 32 गौवंश को मुक्त कराया

## घायल गौवंश को डीडवाना गौशाला में इलाज के लिए पहुंचाया

**लालसोट, (निसं)।** गौरक्षा कमांडो फोर्स ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 32 गौवंश को रामपुरा मुंडिया के पास मुंबई एक्सप्रेस-वे के समीप मोरेल नदी के पास माटी में फंसे एक ट्रक से मुक्त कराया। गौ रक्षा कमांडो फोर्स के अध्यक्ष रमेश जाल वाला को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में खचाखच गौवंश भरा हुआ है एवं वह ट्रक दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के पास मोरेल नदी के पास खड़ा है। इसकी सूचना मिलने पर भूतेश्वर गौरक्षा कंमाडो फोर्स के कार्यकर्ता राकेश मेडिवाला, अक्षीत जांगिड़, अनुराग पंडा, चन्द्रप्रकाश मेडिवाला, आकाश भगत अरविंद भगत राहुल सरसिन्या सागर लालसोट आदि कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस व ग्रामीणों आदि की सहायता से ट्रक में खचाखच भरे घायल गौवंश को डीडवाना गौशाला में इलाज के लिए पहुंचाया गया।

गौ रक्षा कमांडो फोर्स के कार्यकर्ताओं ने मित्रपुरा थाना पुलिस आदि को सूचना दी। जागुली मित्रपुरा थाना पुलिस के द्वारा घटनास्थल उनके थाना सीमा क्षेत्र से बाहर का बताकर पल्ला झाड़ लिया गया। इस मामले को लेकर विभिन्न थाना अधिकारियों के



लालसोट थाना पुलिस ने गौ रक्षा कमांडो फोर्स के युवाओं की मदद से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे गोवंश को मुक्त कराया।

क्षेत्र अधिकार को लेकर भी माथापच्ची चलती रही। वहीं गौ रक्षा कमांडो फोर्स के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बौंली थाना पुलिस पहले से ही गायों से भरे ट्रक का पीछा कर रही थी जहां नदी में ट्रक पहुंचने के बाद संभवतया इस ट्रक को निकालेगा कौन एवं काफी होने वाली मशक्कत को देखते हुए वहां से वापस लौट गई। वहीं उनके वहां पहुंचने के बाद पुलिस थानों को सूचना देने के बाद बौली थानाधिकारी कुसुमलता मीणा, मित्रपुरा थाना अधिकारी श्रीकिशन मीणा, लालसोट थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहीं किस थाने का क्षेत्राधिकार पड़ेगा इसको लेकर चर्चा की गई। वही माथापच्ची के बीच इस प्रकरण को थानाधिकारी लालसोट नाथूलाल मीणा द्वारा पशु क्रूरता एवं गौ संरक्षण अधिनियम आदि धाराओं में लालसोट थाने में प्रकरण को पंजीबद्ध किया गया।

आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब बौंली पुलिस इस गौवंश तस्करी के लिए ले जाए जा रहे ट्रक का पीछा कर रही थी तो घटनास्थल भी बौंली थाना क्षेत्र का ही बनता था। वहीं इस मामले को लेकर बौंली थानाधिकारी कुसुमलता मीणा ने कहा कि रात्रिकालीन गश्त के दौरान बौली थाना पुलिस दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे से निकल रहे वाहनों द्वारा सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे।

बौंली थाना पुलिस पर लगाई जा रहे सभी आरोप निराधार हैं। वहीं इस मामले को लेकर लालसोट थाना अधिकारी नाथू लाल मीणा ने कहा कि गौ तस्करी के लिए ले जाए जा रहे ट्रक नदी में फंसने के कारण चालक आदि पहले ही फरार हो गए थे एवं ट्रक को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया गया है साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम गौ संरक्षण अधिनियम आदि विभिन्न सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त

### भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

**दूदू, (निसं)।** डाक बंगला परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गई। इस असपर पर डॉ. भीमराव के छाया चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर आतिशबाजी की गई। दीक्षा कॉलेज के निदेशक महेन्द्र नागर ने भीम वंदना प्रस्तुत की। पश्चात वक्ताओं में श्रवण वनल, एडवाकेट ताज मोहम्मद, पुष्पा नवल पूर्वसरपंच, एस एन जाजोरिया , संजय बोहरा , पिन्दू कटारिया, दूधमल बलाई, प्रभुदयाल ने विचार व्यक्त कर बाबा साहेब की जीवनी सविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया।

### बैसाखी पर्व मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के गुरुद्वारा सिंह सभा में शुक्रवार को बैसाखी पर्व और खालसा पंथ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दिनेश मणिरत्नम ने कहा कि देश व समाज की एकता व अखंडता के लिए बलिदान करने की परंपरा ही खालसा पंथ की पहचान है। सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि बैसाखी पर्व व खालसा पंथ स्थापना के अवसर पर सुबह गुरूवाणी के पाठ हुए। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाद लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

### बाबा साहेब की शोभायात्रा निकाली

**बोराज, (निसं)।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को अंबेडकर विचार मंच एवं समस्त ग्राम वासियों की ओर से कस्बे में बाबा साहेब की विशाल शोभायात्रा में वाहन रैली का आयोजन किया गया। विचार मंच के अध्यक्ष विजेंद्र मीणा ने बताया कि शोभायात्रा युवाओं के जोशीले नारे जय भीम के साथ पण्डावाला बालाजी मंदिर से रवाना होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची जहां विभिन्न संगठनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### राठौड़ के जन्मदिन पर रक्तदान

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिवस पर कुंड रोड स्थित पावर शक्ति कैंटीन समाजसेवी योगेंद्र सिंह राघव खोहर एवं 63 बार रक्तदान कर चुके राकेश जयपाल के नेतृत्व में निस्वार्थ रक्तदान महादान का आयोजन कर 18 वर्ष से 55 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान करने के शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# अम्बेडकर जयंती पर पालिका मंडल ने प्रतिभाओं का सम्मान किया

**मालपुरा, (निसं)।** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडक की 132वीं जयंती पर मालपुरा नगरपालिका मंडल व पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी द्वारा अनुठी पहल करते हुए समाज व मानव सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली 100 प्रतिभाओं को सम्मान से नवाजा गया।

वार्ड नम्बर 32 में नवनिर्मित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक

- बाबा साहेब अम्बेडकर के 132 वीं जयंती पर अनेक कार्यक्रम हुए



**मालपुरा नगरपालिका मंडल की ओर से आयोजित समारोह में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, विधायक कन्हैयालाल चौधरी सहित अतिथियों ने 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया।**

कन्हैयालाल चौधरी,एएसपी राकेश कुमार बैरवा,प्रधान सकराम चौपडा,भाजपा शहर अध्यक्ष त्रिलोक जैन,एडवोकेट राजकुमार जैन, कांग्रेस शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी का पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व ईओ राजपाल बुनकर व पालिका पार्षदो ने बाबा साहेब की स्मृति चिन्ह से स्वागत सम्मान किया।

विधायक चौधरी ने भारत रत्न बाबा साहेब द्वारा समाज सेवा के साथ-साथ नारी शक्ति व दलित उत्थान के क्षेत्र में किये गये कार्यों से प्रेरणा ले समाज के हर वर्ग को साथ लेकर एक नया इतिहास रचने का संकल्प दोहराया। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने कहा कि मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में सामाजिक सरोकार व मानव सेवा किये जाने का जज्बा रखने वाली प्रतिभाओं को भारत रत्न की जयंती पर सम्मानित करने का सौभाग्य नगरपालिका बोर्ड को मिला है।

सम्मान समारोह की इस सूची में सांस दुखान्तिका के दौरान बारात की बस में दौड़े करंट से बुरी तरह झुलसे गंभीर घायलों को महज 40 मिनट में मालपुरा से जयपुर एसएमएस पहुंचाने वाले एम्बूलेंस पायलट बाबूलाल शर्मा, एसएमएस में नर्सिंग ऑफिसर असफाक नकवी, कोरोना में मानव सेवा की मिशाल बने रामसेवा परिवार के दिनेश विजय, शिक्षा जगत में रमाकांत पाठक, चिकित्सा में सुनिल शर्मा, लेखराज सोनी, राघव माहेश्वरी, लम्पी के दौरान सराहनीय गौसेवा के लिए अजय सैनी, गिरधारी आगीवाल, चैनराज सिंघी, मधुसुदन पारीक, एडवोकेट रवि कुमार जैन, कृष्णकांत जैन, रामप्रसाद शर्मा, प्रहलाद कांदला, डॉ. राजकुमार वर्मा, मालपुरा को जिला बनाओं आंदोलन में नींव की पत्थर बन 16 दिनों तक आमरण अनशन पर रहने वाले युवक स्वप्रिल भडाणा, प्रधान जाट, कमलेश सैनी सहित 100 से अधिक प्रतिभाओं को बाबा साहेब सम्मान से नवाजा गया। अम्बेडकर विचार मंच द्वारा भव्य वाहन रैली निकाल ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया। तो मानव मित्र सेवा समिति द्वारा एक शाम बाबा साहेब के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहेब की जीवनगाथा से जुडे प्रसंगो पर एकांकी भजन संध्या का आयोजन हुआ। समिति अध्यक्ष पूजा लोकेश लोदी ने अतिथियो का स्वागत सत्कार किया।

## सीताराम महायज्ञ में पंगत प्रसादी पाई

**शाहपुरा, (निसं)।** खोरी ग्राम स्थित परमानंद धाम मंदिर में त्रिवेणीधाम के ब्रह्मलीन पद्मश्री नारायणदासजी महाराज के आशीर्वाद व खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज के सान्निध्य में चल रहे 108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ में शुक्रवार को हजारों की संख्या में लोग उमड़े। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस व स्काउट गाइड के सहयोग से व्यवस्था बनाए रखी।

खोजीद्वाराचार्य रामरिछपालदासजी महाराज, कुंडाधाम के प्रहलादासजी महाराज सहित कई संत महात्माओं ने कथा श्रवण कर महायज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञाचार्य पंडित अंबिकेश शर्मा ने 21000 रुपये महायज्ञ में भेंट की। साथ ही 2100 रुपये प्रति माह गौशाला के लिए देने का संकल्प लिया।प्रधान कुंड पर हरिओमदासजी महाराज से पूजा करवाकर आहुतियां दिलवाई। महाराज श्री के सान्निध्य में सैकड़ों लोगों ने प्रधान कुंड पर आहुतियां दी। उप आचार्य पंडित पवन टीलावत, यज्ञ ब्रह्मा पंडित पवन मिश्र, वैदिक रमाकांत टीलावत के निर्देशन में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार से यजमानों को 44 लाख 76 हजार 691 आहुतियां दिलाई। महायज्ञ में चेयरमैन बंशीधर सैनी, एयू बैंक के राजस्थान सर्किल हैड सुल्तान सिंह पलसानियां पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, भुनेश्वरी देवी, पीसीसी सदस्य मनीष यादव, प्रवीण व्यास, हरीप्रसाद बल्लीवाल, हरिनारायण गठाला सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। महाराज श्री के आदेश पर सुबह 11 बजे से भंडारे में पंगत प्रसादी शुरू कर दी जाती है।

## सांसद जौनापुरिया के बयान से गुर्जर समाज में रोष

**टोंक, (निसं)।** टोंक में सचिन पायलट को लेकर गुरुवार को सांसद जौनापुरिया के बयान के बाद राजनीति हो रही है। सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया के पायलट पर दिए बयान का गुर्जर नेताओं ने विरोध किया।

गुर्जर समाज के प्रमुख लोगों ने शुक्रवार को नेहरु पार्क में एकत्रित होकर विरोध प्रकट करते हुए जौनापुरिया से माफी मांगने की मांग की और कहा कि यदि सांसद द्वारा दिये गये वकत्वय में माफी नहीं मांगी तो जौनापुरिया को गुर्जर समाज का भारी रोष का सामना करना पड़ेगा।

गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष रामलाल गुर्जर सण्डीला ने बताया कि गुरुवार को सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के विरूद्ध दिये गये बयान से गुर्जर समाज में भारी रोष है, इसको लेकर गुर्जर समाज के प्रबुत्व व्यक्तियों ने नेहरू पार्क टोंक में इकट्ठे होकर जौनापुरिया द्वारा दिये गये बयान पर विरोध प्रकट करते हुए माफी मांगने की मांग की। गुर्जर समाज ने मांग की यदि सांसद द्वारा दिये गये वकत्वय में

- गुर्जर समाज के प्रमुख लोगों ने प्रदर्शन किया

माफी नहीं मांगी तो जौनापुरिया को गुर्जर समाज का भारी रोष का सामना करना पड़ेगा। जौनपुरिया को दो बार सांसद सम्पूर्ण समाज ने वोट देकर बनाया है, फिर भी जौनापुरिया द्वारा गुर्जर समाज में कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया जिससे गुर्जर समाज संतुष्ट हों।

इस मौके पर सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, पार्षद रामदेव गुर्जर, जिला परिषद सदस्य सम्पत महुआ, विक्रम गुर्जर डोई, सरपंच मुकेश गुर्जर, जीएसएस अध्यक्ष देवलाल गुर्जर, सरपंच शंकर दादिया, प्रेमलाल गुर्जर छापरिया, देवराज गुर्जर, छीतर गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, शैलेष गुर्जर, सुरेश गुर्जर, विनोद बोकण, राजेन्द्र गुर्जर, आशाराम गुर्जर, रोहित धाभाई, राजेन्द्र बोकण, रामप्रसाद, हेमराज गुर्जर आदि सैंकडो गुर्जर समाज ने जौनापुरिया के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

# 'जय भीम' के नारे गूंजे



**श्रीमाधोपुर कस्बे में मुख्य मार्गों से बाइक रैली तथा शोभायात्रा निकाली।**

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की 132 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्गों से बाइक रैली तथा शोभायात्रा का आयोजन हुआ।

शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। वहीं शोभायात्रा में बाबा साहब के गानों पर लोगों ने जमकर नृत्य भी किया। इसमें लोगों ने जयभीम के नारे लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कई जगह शोभायात्रा का स्वागत व जगह-जगह लोगों द्वारा जलपान का भी आयोजन किया गया। अंबेडकर पार्क में छायाचित्र के समक्ष बाबा साहेब को याद कर पुष्प अर्पित किए।

शोभायात्रा के बाद समारोह स्थलपर बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर की छायाचित्र पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन प्रकाश डाला। पुराने बस स्टैंड पर आयोजित समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता होद राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रो.हंसराज चौहान ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व सचिव व सदस्य बालेन्दु सिंह शेखावत रहे। विशिष्ट अतिथि सैनी समाज के अध्यक्ष नानूराम सतरावला, नीलम बौद्ध, राजकीय माध्यमिक विद्यालय नीमकाथाना के डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर देवी प्रसाद ,मनोज वास्तविक, पीडी परसोया मूंदरू, जगदीश मीणा पार्षद ,व प्रमोद स्वामी समारोह आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन थे। भारत रत्न अंबेडकर यात्रा में क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# डॉ. बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया

**पावटा, (निसं)।** पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती हर्षोल्लास व बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, साथ ही उनके संघर्ष और योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का आव्हान किया गया। पावटा अंबेडकर पार्क से भव्य महारैली निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी, जिसका दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

- डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती हर्षोल्लास मनाई
- भोजाकाबास में विधायक कोष से निर्मित अबेडकर भवन का उद्घाटन

वहीं इस दौरान फतेहपुरा खुर्द में समाज में शिक्षा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेता बजरंग लाल यादव जगमाल फौजी अनिल दोसोदिया बलदेव रणजीत धोलाराम सुंदरलाल कालुराम नरेन्द्र कृष्ण बाकोलिया भीम आर्मी जयपुर ग्रामीण आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं विधायक इन्द्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व वीटी नगर सरपंच धन्नी देवी की अध्यक्षता एवं सामाजिक कार्यकर्ता नित्येंद्र मानव, पूर्व सरपंच व जीएसएस अध्यक्ष सुभाष बुनकर के विशिष्ट आतिथ्य में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर भोजाकाबास, विराटनगर में विधायक कोष से निर्मित अबेडकर भवन का उद्घघाटन किया गया। यह जानकारी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच समिति, कार्यक्रम संयोजक टिंकूराम बलाई ने दी। कार्यक्रम में विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि अंबेडकर एक विचारधारा है, जिसको लोगों तक पहुंचाने के लिए ऐसे भवनों का नामांकन उनके नाम पर किया जाता है, अंबेडकर किसी जाति विशेष के नेता ना होकर समूचे राष्ट्र के नेता थे।

## किशनगढ़ बास में 3 कि.मी. लंबी यात्रा निकली

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर करीब 3 किमी लंबी यात्रा का शहर में अनेकों स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस पैदल व बाइक यात्रा में 4 हजार से अधिक युवा, बुजुर्ग एवं बच्चों बाबा साहब का नीला ध्वज लहराते हुए भाग लिया।

अंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई यात्रा विभिन्न मार्गों से निकलकर दशहरा मैदान पहुंची यात्रा का तिजारा रोड पर जैन मंदिर के पास पूर्व विधायक रामहेत यादव, पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल, व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं पार्षदों एवं व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इससे पहले पूर्व विधायक यादव ने खैरथल अंबेडकर सर्किल पर पहुंचकर भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण की इस मौके पर पूर्व विधायक के साथ सरपंच जनेश भूटानी खुशीराम यादव राजेश बटवाड़ा सरपंच कृष्ण यादव विश्वास यादव विनोद गोयल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके अलावा बाईपास स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक दीपचंद खेरिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके उपरांत दशहरा मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## अंबेडकर जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली

**निवाई, (निसं)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर टोंक रोड स्थित महावर समाज धर्मशाला से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसको मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व तहसीलदार कुलदीप सिंह ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि डॉ. भीवराव अम्बेडकर संविधान के चरियता थे। उन्होंने संविधान बनाकर देश को नई दिशा दी है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष और तहसीलदार ने भगवान बुद्ध और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विशाल शोभायात्रा महावर धर्मशाला से रवाना होते हुए बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल, बडी का मंदिर, पुलिस थाने के सामने, दामोदर कुंड, खंडदेवत मोड होते हुए शिवाजी कॉलोनी स्थित अंबेडकर सर्किल पहुंची। अंबेडकर सर्किल पर पर विशाल सभा का आयोजन हुआ।

# बाबा साहेब अम्बेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई

**कोटपूतली, (निसं)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयन्ती शुक्रवार को उपखण्ड क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम के साथ मनायी गई।

स्थानीय नगर परिषद पार्क में डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति, मेघवाल विकास समिति, राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) सहित

- शोषित व वंचित वर्ग के विद्यार्थी आधुनिक व उच्च शिक्षा ग्रहण करें : यादव

विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य समारोह आयोजित हुआ। जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने बतौर



**कोटपूतली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने सम्बोधित किया।**

मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। इस दौरान यादव ने कहा कि भारतीय संविधान पूरे विश्व में ना केवल कानून की व्याख्या, बल्कि एक ऐसे ग्रन्थ के रूप में भी प्रसिद्ध है जिसने समाज का समतलीकरण कर शोषित, वंचित व पीडित तबके को मुख्य धारा में लाने का काम किया। यादव ने कहा कि शोषित व वंचित वर्ग के लोग अच्छी, आधुनिक व उच्च शिक्षा ग्रहण करके मुख्य धारा में आये, इसके लिए गहलोत सरकार द्वारा भरपुर प्रयास किये जा रहे है।

अध्यक्षता समिति अध्यक्ष एड. सतीश निमोरिया ने की। इसी तरह ग्राम शुक्लाबास में स्कूल फिल्ड को बचाने के लिए पिछले 44 दिन से चल रहे धरने पर भी बाबा साहब की जयन्ती गुजरात के बडौदरा से आए प्रख्यात पर्यावरणविद् रोहित प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। इसी तरह गडरिया पाठशाला आदर्श नगर में पार्षद रामचन्द्र सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं मनोनित पार्षद तारा पुतली के नेतृत्व में यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान राज्यमंत्री यादव ने समिति अध्यक्ष निमोरिया, एड. सुबेसिंह मोरोडिया, सेवानिवृत आईआरएस दाताराम रैवाला की माँग पर रामसिंहपुरा रोड़ स्थित अम्बेडकर छात्रावास में 22 लाख रूपयों की लागत से हॉल बनवाने एवं महिला छात्रावास के लिए जमीन आंवटित करवाने का आश्वासन दिया। वहीं छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया ने भी राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में बाबा साहब की मूर्ति लगवाने का ज्ञापन सौंपा।

## अंबेडकर जयंती पर सर्वसमाज ने तिरंगा रैली निकाली

**चाकसू, (निसं)।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर चाकसू में पहली बार सर्वसमाज के लोगों ने वीर गुर्जर छात्रावास से विशाल तिरंगा रैली निकाली। सुसज्जित वाहन पर भारत माता के विशाल चित्र के साथ बाबासाहेब अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फूले के भव्य चित्र सुशोभित हो रहे थे। 151 फीट लम्बे तिरंगे पर गुलाब एवं हजारे की पंखुड़ियां शोभा दे रही थी। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत एवं संगीत की मधुर धुन के साथ भारत माता की जय के साथ बाबासाहेब अमर रहे, वंदेमातरम के उद्घोष लग रहे थे। रैली को गणेशपुरी धाम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र पुरी महाराज एवं कस्बे के प्रबुद्ध लोगों ने जयकारों के साथ रवाना किया। कोटखावदा चौराहा पर स्थित अंम्बेडकर सर्किल पर स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर रैली इंदिरा बाजार, मुख्य बाजार, तहसील चौराहा, फागी रोड, ज्योतिबा फूले सर्किल होते हुए आम्बेडकर सर्किल पहुंच कर शान्ति सभा में बदल गई। तिरंगा रैली का मार्ग में अनेक प्रतिष्ठानों, समाजसेवी संस्थाओं एवं गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया।

## सार-समाचार

### अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण किया



**नारायणपुर, (निसं)।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा में मुख्य अतिथि उद्योग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत, थानागाजी पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत द्वारा डॉ.बीआर अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलाहेडा सरपंच अमिता राजेन्द्र यादव ने की। मंत्री रावत ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा किये गए विकास के कार्यों के बारे में बताया एवं कोलाहेडा ग्राम पंचायत के श्मशान घाट की चारदीवारी बनाने एवं सोंदर्यकरण की घोषणा की । स्थानीय कलाकार रतन फौजी द्वारा दिनभर नेहडा गानों की प्रस्तुती दी गई । इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार ओमप्रकाश लखेरा, बानसूर चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, थानागाजी उप प्रधान रामनिवास भादू, थाना प्रभारी शिवशंकर चतुर्वेदी, सरपंच मोहन लाल वर्मा, बुर्जा सरपंच कबूल वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि उमराव लाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल, सरपंच भागीरथ सैनी, चतरपुरा सरपंच नीरज तोंगरिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश चन्द सैनी, पूर्व सरपंच शम्भूदयाल सैनी, छीतरमल गोठवाल, राजू सोरल, जगदीश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

### अंबेडकर जयंती पर बाइक रैली निकाली

**लालसोट/दौसा/ रामगढ़ पचवारा/ मंडावरी/ बांदीकुई, (निसं)।** संविधान के रचियता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती शुक्रवार को पूरे जिले भर में हर्ष उल्लास के साथ पूर्ण समारोह पूर्वक मनाई गई। लालसोट उपखंड मुख्यालय पर अंबेडकर जयंती के मौके पर लोगों द्वारा जीवंत झांकियों का प्रदर्शन करने के साथ रैली भी निकाली गई। कृषि उपज मंडी के सामने गंगापुर सवाई माधोपुर तिराहे पर अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। अंबेडकर जयंती के मौके पर विभिन्न जगहों पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न जगहों पर आकर्षक शोभायात्रा एवं बाइक रैली निकालने के साथ सामाजिक क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। अंबेडकर जयंती के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के साथ विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं द्वारा एकजुटता एवं सामाजिक समरसता का भी संदेश सार्वजनिक तौर पर दिया गया। दोसा जिला मुख्यालय पर भी अंबेडकर की जयंती के मौके पर शोभायात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर अंबेडकर जयंती के मौके पर निकाली गई रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुभाष बिलोनिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जहां ऊंट घोड़े आदि से सुसज्जित इस रैली की भव्यता का पूरा शहर गवाह बना।

### अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण किया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** जिला अस्पताल बहरोड़ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण के साथ ही अंबेडकर सोसायटी बहरोड़ एवं नीमराणा में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रमों में कांग्रेस सेवा दल की महिला प्रदेश अध्यक्ष एवं पीसीसी डॉ अंजली यादव द्वारा क्षेत्र के अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया। वहीं बहरोड़ जिला अस्पताल में आदम कद अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण विधायक बलजीत यादव द्वारा करते हुए अंबेडकर जयंती के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया गया। बहरोड़ के मिडवे से बाबासाहेब की झांकियां निकालकर अंबेडकरवादी महिला व पुरुषों सहित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर शहर के बीचों बीच रेली निकालकर जिला अस्पताल के आयोजित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में बहरोड़ विधायक बलजीत यादव तथा गरीबनाथ आश्रम रघुनाथ महाराज शिष्य हरिनाथ द्वारा अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### राठौड़ के जन्मदिन रक्तदान शिविर

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिवस पर रविवार 16 अप्रैल को रक्तमणि संयोजक एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में स्थानीय आरटीएम होटल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन करवाया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुभाष चन्द शर्मा, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, एड. अशोक सुरेलिया, पूरणमल सैनी, बगुला प्रसाद स्वामी, सुनील यादव, राजेन्द्र भौनावास, मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, सीताराम बंसल समेत नगर एवं देहात के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**टोंक, (निसं)।** संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 123वीं जयंती जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता सहित कांग्रेस जनों ने घंटाघर, टोंक स्थित अम्बेडकर सर्किल पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसी प्रकार वाल्मीकि बस्ती में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 132 वी जयंती का आयोजन किया गया और बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस कार्यक्रम पर समाजसेवी सिंगर अजय धामुनिया, एडवोकेट राजेश सौदा आदि ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसी के साथ पूरी वाल्मीकि बस्ती को 2100 दीपकों से रोशन करने का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस कार्यक्रम में भाजपा पार्षद आदित्य मीणा, मनोज चावरिया, गुलाब सेठ, कुंदन गोयर, राहुल पटूना, विनय राणावत, डांसर अजय धामुनिया, सुजीत राजोरिया आदि समाजसेवी मौजूद रहे।

### प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर भी इलेक्ट्रिक रेल सेवा शुरू

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर भी इलेक्ट्रिक रेल सेवा शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार उक्त प्लेटफार्म बड़ा होने के कारण पूरी ट्रेन आराम से आ जाएगी। जबकि इसके पूर्व इधर की सभी ट्रेनें प्लेटफॉर्म नम्बर 5 पर आ रही थी। दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत द्वारा लगातार प्रयासों के बाद रेल यात्रियों के पक्ष में आज यह सफलता प्राप्त हुई है। समस्या समाधान होने पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा अध्यक्ष अशोक वासदेव एवं अन्य पदाधिकारीयों द्वारा समस्त रेल प्रशासन का विशेष रुप से रेल प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डे व वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य रेल प्रबंधक मुकेश सैनी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### बैसाखी पर्व मनाया

**खैरथल, (निसं)।** शहर में शुक्रवार को पंजाबी सभा और सिख समाज की ओर बैसाखी पर्व श्रद्धा और उल्लास से मनाया। पंजाबी सभा ने सुखमणी साहिब का पाठ कर भोग लगाने के बाद लंगर का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालु लोगों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा कि बैसाखी पर्व पंजाबियों की शान है सिखों की पहचान है। उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया।



मैं अच्छे से रिकवर हो रहा हूं और हर दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी आया हूं और दिल्ली कैपिटल्स टीम भी यहां है तो मैं टीम से मिला। -ऋषभ पंत

भारतीय बल्लेबाज, अपनी चोट को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## राफेल नडाल



**राफेल नडाल** ने कहा कि वह बार्सीलोना ओपन नहीं खेल सकेंगे जिससे फ्रेंच ओपन से पहले एक और क्लेकोर्ट खेलने का मौका उन्हें गंवाना पड़ रहा है। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा कि वह बायें कूल्हे की चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिसकी वजह से वह इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे कार्लो टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। नडाल ने कहा," बार्सीलोना मेरे लिये खास टूर्नामेंट है क्योंकि यह मेरे घरेलू कोर्ट पर होता है। यहां खेलने का अहसास खास है लेकिन मैं अभी पूरी तरह से फिट नहीं हूं।" नडाल ने रिकॉर्ड 12 बार बार्सीलोना ओपन जीता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेपु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

# हैदराबाद ने कोलकाता को घर में 23 रन से हराया



कोलकाता, 14 अप्रेल। 13.25 करोड़ रुपए के बल्लेबाज हैरी ब्रुक के बल्ले से आए सीजन के पहले शतक के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के 16 वें सीजन के 19 वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को उसी के घर में 23 रन से हरा दिया है।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मेजबान कप्तान ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी को चुना। टॉस हारकर बैटिंग करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में चार विकेट 228 रन बनाते हुए सीजन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में कोलकाता 20 ओवर में सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

हैरी ब्रुक ने आईपीएल में अपना पहला शतक जमाया है। उन्होंने 55 गेंदों में सेंचुरी पूरी की है। इससे पहले ब्रुक ने 32 गेंदों पर अपनी पहले हाफ सेंचुरी पूरी की और उसे सेंचुरी में कॉन्वर्ट किया। ब्रुक ने ऐडन मार्करम के साथ 47 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। यहां मार्करम (50 रन) करियर का चौथा अर्धशतक जमाकर आउट हुए। हैरी ब्रुक को हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा था।20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद कप्तान नीतीश राणा ने एन जगदीशन के साथ अर्धशतकीय साझदारी कर टीम को झटके से उबारा। यहां जगदीशन आउट हुए। 229 रन का टारगेट चेज करने उतरी कोलकाता की टीम को शुरुआती झटके लगे, हालांकि नीतीश राणा ने तेजी से रन बनाए। टीम ने शून्य के स्कोर पर ओपनिंग करने आए विकेटकीपर गुरबाज का पहला विकेट गंवाया। कुछ देर पर 20 के टीम स्कोर पर वेंकटेश अय्यर भी पवेलियन लौट गए। उन्हें यानसेन ने चौथे ओवर की दूसरी बॉल पर आउट किया। अगली ही बॉल पर यानसेन ने सुनील नरेन को जीरो पर पवेलियन की राह दिखा दी। पावरप्ले के 6 ओवर में की टीम ने तीन विकेट पर 62 रन बना लिए हैं। कप्तान नीतीश राणा और जगदीशन क्रीज पर हैं।

# विश्व क्रिकेट में अगला दशक शुभमन का होगा : मैथ्यू हेडन



कोलकाता 14 अप्रैल। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार बल्लेबाजी कर रहे गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की बेहतरीन फार्म खुद बखुद बयां करती है कि विश्व क्रिकेट में अगला दशक उनके नाम होने वाला है।

स्टार स्पोर्ट्स, क्रिकेट लाइव शो से बात करते हुए हेडन ने कहा, पंजाब किंग्स की आक्रमक गेंदबाजी का सामना करते हुये गिल ने गुजरात टाइटंस के लिये अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभायी। गिल ने कुछ ऐसे शॉट खेले जिसे देख कर आंखों का सुकून मिलता है। वह इसी तरह का खिलाड़ी है और अगले एक दशक तक वह विश्व क्रिकेट पर हावी रहने वाला है।

गौरतलब है कि पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबले का फैसला मैच की दूसरी-आखिरी गेंद पर हुआ। यह आईपीएल के मौजूदा सत्र में पांचवां मौका है जब जीत हार का फैसला रोमांच के चरम पर हुआ। गुजरात टाइटंस की बैटिंग लाइन अप के लिए एक समय रन का पीछा करना आसान लग रहा था मगर मोहाली में पंजाब में गुजरात को आखिरी ओवरों में झटके देकर मैच को रोमांचक बना दिया हालांकि 'आइस कूल' राहुल तेवतिया और अनुभवी डेविड मिलर ने अपनी टीम की झोली में जीत डाल कर ही दम लिया। इस मुकाबले में गिल ने आईपीएल 2023 में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और 49 गेंदों पर 67 रनों की शानदार पारी खेली। गिल का दुर्भाग्य रहा कि वह अपनी टीम के लिए आखिर तक नहीं खेल पाए और आउट हो गए।

हेडन ने मिलर और तेवतिया की जोड़ी की भी तारीफ करते हुए कहा कि दोनों अपने पहले सीज़न में गुजरात टाइटन्स के लिए कठिन परिस्थितियों में खेलते हुए फिनिशर की जिम्मेदारी निभाई है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डोल ने कहा कि यह जोड़ी टीम के लिए अपना महत्व साबित करती रही है। डोल ने कहा, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया ऐसे खिलाड़ी हैं जो आवश्यकता पड़ने पर गुजरात टाइटन्स के लिए कारगर साबित होते हैं। उन्होंने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटन्स के लिए जो किया उसे 2023 में दोहराया है।

## काफी खतरनाक हो सकते है प्रभसिमरन सिंह : कोच हाडिन

मोहाली, 14 अप्रैल। पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्राड हाडिन का मानना है कि अपनी लय हासिल करने पर युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं। बाईस वर्ष के प्रभसिमरन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 34 गेंद में 60 रन बनाये लेकिन अगले दो मैच में खाता नहीं खोल सके। हाडिन ने गुजरात टाइटंस से छह विकेट से मिली हार के बाद कहा ," हमने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ देखा । वह काफी प्रतिभाशाली है । लय में होने पर वह मैदान में चारों ओर शॉट खेल सकता है और मैच विनर हो सकता है ।"

उन्होंने कहा ,' अब वह अपनी भूमिका समझ रहा है । हम उसका और उसके खेलने की शैली का पूरा समर्थन करेंगे । कुछ दिन प्रदर्शन अच्छा होगा और कभी नहीं भी होगा ।' यह पूछने पर कि प्रभसिमरन के नहीं चलने पर क्या पंजाब के पास विकल्प है , हाडिन ने कहा ," हमारे पास कई विकल्प है लेकिन इस समय वह शीर्ष पर ही खेलेगा । हमने देखा है कि खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच देने पर वे शानदार प्रदर्शन करते हैं । ये सभी काफी प्रतिभाशाली है और उसने काफी दबाव वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है । वह रन बनाना चाहता है और अपनी लय में होने पर काफी खतरनाक हो सकता है ।"

# भारतीय पुरुष टीम 2024 एशियाई कप से पहले किंग्स कप और मर्डेका कप में खेलेगी

नयी दिल्ली, 14 अप्रैल। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से शुरू होकर नवंबर और दिसंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर तक काफी व्यस्त रहेगा। मर्डेका कप इस साल बैंकॉक में वापसी करेगा और साथ ही किंग्स कप भी खेला जायेगा।

मलेशिया का टूर्नामेंट मर्डेका कप 1960 से लेकर 1980 के दशक के मध्य तक सीनियर राष्ट्रीय टीम के कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल था। एआईएफएफ ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कई फैसलों में विदेशी खिलाड़ियों को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल), गोवा लीग जैसे प्रमुख राज्य लीग के साथ आई लीग डिवीजन 2 में भाग लेने से रोकने का भी फैसला किया है। महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। महिला फुटबॉल के लिए अच्छी खबर है क्योंकि भारतीय महिला लीग में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 3.2 लाख रुपये निर्धारित किया गया है।

भारतीय पुरुष टीम अगले साल होने वाले एशियाई कप फाइनल्स की तैयारी कैसे कर रही है, यह सवाल पूछने पर प्रभाकरण ने कहा, "हम जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप खेल रहे हैं और उसी महीने सैफ चैंपियनशिप खेल रहे हैं। भारतीय पुरुष इसके बाद बैंकॉक में किंग्स कप और उसके बाद अक्टूबर में मर्डेका कप खेलेगी। नवंबर-दिसंबर में विश्व कप क्वालीफायर है। " महासचिव ने कहा कि अगले साल एशियाई कप से पहले एक महीने का शिविर लगाने की योजना है।

# आनलाइन सट्टेबाज कंपनी का साथ देकर मुश्किल में फंसे मैकुलम



लंदन, 14 अप्रैल। ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने के चलते इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच शुरू की है।

मैकुलम को साल के शुरू में सट्टेबाजी कंपनी '22बेट' ने अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था और वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आये थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने यह जानकारी खुद 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा कर की थी। बीबीसी के हवाले से ईसीबी ने कहा, सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम उसका पालन करना सुनिश्चित करते हैं। हम मैकुलम और 22बेट के रिश्तों को लेकर बात कर रहे हैं। हालांकि वह अभी किसी जांच के दायरे में नहीं है।

न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी। मैकुलम इससे पहले 2019 से 2022 के बीच कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच की भूमिका में रह चुके है। 2022 में इंग्लैंड के कोच नियुक्त होने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 12 टेस्ट मैचों में से 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है।

## फ्रिट्ज ने मोंटे कार्लो में गत चैम्पियन सिटसिपास को हराया

मोनाको, 14 अप्रैल। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो बार के चैम्पियन स्टेफानोस सिटसिपास को 6.2, 6.4 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया । दूसरी वरीयता प्राप्त सिटसिपास यहां लगातार 12 मैच जीत चुके थे जिसमें पिछले दो खिताब शामिल हैं । अब फ्रिट्ज का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रूबलेव से होगा जिन्होंने जर्मन क्वालीफायर जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6.1, 7.6 से हराया । शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में ही हारकर बाहर हो गए हैं ।

## राज्य सीनियर पुरुष फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए जयपुर टीम घोषित

जयपुर, 14 अप्रेल। अलवर में 15 से 19 अप्रेल तक आयोजित होने जा रही 77 राज्य सीनियर पुरुष फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए जयपुर जिले की फुटबॉल टीम की घोषणा ाज की गई। टीम की घोषणा चयन समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा और टीम कोच मोहित रोजारियो की उपस्थिति में डॉ. दिलीप सिंह चुंडावत ने की। 19 सदस्य जयपुर टीम का चयन पिछले 10 दिन से आयोजित ट्रेनिंग कैं के पश्चात किया गया जिसका अजय सैनी (कप्तान) व संजय लम्बा (उप कप्तान) को नियुक्त किया गया। टीम के अन्य खिलाड़ी इस प्रकार से है :- अजय सैनी (कप्तान), संजय लम्बा (उप कप्तान), मनोजित घोष (गोलकीपर), सौरभ रावत, सुजल सैनी, अंकित शर्मा, नीरज सिंह, शुभम सिंह, मारतण्ड रैना, नितेश चौधरी, यश गोयल, अजेंद्र सिंह, यश नामा, अनूप वर्मा, अजीत सिंह (गोलकीपर), कनद मीना, मेहुल सैनी, चैतन्य पुरोहित, राहुल। प्रतियोगिता के लिए जयपुर टीम के कोच मोहित रोजारियो और मैनेजर विश्वजीत सिंह है। जयपुर टीम प्रतियोगिता में अपना पहला मैच करौली टीम से 16 अप्रेल को खेलेगी।

## जीत का खाता खोलने के लिये पूरा जोर लगायेगी दिल्ली

बेंगलुरू, 14 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन कर अंकतालिका की दहलीज पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स जीत का खाता खोलने के लिये शनिवार को पूरे दमखम के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को उनके घर में मात देने मैदान पर उतरेगी। आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोटिंग और डेविड वार्नर के लिये आईपीएल का सत्र अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है। पोटिंग टीम के कोच की भूमिका में है जबकि वार्नर कप्तान के तौर पर अब तक टीम को एकजुट रखने में असफल साबित हुये हैं। वार्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल को छोड़ कर टीम के अन्य बल्लेबाज फिलहाल अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम साबित हुये है,नतीजन टीम को अपने शुरूआती चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पृथ्वी शॉ,यश धुल,मनीष पांडे का प्रदर्शन स्तरहीन रहने से टीम मुश्किलों में फंसती नजर आयी है वहीं धुआंधार बल्लेबाजी के लिये विख्यात वार्नर की धीमी बल्लेबाजी ने भी परेशानियों में इजाफा किया है। गेंदबाजी की बात करें तो एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव रन गति पर अंकुश लगा कर विकेट निकालने में खास नहीं कर सके है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच दिल्ली के गेंदबाजों की परीक्षा लेने को तैयार होगी। दूसरी ओर विराट कोहली,ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डुप्लेसी जैसे सितारों से सजी आरसीबी पिछले दो मैच हार चुकी है और अब वह और घर पर एक और हार झेलने के मूड में कतई नहीं होगी। मोहम्मद सिराज और हर्षल पटेल अब तक प्रभावशाली रहे हैं हालांकि उन्हे अपनी लय और रफ्तार को बरकरार रखते हुये दिल्ली को बांधे रखना होगा।

# यूक्रेन के एथलीट रूस, बेलारूस के साथ नहीं खेलेंगे

मॉस्को, 14 अप्रैल। यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों पर रूस और बेलारूस के एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार यूक्रेन के युवा और खेल मंत्रालय ने यूक्रेनी एथलीटों को रूसी और बेलारूसी एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। खेल मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित हुए इस फरमान पर उप खेल मंत्री मत्वी बिदनी के हस्ताक्षर हैं।

मंत्रालय के अपने फरमान में लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय टीमों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडलों को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा रहा है, जिसमें रूस और बेलारूस के एथलीट भाग ले रहे हैं।


यूक्रेनी मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य ओलेह नेमचिनोव ने मार्च के आखिरी सप्ताह में कहा था कि यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों को 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, क्योंकि इस प्रतियोगिताओं में रूसी एथलीट भी हिस्सा लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि यूक्रेन के एथलीटों को रूसियों के साथ टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने से रोकने के कीव के फैसले से केवल यूक्रेनी खेलों को नुकसान होगा और यह यूक्रेनी एथलीटों की मनोदशा पर असरकारक होगा।

ओलंपियन कंकाल रेसर व्लादिस्लाव हेरास्केविच सहित कुछ यूक्रेनी एथलीटों ने प्रतिबंध की आलोचना करते हुए कहा कि इससे यूक्रेनी खेलों पर बेहद बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अगर यूक्रेनी प्रतिनिधि प्रतियोगिताओं में उपस्थित नहीं होते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय खेल मैदानों को पूरी तरह से खाली कर देते हैं और रूसी/बेलारूसी प्रतिनिधियों को उनके आख्यानों और प्रचार को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं।

मंत्रालय ने निर्देश दिया कि उनके आदेश का अनुपालन किया जाए। मंत्रालय के आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में यूक्रेन के खेल संघ राष्ट्रीय महासंघ के दर्जे से वंचित हो जाएंगे। आदेश में रूसी और बेलारूसी एथलीटों के भाग लेने पर टूर्नामेंट से यूक्रेनी एथलीटों के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाने का भी प्रावधान है।

गौरतलब है कि आईओसी के प्रमुख थॉमस बाक ने 28 मार्च को कहा था कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों की सिफारिश की थी कि रूसी और बेलारूसी एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाए, लेकिन अगर वे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान का समर्थन करते हैं तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी।

# जोकोविच लगातार तीसरी बार मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से बाहर



मोनाको, 14 अप्रैल। सार्बिया के नोवाक जोकोविच गुरूवार को इटली के लोरेंजो मुसेटी से 4-6, 7-5, 6-4 से हार कर मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। यह तीसरा मौका है जब 22 ग्रैंड स्लैम विजेता और टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय जोकोविच को हार का सामना करना पड़ा है। क्ले कोर्ट पर मुसेटी ने तेज तर्राक खेल का मुजाहिरा किया वहीं जोकोविच में मैच के दौरान आठ बार अपनी सर्विस गंवाई और यही दोनो खिलाड़ियों के बीच जीत हार का कारक बनी।

मोंटेकार्लो में दो बार के चैंपियन जोकोविच पिछले साल फ्रांस के कोटे डीज़ूर से पहले दौर में हार गए थे जबकि 2021 में उनका सफर तीसरे दौर पर समाप्त हो गया था। जोकोविच को शिकस्त देने के बाद मुसेटी शुक्रवार को यानिक सिनर का सामना कर रहे हैं। सिनर दसवीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 3-6, 7-6 (6), 6-1 से हरा कर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

एक अन्य मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 7-5, 7-6 (7) से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी जहां उनका सामना होल्गर रूने से होगा वहीं जर्मन क्वालिफायर जैन लेनार्ड स्ट्रफ ने चौथी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-1, 7-6 (6) से हराया। स्ट्रफ अब 2021 के उपविजेता आंद्रे रुबलेव से भिडेंगे। रुबलेव ने करेन खाचानोव को 7-6 (4), 6-2 से हरा कर अंतिम आठ में जगह बनायी है।

## दिव्यांश, विजयवीर, सिफ्ट राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीते

भोपाल, 14 अप्रैल। ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार, सिफ्ट कौर सामरा और विजयवीर सिद्धू ने शुक्रवार को यहां पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीत हासिल की। हाल में आगामी बाकू विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान गंवाने वाले दिव्यांश ने फॉर्म में वापसी की। दिल्ली की कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में अनंत जीत सिंह नरूका और गनेमत शेखों ने क्रमशः पुरुष और महिला स्कीट ट्रायल्स में जीत दर्ज की।

भोपाल में दिव्यांश ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 क्वालिफिकेशन दौर ममें 636.3 अंक का स्कोर बनाया। उन्होंने स्वर्ण पदक मैच में सूर्या प्रताप सिंह बंशतु को 16-12 से पराजित किया। पंजाब की सिफ्ट कौर ने स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपियन अंजुम मोदगिल को 16-4 से शिकस्त दी। तेजस्विनी सावंत तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर ने आदर्श सिंह को 30-24 से हराया। ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

# लखनऊ को उसके घर में हराना पंजाब के लिये नहीं होगा आसान

लखनऊ 14 अप्रैल। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पिछले दो मैचों में हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपर जांयट्स शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पाने का होगा।

इकाना स्टेडियम की धीमी पिच पर अब तक बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेती रही है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक खेले गये चार मैचों में तीन में जीत दर्ज की है और वह अंकतालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर है वहीं पंजाब ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार शुरूआत की मगर अंतिम दो मुकाबलों में उसे नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। दोनो टीमें शनिवार शाम सात बजे एक दूसरे के सामने होंगी।

कप्तान शिखर धवन को छोड़ कर पंजाब किंग्स के अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन सामान्य रहा है। धवन अब तक खेले गये चार मैचों में 233 रन बना चुके है वहीं युवा प्रभसमिरन ने भी शुरू के दो मैचों में अपनी छाप छोड़ी मगर बाद में वे बेअसर साबित हुये। दूसरी ओर लखनऊ के सबसे महंगे खिलाड़ी निकोलस पूरन और मार्कस स्टॉयनिस समेत शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी खेल चुके हैं।

निकोलस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर टीम को जीत का तोहफा दिया था। कप्तान समेत टीम प्रबंधन को उनसे ऐसी ही एक और पारी की उम्मीद रहेगी। पंजाब का मध्यक्रम टीम प्रबंधन के लिये अब तक चिंता का विषय बना रहा है। भानुका राजापक्षे,सैम कुर्रन और जीतेश शर्मा को लखनऊ के मार्क वुड,आवेश खान,अमित मिश्रा और कृणाल पांडया की धारदार गेंदबाजी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

हालांकि पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण अर्शदीप सिंह की अगुवाई में तीखा रहा है जो कगिसो रबादा के जुड़ने के साथ और भी धारदार हो चुकी है। कप्तान के एल राहुल के लिये भी यह मुकाबला अपनी फार्म को हासिल करने का बेहतरीन अवसर होगा।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्र चाकसू (न.पा.चा.) जिला-जयपुर**

नियम 6(7) देखिए

**लोक सूचना**

क्रमांक-211 दिनांक-12.4.23

स्नेह रीयल मार्ट प्राईवेट लि. रजिस्टर्ड आफिस बी-11 रत्ना सागर एम.एस.बी. का रास्ता जौहरी बाजार जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तहसील चाकसू जिला जयपुर | चाकसू (पूर्व) | 5800/1 | कुल किता 01 रकबा 0.5500 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .....को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र चाकसू नगर पालिका, चाकसू

प्ररूप-10 नियम 6(7) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक**

**लोक सूचना**

क्रमांक-नपासा/2023/80 दिनांक-13.4.23

श्री विक्रम सिंह पुत्र श्री दौलत सिंह जाति राजपूत निवासी छोटाबाजार देवयानी रोड, सांभर लेक तहसील फुलेरा जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | सांभरलेक | 2523/2354 | कुल रकबा 0.0380 हैक्टयर | रकबा 0.0380 हैक्टयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयागार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13.4.23 को जारी की जाती है।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल सांभरलेक

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
**भिवाडी ऑफिस : जी.ओ.-1, फेज - द्वितीय, रीको औद्योगिक क्षेत्र, भिवाडी**
Email-id: robhiwadi@gmail.com, Ph: 01493-221435

क्रमांकःराप्रनिमं/क्षे.अ./भिवाडी/जी-464/1229 दिनांकः 12.04.23

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "मै० एसबीएफ रैपिड इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०' द्वारा प्लॉट न० एसपी-04-317 रीको औद्योगिक क्षेत्र कारोली, तहसील- टपूकडा, जिला अलवर पर प्रस्तावित स्टील प्लांट ( 30 टन क्षमता की 02 इन्डक्शन फरनेस से उत्पाद एम.एस. बिलेट उत्पादन क्षमता 356400 टन प्रतिवर्ष, रोलिंग मिल से उत्पाद टी.एम.टी. बार / रोल्ड प्रोडक्ट उत्पादन क्षमता 337000 टन प्रतिवर्ष, स्टक्चरल स्टील एवं जिंक रिकवरी प्लांट उत्पादन क्षमता- 06 टन प्रतिदिन) स्थापित करने सम्बन्धित ग्रीनफिल्ड परियोजना का प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 2. और चूंकि "मै0 एसबीएफ रैपिड इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०' प्लॉट न० एसपी-04-317, रीको औद्योगिक क्षेत्र कारोली, तहसील- टपूकडा, जिला अलवर द्वारा उपरोक्त प्रोजेक्ट स्थापित करने सम्बन्धित ग्रीनफिल्ड परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए जन सुनवाई हेतु आवेदन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया हैं। 3. और चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं 01.12.2009 के अनुसार जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है। 4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्नांकित कार्यालयों पर उपलब्ध है:- 1. जिला कलक्टर, अलवर। 2. अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी। 3. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, भिवाडी। 4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 5. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय -4 संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 6. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, केन्द्रीय भवन, 5वाँ तल, सेक्टर एच. अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) 7. ग्राम पंचायत, महेशरा, तहसील टपूकडा, जिला अलवर अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए जन सुनवाई दिनांक 23.05.2023 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- ग्राम पंचायत भवन, महेशरा, तहसील टपूकडा, जिला अलवर में उपस्थित होकर अपने सुझाव / आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही किसी भी संबन्धित व्यक्ति द्वारा लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भिवाडी में दिये जा सकते हैं।

-क्षेत्रीय अधिकारी



*असम के सुरसजाई स्टेडियम में 11 हजार से ज्यादा कलाकारों ने एक साथ बिहू नृत्य का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इसके लिए लंबे समय से तैयारी चल रही थी। बिहू परफॉर्मेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े होकर ताली बजाते रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।*

# असम में 11 हजार से अधिक कलाकारों ने बिहू डांस करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

## प्रधानमंत्री मोदी के सामने हजारों की संख्या में कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं, यह रिकॉर्ड गिनिज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है

गुवाहाटी, 14 अप्रैल। असम दौरे पर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने डिब्रूगढ़ के सुरसजाई स्टेडियम में बिहू नृत्य का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी असम सी.एम. हिमंता बिस्वा सरमा के साथ नृत्य को एंजॉय करते दिखे। पूरी परफॉर्मेंस के दौरान पी.एम. मोदी खड़े होकर ताली बजाते रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के सामने 11 हजार से ज्यादा कलाकारों ने एक साथ बिहू नृत्य का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इसके लिए लंबे समय से तैयारी चल रही थी। बिहू परफॉर्मेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े होकर ताली बजाते रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। यह रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ के नामरूप में 500 टी.पी.डी. मेथनॉल संयंत्र के साथ 500 टी.पी.डी. मेथनॉल संयंत्र के साथ कई प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पी.एम. मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत असमिया भाषा में लोगों का अभिवादन कर की। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम अविश्वसनीय, अद्भुत है। इस कार्यक्रम को कोई कभी नहीं भूल सकता है। पी.एम. ने इस दौरान बीहू में वर्ल्ड रिकॉर्ड को लेकर बीहू कलाकारों के जोश की तारीफ की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं विधानसभा चुनाव के दौरान यहां आया था तब मैंने कहा था कि वो दिन दूर नहीं जब लोग "ए" से असम बोलेंगे। आज वाक्य असम "ए-1" प्रदेश बन रहा है। प्रधानमंत्री ने मेथेनाल संयंत्र की शुरुआत को लेकर कहा कि मेथनॉल संयंत्र बनने से असम अब पड़ोसी देशों को मेथनॉल निर्यात कर पाएगा।

असम में विकास प्रोजेक्ट की बात करते हुए पी.एम. मोदी ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि आपके रास्ते में आने वाली हर अड़चन को जल्द-जल्द से दूर करने का प्रयास किया जाए। आज यहां जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है ये भी इसी का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा- भारत की विशेषता यही है कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपराएं हजारों-हजार वर्षों से हर भारतवासी को जोड़ती आई हैं। हमने मिलकर, गुलामी के लंबे कालखंड के हर हमले का सामना किया।

हमने मिलकर अपनी संस्कृति और सभ्यता पर कड़े से कड़े प्रहार झेले।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर के राज्यों में अपनी सरकार के विकास कार्यों की चर्चा की। पी.एम. ने कहा कि हमारी सरकार पुरानी परियोजनाओं को पूरा करने के साथ नए परियोजनाओं पर काम कर रही है।

# 'खालिस्तान समर्थक अमृतपाल बीकानेर आ सकता है'

## केन्द्रीय ऐजेन्सियों ने बीकानेर रेंज के आई.जी. को अलर्ट भेजा

बीकानेर, 14 अप्रेल (कासं)। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल की हनुमानगढ़ के बाद शुक्रवार को बीकानेर और चूरू में भी तलाश की गई। बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम का कहना है कि, अमृतपाल के बीकानेर में छिपे होने की पॉसिबिलिटी है। शुक्रवार को देर शाम समाचार लिखे जाने तक खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को लेकर कोई इनपुट नहीं मिला। हालांकि बीकानेर में कई जगह नाकाबंदी कर गाड़ियों की छानबीन की गई।

दरअसल केन्द्रीय एजेंसियों ने बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश को अलर्ट किया था कि, बीकानेर रेंज में अमृतपाल आ सकता है। इसी आधार पर आईजी ने रेंज के हनुमानगढ़ के कुछ गांवों में दबिश और नाकाबंदी कार्रवाई थी। इसके बाद बीकानेर और चूरू जिले में भी नाकाबंदी कराई गई है।

हालांकि कहीं से कोई पुख्ता जानकारी अमृतपाल के बारे में नहीं मिली है। कुछ सीसीटीवी फुटेज पर भी पुलिस काम कर रही है। पुलिस के पास संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज हैं। यह भी बताया जा रहा है कि, बीकानेर में पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं, जो हर जगह अमृतपाल की तलाश की जा रही हैं।

एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि, बीकानेर में कोई बाहरी टीम आकर पड़ताल नहीं कर रही है। दरअसल, बीकानेर भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर एरिया है। ऐसे में यहां बॉर्डर से लगे गांवों में छिपने की ज्यादा आशंका रहती है। श्रीकोलायत, बीकानेर शहर के निकटवर्ती गांव, बज्जू, महाजन, अरजनसर, छतरगढ़, खाजूवाला सहित अनेक ऐसे कस्बे हैं। इनके दर्जनों गांवों में आने-जाने का सीधा रास्ता तक नहीं है। ऐसे में कई बार अपराधी इन्हीं एरिया में छिप जाते हैं। जेल से फरार हुए कई बदमाश भी पुलिस को बज्जू इलाके में ही मिले थे। मुख्य कस्बों के बजाय इनके पास के गांवों पर पुलिस की खास नजर हो सकती है। बीकानेर में अमृतपाल की तलाश के पीछे बड़ा कारण यह है कि यहां पहले भी कई अपराधी पकड़े जा चुके हैं। इनमें कुछ यहां रहने के बाद वापस पंजाब लौट गए। कुछ को बीकानेर से ही गिरफ्तार किया गया। 'वारिस पंजाब दे' संगठन का प्रमुख अमृतपाल सिंह करीब 27 दिनों से फरार है। पंजाब पुलिस अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

- **बीकानेर में पुलिस के साथ खुफिया ऐजेन्सियाँ भी सक्रिय हो गई हैं, जो अमृतपाल की तलाश कर रही हैं।**
- **बीकानेर में अमृतपाल की तलाश के पीछे बड़ा कारण यह है कि, यहां पहले भी कई अपराधी पकड़े जा चुके हैं।**
- **बीकनेर के अलावा हनुमानगढ़ व चूरू में भी अमृतपाल की तलाश।**
- **अमृतपाल के संगरिया में संतपुरा की रोही में होने की सूचना के बाद हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर पुलिस सक्रिय हो गई। कयास लगाए गए कि वह गुरूद्वारा में सरेन्डर कर सकता है, पर देर शाम तक अमृतपाल के सरेन्डर की पुष्टि नहीं हो पाई।**

अमृतपाल के राजस्थान सीमा के गांव संतपुरा की रोही में छिपे होने की आशंका पर सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार-गुरूवार रात को छापा मारा। हालांकि मौके से अमृतपाल को पकड़ने की पुष्टि नहीं हो पाई। पंजाब पुलिस युवक 2 एएमपी की ढाणी निवासी हरदीप सिंह पुत्र छिंदा सिंह को राउंडअप साथ ले गई। सूत्रों का कहना है कि इस युवक के साथ अमृतपाल की फोटो वायरल हुई। अमृतपाल के हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले में छुपे होने की आशंका में स्टेट बॉर्डर पर पंजाब पुलिस ने नाकाबंदी की। दोनों राज्यों की सीमा पर अमृतपाल और उसके साथियों के फोटो चस्पा किए। संगरिया थाना के संतपुरा गांव के निकट एक ढाणी में पंजाब, हरियाणा और संगरिया पुलिस ने अलसुबह दबिश दी।

संतपुरा स्थित एक ढाणी के समीप अमृतपाल सिंह के छुपे होने के इनपुट के बाद सक्रिय हुए पुलिस दल ने केन्द्रीय जांच एजेंसियों के नेतृत्व में मोर्चा लगाया। ग्रामीणों ने बताया कि संतपुरा से करीब एक किमी दूर स्थित एक ढाणी में 25-30 स्कार्पियो गाड़ियों का काफिला पहुंचा। गांव दीनगढ़ तिराहे, ढाबां चौकी और मालारामपुरा चौकी और चौटाला-संगरिया मार्ग और सीमाओं पर भी हथियारों से लैस पुलिस आने-जाने वालों की जांच कर रहे हैं। पुलिस थाना संगरिया में हनुमानगढ़ एसपी सुधीर चौधरी और संगरिया डीएसपी जस्साराम बोस भी मौजूद थे। हनुमानगढ़ एसपी सुधीर चौधरी ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए जानकारी देने से इंकार कर दिया।

सूत्रों के अनुसार संगरिया पुलिस ने संदेह के आधार पर संतपुरा की रोही 2 एएमपी की ढाणी निवासी हरदीप सिंह पुत्र छिंदा सिंह को शांतिभग के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस बीच विभिन्न जांच एजेंसियों का संगरिया थाना में जमावड़ा रहा। शाम को संगरिया पुलिस ने हरदीप सिंह को एसडीएम के समक्ष पेश किया। उसे पाबंद कर छोड़ दिया गया।

लेकिन यहां से उसे पंजाब में किसी मामले में अमृतसर पुलिस राउंडअप कर साथ ले गई। 13 अप्रैल को बैसाखी पर्व है। इसी दृष्टिगत खूफिया एजेंसियों ने इनपुट दिए थे कि अमृतपाल इस पावन पर्व पर किसी एतिहासिक गुरूद्वारे में जाकर आत्मसर्मपण कर सकता है। इसी दौरान उसके संगरिया के संतपुरा की रोही में होने की सूचना के बाद हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर पुलिस सक्रिय हो गई। हनुमानगढ़ टाउन में जस्सा सिंह, महताब सिंह ऐतिहासिक गुरूद्वारा और श्रीगंगानगर में बुड्ढ़ा जोहड़ ऐतिहासिक गुरूद्वारा में अमृतपाल के सरेंडर करने के कयास लगाये गए। दोनों गुरूद्वारों में सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों ने निगरानी भी की लेकिन देर शाम तक अमृतपाल के सरेंडर की पुष्टि नहीं हो पाई।

### क्या केजरीवाल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गोवा पुलिस से भी सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए सम्मन मिला है, जिसके लिए उन्हें 27 अप्रैल को सार्वजनिक पूछताछ के लिए उपस्थित होना है।

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सी.बी.आई. को केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को सम्बोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल जी को 16 अप्रैल को गिरफ्तार करने और जेल भेजने के लिए आप ने जो साजिश रची है उससे उनकी आवाज़ दबाई नहीं जा सकती है।

आप को चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिए जाने के कुछ दिन बाद ही सी.बी.आई. ने सम्मन भेजा है। कुछ दिन पहले ही दिल्ली विधानसभा केजरीवाल ने अनायास ही उद्योगपति गौतम अडानी के साथ प्रधानमंत्री मोदी की सांठ गांठ पर सवाल उठाए थे। संजय सिंह ने कहा "मैंने तब ही केजरीवाल से कहा था कि सी.बी.आई. में अगला नम्बर आप का होगा।"

# कश्मीर में बैसाखी उत्सव के दौरान फुटब्रिज टूटकर गिरा, 62 घायल

## घायलों में 25 लोगों की हालत गम्भीर, ब्रिज टूटने का कारण ओवरलोडिंग बताया जा रहा है

श्रीनगर, 14 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को एक फुटब्रिज गिरने से कई बच्चों सहित कम से कम 60 से 62 लोगों घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि, उधमपुर के गांव में बैसाखी का त्योहार मनाया जा रहा था। इस मौके पर कई श्रद्धालु यहां इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ।

उधमपुर की डी.एम. ने कहा कि हादसे में 62 लोग घायल हुए हैं, जबकि 25 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ब्रिज गिरने के बाद आधे घंटे में इलाके से निकासी की गई। वहीं गंभीर हालत में 5 घायलों को जम्मू रेफर किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। बचाव दल ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू ऑपरेशन में महिलाओं और बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

गौरतलब है कि हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भगदड़ देखी जा सकती है। इस हादसे में 20 से 25 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि, यह घटना बैसाखी समारोह के दौरान चेनानी प्रखंड के बैन गांव के बेनी संगम में हुई। यहां पर एक फुट ब्रिज बनाया गया था। इस पर सिर्फ 20 लोगों के चलने की क्षमता है। शुक्रवार को इस फुट ओवर ब्रिज को क्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण यह हादसा हुआ। भीड़ अधिक होने के कारण 150 लोग इस ब्रिज पर चढ़ गए थे। भार ज्यादा होने की वजह से यह पुल टूट गया।

संभागीय आयुक्त (जम्मू) रमेश कुमार ने कहा कि, पुल ओवरलोडिंग के कारण ढह गया क्योंकि बड़ी संख्या में लोग उस पर जमा हो गए थे। बैसाखी के चलते स्थानीय लोग और श्रद्धालु यहां पर त्योहार मनाने आए थे। ब्रिज टूटने की वजह से यहां अफरा-तफरी मच गई। भारी संख्या में लोग यहां पर इकट्ठा थे। हादसे में बच्चें और महिलाओं समेत 80 से 85 लोगों के घायल होने की सूचना है। चेनानी नगर पालिका के अध्यक्ष माणिक गुप्ता ने बताया कि इस हादसे में 80-85 लोगों को चोटें आई हैं। 20-25 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

- **गौरतलब है कि हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में भगदड़ देखी जा सकती है।**

### कांग्रेस बढ़त की स्थिति ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिए अपना फॉर्मूला आजमाया। विडम्बना ये है कि गुजरात व अन्य कहीं अच्छा लाभ दे चुका यह फॉर्मूला आज भाजपा की परेशानी का सबब बना हुआ है क्योंकि दो नेता एक कड़े विद्रोह पर उतर आए हैं, जिन्हें टिकट नहीं दिया गया है। पर असंतोष कई क्षेत्रों और सीटों पर भाजपा को पराजय दिलवा सकता है और खासकर ऐसी 30 विषम सीटों पर, जहां वर्ष 2018 के चुनावों में जीत का अंतर बहुत ही कम रहा था। 3

राज्य को लेकर अधिकांश चुनाव विशेषज्ञ दो बातों पर तो बिल्कुल सहमत हैं। पहली तो यह कि कांग्रेस बढ़त लेती हुई प्रतीत होती है, और दूसरी यह कि भाजपा कठिन स्थिति में है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्री विद्रोह पर उतर आए हैं और उनका भाजपा की संभावनाओं को कम करना तय है, लेकिन दिल्ली में बैठा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व डैमेज़ कंट्रोल मोड में है और उम्मीद है कि वो समय रहते विद्रोह को शांत कर देगा।

लेकिन जहाँ तक बात कर्नाटक में भाजपा की मजबूती की है तो यहाँ उसकी स्थिति अनुशासन एवं मजबूती के मामले में यू.पी. जैसी नहीं है, जहाँ के नेताओं को पैंतरेबाजी के लिए काफी छूट दी जाती है। इसके अलावा कई नेता अन्य पार्टियों से भाजपा में आए हैं, उनके ऐसे अनुशासन की उम्मीद नहीं की जा सकती जैसी कि आर.एस.एस. पृष्ठभूमि से आए भाजपा के नियमित नेताओं से की जाती है।

लेकिन भाजपा के नीतिकार बागियों या असंतुष्टों से होने वाली परेशानियों को किसी भी गिनती में नहीं रख रहे है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी और जनता से उनका जुड़ाव इतना सशक्त है कि हरेक नकारात्मक प्रभाव को नष्ट कर सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी 10 मई को होने वाले कर्नाटक चुनावों तक कई बार कर्नाटक का दौरा करेंगे और निश्चित रूप से उसका प्रभाव पड़ेगा। लेकिन चुनावी इतिहास बताता है कि राज्य की जनता ने कभी भी सरकार की वापसी नहीं की है। और प्रायः कर्नाटक की जनता खंडित जनादेश भी देती रही है। और सबसे बड़ी बात तीन प्रमुख दावेदार हैं भाजपा, कांग्रेस और जद (एस) टिकट वितरण और चुनाव प्रसार में कांग्रेस व जद (एस) ने बाजी मार ली है।

भाजपा को अंतर्कलह को रोकने और टिकट वितरण करने में परेशानी हो रही है। बगावत ने भी परेशानी और बढ़ा दी है, भाजपा को नकारात्मक अवधारण और बोम्मई सरकार की "40 प्रतिशत कमीशन" सरकार की छवि की समस्या से भी जूझना होगा।

कांग्रेस के लिए यह करो या मरो की लड़ाई है। यहाँ की जीत से मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बढ़ेगा।

### 'पायलट 17 ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में बड़े संकेत दे रहा है कि अब हवा किस तरफ बह रही है।

कमलनाथ, सोनिया तथा राहुल गांधी के जाँचे-परखे तथा विश्वसनीय व्यक्ति हैं। ऐसी आशा की जाती है कि जिस तरफ सोनिया और राहुल गांधी का झुकाव होगा, कमलनाथ उसी के समर्थन की बात करेंगे।

और यह सर्वविदित है कि गांधी परिवार अशोक गहलोत से परेशान एवं नाराज़ है। गांधी परिवार से मिलने का समय लेने की उनकी तमाम कोशिशों को "प्रवेश नहीं" का साइन बोर्ड ही दिखाई दिया है।

अगले चन्द दिनों में यह सामने आ जायेगा कि कमलनाथ कांग्रेस में शांति का माहौल बनाने के लिये क्या प्रस्ताव लेकर आते हैं। लेकिन उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि अशोक गहलोत नहीं चाहते कि सचिन पायलट के समक्ष पी.सी.सी. की अध्यक्षता प्रस्तावित हो तथा चाहते है कि वे पूरी तरह दिल्ली भेज दिये जायें।

# दिल्ली की तिहाड़ जेल में गैंग वॉर, लॉरैंस विश्नोई के साथी की मौत

## तिहाड़ जेल में चाकुओं से खूंखार गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की हत्या कर दी गई

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में फिर गैंगवॉर की घटना सामने आई है। इस गैंगवॉर में एक खूंखार गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की हत्या कर दी गई है। 30 वर्षीय गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया लॉरेंस बिश्नोई गैंग का प्रमुख सदस्य था। घटना देर शाम की है। तिहाड़ की जेल नंबर तीन में प्रिंस तेवतिया को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है। चाकूबाजी की इस घटना में दो-तीन अन्य कैदी घायल हैं। गैंगवॉर की इस वारदात से तिहाड़ जेल की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। ध्यान रहे कि इस जेल में दिल्ली के दो पूर्व मंत्रियों समेत कई हाई प्रोफाल कैदी हैं। गैंगवॉर में मारे गए प्रिंस तेवतिया पर दर्जनभर से ज्यादा मामले दर्ज थे। जेल नंबर तीन में किसी बात पर बहस शुरू हुई और चाकूबाजी होने लगी। प्रिंस तेवतिया पर दनादन 7 से 8 बार चाकू मारा गया। जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में घायल अन्य कैदियों को डी.डी.यू. अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि तीन कैदी अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें एक की हालत नाजुक है। पुलिस ने बताया कि शाम 5.10 बजे तिहाड़ के जेल नंबर तीन में गैंगवॉर की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों से पूछताछ की और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

- **इस गैंग वॉर के दौरान तीन अन्य कैदी भी गम्भीर रूप से घायल हुये हैं।**
- **दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में ही बंद हैं। ऐसे में तिहाड़ में गैंग वॉर की घटना काफी चिंताजनक है।**

### भाजपा ने "डी.एम.के. फाइल्स...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अन्नामलाई ने कहा कि इस पार्टी के नेताओं के पास 1.34 लाख करोड़ रु. की अकूत दौलत है उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में चेन्नई के लिए एक कम्पनी को कांट्रैक्ट देने के एवज में खुद मुख्यमंत्री ने कथित रुप से 200 करोड़ रु. की रिश्वत ली थी।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि भुगतान शैल कम्पनियों के जरिए किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका में रिश्वत के मामले में कम्पनी की जांच की गई थी।" उनके अनुसार डी.एम.के. फाइल्स द्रमुक के बड़े लोगों जैसे एम.के. स्टालिन के बेटे और स्पोटर्स मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य मंत्रियों दुरै मुरुगन, ई.वी. वेलु, के. पोन्मुडी, वी. सेंथिल बालाजी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री एस. जगतरक्षकन के बारे में जानकारी दी गई है। द्रमुक ने इस पर जवाबी प्रहार किया और कहा कि अन्नामलाई द्वारा लगाए गए इन आरोपो पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। द्रमुक सांसद आर.एम. भारती ने इन आरोपो को "जोक" (चुटकुला) बताया और कहा पर यह जरा भी "फनी" नहीं था।

### कर्नाटक में एक और ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (के.पी.सी.सी.) अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार ने उन्हें पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल करते हुए कहा कि सवाडी भाजपा में अपमानित होने के बाद कांग्रेस में आए हैं।

डी.के. शिव कुमार ने मीडियाकर्मियों के कई प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि "इसमें कोई शर्त शामिल नहीं है। यदि उन्हें लगता है कि उन्हें अपमानित किया गया है तो ऐसे महान नेताओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल करना हमारा फ़र्ज है। ऐसे 9-10 निवर्तमान विधायक और हैं जो हमारी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन उन सब के समायोजन के लिए पार्टी में स्पेस नहीं है।"

अपनी पार्टी भाजपा में ही टिकट दिए जाने के उपयुक्त ना समझे गए इस सीनियर नेता ने कांग्रेस में औपचारिक रूप से शामिल होने से पहले, पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया के आवास पर शिव कुमार और कर्नाटक के प्रभारी ए.आई.सी.सी. महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ दो घंटे तक विचार-विमर्श किया। दिन की शुरुआत में वह एक एयरक्राफ्ट में बैठकर बेलगाम से बैंगलुरू आए। यह एयरक्राफ्ट शिव कुमार के नाम से बुक था। सूत्रो ने यह भी संकेत दिया कि स्थानीय भाजपा के शीर्ष नेताओं ने कोई भी कठोर कदम ना उठाने के लिए सवाडी से सम्पर्क किया, लेकिन बताया जाता है कि उन्होंने भाजपा नेताओं के फोन नहीं उठाए।

सवाडी ने कांग्रेस में शामिल होने से पूर्व अपने शक्ति प्रदर्शन के रूप में अर्थानी में एक महारैली का आयोजन किया। वे अर्थानी से ही भाजपा टिकट की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने घोषणा की है कि सवाडडी अर्थानी से ही उसके उम्मीदवार होंगे।

### 'मोदी को भ्रष्टाचार से बहुत घृणा नहीं...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

को नई सरकार क्यों नहीं बनाने दी, जबकि उन्होंने 87 सदस्यीय विधानसभा में 56 सदस्यों के बहुमत का दावा किया था। उन्होंने बताया कि नवम्बर 2018 में, उन्होंने (मलिक) विधानसभा भंग करना बेहतर समझा। एक अन्य बिन्दु पर उन्होंने कहा कि नैशनल कॉन्फ्रैंस सहित जिन पार्टियों के समर्थन का महबूबा मुफ्ती दावा कर रही थीं, वे पार्टियाँ उनसे (मलिक) विधानसभा भंग कर देने के लिये कह रही थीं क्योंकि उन्हें विधायकों की खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) का डर था। मलिक ने विस्तार सहित बताया कि जब वे जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे, उस समय किस तरह से भाजपा-आर.एस.एस. नेता राम माधव ने एक जल विद्युत योजना तथा रिलायंस इन्शोरैंस स्कीम की स्वीकृति के लिये उनसे सम्पर्क किया था। लेकिन उन्होंने यह कहते हुये इनकार कर दिया था कि "मैं गलत काम नहीं करूँगा।" राम माधव इस संबंध में अपनी तरफ से कोशिश करने तथा उनका विचार बदलवाने के उद्देश्य से प्रातः7 बजे उनके पास आये थे। मलिक नेक हा कि उस समय लोग तब उनसे कह रहे थे कि इन दोनों स्कीमों की मंजूरी देने के लिये, उन्हें 300 करोड़ रू. मिल सकते थे।

मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री को कश्मीर के बारे में "कोई जानकारी नहीं" है, और जो है वह "गलत" है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा समाप्त किया जाना गलत था तथा उसका "स्टेट हुड" तुरंत बहाल किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री "मस्त हैं अपने में"-जो हो सो होता रहे।"

मोदी के बारे में बोलते हुये, मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार से कतई चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अगस्त 2020 में गोवा के राज्यपाल पद से हटाकर, मेघालय भेज दिया गया था, क्योंकि भ्रष्टाचार के अनेक प्रकरणों की जानकारी उन्होंने प्रधानमंत्री को दी थी तथा सरकार ने उनसे निबटने के बजाय, उनकी उपेक्षा कर देना उचित समझा था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तथा इसके लिये वे प्रायः पी.एम.ओ. के नाम का उपयोग करते हैं। मलिक ने यह सब मोदी की जानकारी में ला दिया था, किन्तु ऐसा प्रतीत हुआ कि प्रधानमंत्री को इसकी परवाह ही नहीं है। इसी सिलसिले में उन्होंने कहा कि "मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूँ" कि प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से "बहुत नफरत नहीं है।"

मलिक ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनसे मिलने के लिये दी गई स्वीकृतियों का पुनरीक्षण पी.एम.ओ. द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि एक बार जब वे राज्यपाल थे, उन्हें राष्ट्रपति ने मिलने का समय दे दिया था, लेकिन अंतिम क्षणों में उनसे होने वाली मेरी भेंट (अपॉइन्टमैंट) रद्द कर दी गई, जबकि उस समय वे राष्ट्रपति भवन के रास्ते में ही थे।

पूर्व राज्यपाल ने प्रधानमंत्री पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा कि उन्होंने बी.बी.सी. प्रकरण में जो कुछ किया, वह एक "भयंकर गलती" थी तथा उनका निर्णय विदेशों में भारत की छवि को बहुत मंहगा पड़ेगा।

प्रधानमंत्री तथा अनेक मंत्रीगण मुस्लिमों के साथ जो व्यवहार कर रहे हैं, उस व्यवहार की जबरदस्त आलोचना करते हुये, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के धीर-गंभीर राजनेता मलिक ने प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों पर कड़े प्रहार किये।

मलिक ने साफ-साफ कहा कि अडानी घोटाले के कारण, प्रधानमंत्री की छवि को घोर नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जोरदार तरीके से उठाया गया यह मुद्दा गांवों तक पहुंच गया है तथा अगर विपक्ष ने भाजपा के खिलाफ अपना ही उम्मीदवार खड़ा किया तो यह मुद्दा अगले आम चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी को जबरदस्त नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने लोकसभा से राहुल गांधी को डिस्क्वालिफाई किये जाने पर भी प्रतिकूल टिप्पणी की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908